संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, सोमवार, 19 जून 2023 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 08 अंकः 166 पृष्ठः 12 RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com हरियाणा संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

GROUP Rakesh Bhardwaj Group



सिरसा में रैली के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का हरियाणा के सीएम मनोहर लाल खट्टर हल देकर अभिनंदन करते हुए।

# 'मनोहर ने दरबारी, दामाद और डीलर को खत्म किया'

## हरियाणा का धाकड़ जवान व खिलाड़ी तीनों देश की शान, मोदी राज में देश का गौरव दुनिया में बढ़ा, पुलवामा जैसे हमलों का जवाब सर्जिकल स्ट्राइक से दियाः शाह

**चुनावी बिगुल फूंका**

**● पहले सीएम सिर्फ रोहतक का होता था। रोहतक के अलावा किसी की चिंता नहीं करता था। लेकिन मनोहर पूरे हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं**

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**

**भारतीय** जनता पार्टी भाजपा ने हरियाणा के सिरसा में गौरवशाली भारत रैली आयोजित कर 2024 लोकसभा चुनाव का शंखनाद किया। इस रैली को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का गौरव दुनिया में बढ़ा है। पुलवामा जैसे हमलों का जवाब सर्जिकल स्ट्राइक से दिया वहीं मोदी सरकार की कल्याणकारी व सुरक्षा की नीतियों से देश की साख विदेशों में बढ़ी है। उन्होंने कहा आज बहुत सारे देश कुछ करने से पहले भारत के निर्णय की ओर देखते हैं। उन्होंने विपक्षी दल कांग्रेस के कार्य को



कोसते हुए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को मानी बाबा व राहुल गांधी को राहुल बाबा कहकर संबोधित किया। श्री शाह ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कार्यकाल का जिक्र करते हुए उन्हें ललकारा ओर कहा कि उनके शासन से कहीं बढ़कर मनोहर सरकार ने हरियाणा में काम किया है। सभा में त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं हरियाणा भाजपा प्रभारी विप्लब देव, केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज,भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़,पूर्व गृह राज्य मंत्री गोपाल कांडा,दिल्ली के वरिष्ठद भाजपा नेता मजिंद्र सिंह सिरसा, सासंद सुनीता दुग्गल,वरिष्ठ भाजपा नेता गोबिंद कांडा प्रदेश मंत्री भाजपा सुरेंद्र आर्य सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेता भी उपस्थित रहे।

**' हरियाणा का जवान, किसान और खिलाड़ी ये तीनों देश की शान'**

उन्होंने पिछली सरकार के कार्यकाल पर तंज कसते हुए कहा कि राज्य में कांग्रेस की सरकार थ्री-डी की सरकार थी। थ्री-डी यानी दरबारी, दामाद और डीलर। मनोहर लाल ने इन तीनों डी को समाप्त कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि 9 साल पहले का भारत याद करिए,12 लाख करोड़ के घपले, घोटाले, भ्रष्टाचार कांग्रेस पार्टी ने किये थे।

अमित शाह ने कहा कि पहले मुख्यमंत्री सिर्फ रोहतक का होता था। रोहतक के अलावा किसी की चिंता नहीं करता था। लेकिन मनोहर लाल पूरे हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद केंद्र सरकार की सभी योजनाओं को श्री मनोहर लाल ने जमीनी स्तर तक पहुंचाया और पूरे हरियाणा का विकास करने का काम किया।

## पंजाब की कानून-व्यवस्था बद से बदतरः शाह

**टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा देशभर में कार्यक्रम कर रही है। इसी कार्यक्रम के तहत गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पंजाब के गुरदासपुर में रैली की। शाह ने कहा- आम आदमी पार्टी जैसी खोखले वादे करने वाली सरकार हमने नहीं देखी। यहां के सीएम भगवंत मान हैं, लेकिन वो तो यहां रहते ही नहीं। वो कभी दिल्ली, कभी कोलकाता, कभी चेन्नई तो कभी महाराष्ट्र पहुंच जाते हैं। दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल कही भी जाते हैं, भगवंत मान प्लेन लेकर पहुंच जाते हैं। समझ में ही नहीं आता कि वे मुख्यमंत्री हैं या पायलट। आज तक पंजाब की एक भी महिला के खाते में एक रुपया भी नहीं आया। लेकिन करोड़ों रुपए खर्च कर देश के अखबारों के फ्रंट पेज पर आम आदमी पार्टी की सरकार का विज्ञापन चलता रहता है।

## कूच बिहार में भाजपा कैंडिडेट के रिश्तेदार की हत्या



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**

**पश्चिम** बंगाल में 8 जुलाई को पंचायत चुनाव होने वाले हैं। 15 जून तक सभी उम्मीदवारों ने अपना नॉमिनेशन फाइल किया। इस दौरान हिंसा और हत्या की कई घटनाएं सामने आई हैं। रविवार को कूच बिहार के साहेबगंज में भाजपा कैंडिडेट के रिश्तेदार की हत्या कर दी गई। मृतक का नाम शंभूदास बताया जा रहा है कि जो कि भाजपा की ओर से महिला कैंडिडेट विशाखा दास किस्मत के देवर थे। किस्मत बंगाल पंचायत चुनाव में कूचबिहार जिले के साहेबगंज ब्लॉक के दासग्राम से उम्मीदवार हैं। भाजपा ने इस हत्या के पीछे टीएमसी को जिम्मेदार बताया है कूच बिहार के साहेबगंज में 17 जून को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक के काफिले पर भी हमला हुआ था।

## बाजार में लगातार कम हो रही नकदी



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**आरबीआई** द्वारा 2000 रुपए के नोट वापस लेने के ऐलान के बाद बाजार में लगातार नकदी कम हो रही है। आरबीआई के अनुसार 2 जून तक लोगों के पास नकदी कुल नकदी 83,242 करोड़ रुपए घटकर 32.88 लाख करोड़ रुपए रह गई है। 2 जून को खत्म पखवाड़े में बैंक डिपॉजिट की राशि 3.26 लाख करोड़ रुपए बढ़कर 187.02 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गई। रिजर्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 19 मई, 2023 को खत्म पिछले पखवाड़े में बैंक डिपॉजिट की राशि 59,623 करोड़ रुपए घटकर 183.74 लाख करोड़ रुपए रह गई थी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने 8 जून को बताया था कि 1.8 लाख करोड़ रुपए के मूल्य के 2,000 रुपए के नोट सिस्टम में वापस आ गए हैं।



लखनऊ में सांसद व रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विकास कार्यों को लेकर बैठक करते हुए।

## मणिपुर में लोगों ने घरों पर लिखा-ये मुसलमानों का एरिया



**टीम एक्शन इंडिया/इंफाल**

**मणिपुर** में मैतेई-कुकी हिंसा के बीच मुस्लिम मैतेई समुदाय (पांगल) के लोगों ने अपने घरों के बाहर खुद के मुसलमान होने के बारे में लिखा हुआ है। कुकी हमलावर उन्हें मैतेई हिंदू न समझ लें इसलिए वे ऐसा कर रहे हैं। मणिपुर की 32 लाख की आबादी में पांगल मुस्लिम लगभग ढाई लाख हैं। बिष्णुपुर के क्वात्ता गांव के अली बताते हैं कि हमें अपनी जान की फिक्र है। राज्य में 46 दिन से हिंसा जारी है। शुक्रवार रात सेना, असम राइफल्स, रैपिड एक्शन फोर्स और राज्य पुलिस ने आधी रात तक फ्लैग मार्च किया। वहीं, कांग्रेस, एनसीपी और उद्धव गुट की शिवसेना ने मणिपुर हिंसा को लेकर पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं।

## बिपरजॉयः 'कच्छ के लोगों ने अभूतपूर्व हिम्मत दिखाई'



**मन की बात**

**● 25 जून को भुला नहीं सकते, इसी दिन हम पर इमरजेंसी थोपी गई थी, संविधान को सर्वोपरि मानते हैं: मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**मन की बात** एपिसोड में उन्होंने योग दिवस, इमरजेंसी, स्पोर्ट्स, 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने के अभियान और प्रकृति संरक्षण को लेकर बात की। इसके अलावा उन्होंने बिपरजॉय तूफान के दौरान कच्छ के लोगों की हिम्मत की भी तारीफ की। उन्होंने कहा कि बिपरजॉय ने कच्छ में कितना कुछ तहस-नहस किया, लेकिन जिस हिम्मत और तैयारी के साथ कच्छ के लोगों ने इतने खतरनाक चक्रवात का मुकाबला किया, वह अभूतपूर्व है।

**भारत ने आपदा प्रबंधन में ताकत विकसित की हैः** पीएम ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं पर किसी का जोर नहीं होता, लेकिन पिछले कुछ सालों में भारत ने आपदा प्रबंधन की जो ताकत विकसित की है, वो आज एक उदाहरण बन रही है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं से मुकाबला करने का एक बड़ा तरीका है प्रकृति का संरक्षण। उन्होंने कहा कि मानसून के समय में हमारी जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। ये नदी, नहर, सरोवर, ये केवल जल-स्त्रोत ही नहीं होते हैं, बल्कि इनसे, जीवन के रंग और भावनाएं भी जुड़ी होती हैं। इसीलिए आज देश कैच द रेन जैसे अभियानों के जरिए सामूहिक प्रयास कर रहा है। पीएम मोदी ने इमरजेंसी का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। हम, अपने लोकतांत्रिक आदर्शों को सर्वोपरि मानते हैं, अपने संविधान को सर्वोपरि मानते हैं, इसलिए, हम 25 जून को भी कभी भुला नहीं सकते। यह वही दिन है जब हमारे देश पर इमरजेंसी थोपी गई थी।

## आदिपुरुष के विवादित डायलॉग्स बदलेंगे



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**प्रभास** और कृति सेनन स्टारर फिल्म आदिपुरुष के विवादित डायलॉग्स बदले जाएंगे। फिल्म के राइटर मनोज मुंतशिर ने रविवार को ट्वीट कर जानकारी दी। फिल्म 16 जून को रिलीज हुई थी। पहले दिन 140 करोड़ का रिकॉर्ड कलेक्शन किया था, लेकिन इसका विरोध भी हो रहा है। मुंतशिर ने कहा, '3 घंटे की फिल्म मे मैंने 3 मिनट कुछ लोगों की कल्पना से अलग लिख दिया होगा, लेकिन मुझे सनातन विरोधी क्यों कहा जा रहा है। मैंने भगवान श्री राम के लिए जय श्री राम, शिवोहम, राम सिया राम पर भी लिखा है, लेकिन इन डायलॉग्स पर किसी ने ध्यान नहीं दिया।'

## गोरखपुर स्थित गीता प्रेस को मिलेगा 2021 का गांधी शांति पुरस्कार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**वर्ष** 2021 का गांधी शांति पुरस्कार गीता प्रेस, गोरखपुर को प्रदान किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली जूरी ने रविवार को विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से इस संबंध में निर्णय लिया। केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के अनुसार अहिंसक और अन्य गांधीवादी तरीकों के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में उत्कृष्ट योगदान के लिए गीता प्रेस, गोरखपुर को वर्ष 2021 के गांधी शांति पुरस्कार के लिए चुना गया है। पुरस्कार मानवता के सामूहिक उत्थान में योगदान देने के लिए गीता प्रेस के महत्वपूर्ण और अद्वितीय योगदान को मान्यता देता है। यही सच्चे अर्थों में गांधीवादी जीवन का प्रतीक है।

## जेईई एडवांस्ड परीक्षा का रिजल्ट जारी




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**भारतीय** प्रौद्योगिकी संस्थान ने रविवार को JEE एडवांस्ड 2023 के नतीजे जारी कर दिए। हैदराबाद जोन के वविला चिदविलास रेड्डी ने 360 में से 341 अंकों के साथ टॉप किया है। इसी तरह लड़कियों में हैदराबाद आईटी की नयनकांति नागा भव्य श्री सबसे आगे रहीं। उन्हें 360 में से 298 अंक प्राप्त हुए। इस साल खएए एडवांस्ड की परीक्षा में 1 लाख 83 हजार 72 स्टूडेंट्स में से 43 हजार 773 ने क्वालिफाई किया। इसमें 36,204 लड़के और 7,509 लड़कियां शामिल हैं।

**13 विदेशी छात्र भी सफलः** जेईई एडवांस्ड 2023 परीक्षा के लिए 125 विदेशी उम्मीदवारों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। इनमें से 108 उपस्थित हुए और 13 ने परीक्षा पास की है।

**360 अंकों के लिए आयोजित की गई एग्जामः** आईआईटी गुवाहाटी ने यह एग्जाम टोटल 360 अंकों के लिए आयोजित की थी। इसके अंतर्गत फिजिक्स, केमेस्ट्री और मैथ्स के लिए 120 अंक (पेपर 1 में 60, पेपर 2 में 60) कॉमन रैंक लिस्ट के लिए, एक उम्मीदवार को हर सब्जेक्ट में कुल नंबर्स का कम से कम 6.83 % और कुल अंकों का 23.89 % स्कोर करना होता है इस परीक्षा में पर्सनल जेईई एडवांस्ड रैंक कार्ड उम्मीदवारों को नहीं भेजे जाएंगे।

## यूपी-बिहार में हीटवेव, 3 दिन में 98 की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**उत्तर प्रदेश** और बिहार में पिछले 3 दिनों में जारी हीटवेव से 98 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें यूपी के 54 और बिहार के 44 लोग शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 15, 16 और 17 जून को बुखार और सांस लेने में तकलीफ की वजह से 400 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें अधिकतर की उम्र 60 साल से



ज्यादा है। बिहार के 11 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। यहां तापमान 44 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है। इसके अलावा नॉर्थ-ईस्ट के राज्य अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम में भी बारिश हो रही है। असम में ब्रह्मपुत्र नदी उफान पर है। 13 जिलों में बाढ़ से 38 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। इसके अलावा सिक्किम के तीन जिलों में बारिश हुई है। चुंगथांग में शुक्रवार को लैंडस्लाइड की वजह से नेशनल हाईवे बह गया, जिसके बाद यहां 3500 पर्यटक फंस गए।

## न्यूयॉर्क में योग दिवस कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे पीएम मोदी

**टीम एक्शन इंडिया/न्यूयॉर्क**


**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 21 से 24 जून तक अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। वे 21 जून को न्यूयॉर्क पहुंचेंगे, जहां वे योग दिवस के मौके पर होने वाले कार्यक्रम में शामिल होंगे।

21 जून को न्यूयॉर्क स्थित यूएन हेडक्वार्टर में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का नेतृत्व पीएम मोदी करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, योग दिवस पर होने वाले इस कार्यक्रम में 180 से ज्यादा देशों के लोग शामिल होंगे।

## बृजभूषण के खिलाफ धरने की परमिशन मैंने नहीं दिलाईः बबीता

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

**भारतीय** कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरने में मदद करने का विवाद थम नहीं रहा है। धरने की परमिशन दिलाने के साक्षी मलिक के दावे को बबीता फोगाट ने रविवार को गलत करार दिया। दरअसल, साक्षी ने कहा था, 'उन्हें धरना देने के लिए कांग्रेस एमपी दीपेंद्र हुड्डा नहीं, बल्कि भाजपा नेता बबीता फोगाट और तीर्थ राणा ने मोटिवेट किया था। धरने की परमिशन भी उन्होंने दिलाई।' इस दौरान साक्षी ने लेटर भी दिखाया



था।

**बबीता ने कहा- वीडियो देखकर हंसी आईः** रविवार सुबह 9.20 बजे बबीता ने कहा, 'मुझे कल बड़ा दुख भी हुआ और हंसी भी आई। जब मैं अपनी छोटी बहन (साक्षी मलिक) और उनके पतिदेव (सत्यव्रत कादियान) का वीडियो देख रही थी। सबसे पहले तो मैं ये स्पष्ट कर दूं की जो अनुमति का कागज छोटी बहन दिखा रही थी, उस पर कहीं भी मेरे हस्ताक्षर या मेरी सहमति का कोई प्रमाण नहीं है और न ही दूर-दूर तक इससे मेरा कोई लेना देना है।' 'देश की जनता समझ चुकी है कि आप कांग्रेस के हाथ की कठपुतली बन चुकी हो।

अब समय आ गया है कि आपको आपकी वास्तविक मंशा बता देनी चाहिए क्योंकि अब जनता आपसे सवाल पूछ रही है।' उन्होंने कहा, 'एक महिला खिलाड़ी होने के नाते मैं सदैव देश के सभी खिलाड़ियों के साथ थी, साथ हूं और सदैव साथ रहूंगी, परंतु मैं धरने -प्रदर्शन के शुरूआत से इस चीज के पक्ष मैं नहीं थीं।

**रूख साफ किया**

**● 'एक महिला खिलाड़ी होने के नाते मैं सदैव देश के सभी खिलाड़ियों के साथ थी, साथ हूं और सदैव साथ रहूंगी**

**केंद्र ने किया आगाह**

### इंडियन कम्प्यूटर इमरजेंसी रेस्पॉन्स टीम ने आगाह किया; केंद्र ने एडवाइजरी जारी की

# खतरनाक ऐपः 42 करोड़ फोन में स्पाइवेयर, 105 ऐप के जरिए फैला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**हम अ**कसर गूगल प्ले स्टोर से कई तरह के ऐप डाउनलोड करते रहते हैं। ऐसा करना कितना खतरनाक हो सकता है, इसका अंदाजा आपको इस खबर को पढ़कर हो जाएगा। इंडियन कम्प्यूटर इमरजेंसी रेस्पॉन्स टीम (सर्ट-इन) ने एक ऐसे स्पाइवेयर को खोज निकाला है, जो न सिर्फ फोन में मौजूद ईमेल आदि से जानकारियां चुराता है, बल्कि फोन के कैमरे का इस्तेमाल कर रिकॉर्डिंग भी करता है। जहां घर में फोन रखा हो, उसके आसपास होने वाली बातें सुनता है। यह स्पाइवेयर देश के 42 करोड़ एंड्रॉयड फोन में पहुंच चुका है। इसका नाम है स्पिन ओके, जो गूगल प्ले स्टोर में मौजूद 105 ऐप के जरिए फोन तक पहुंचा है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने सभी मंत्रालयों के स्टाफ को अपने मोबाइल फोन से संदिग्ध ऐप हटाने के निर्देश दिए हैं, ताकि राष्ट्रीय हित से जुड़ी गोपनीय सूचनाएं लीक न हों।

**डिलीट किया गया कंटेंट भी खुद ही हासिल कर लेता हैः** बैंक बिंगो स्लॉट, जैकपॉट किंग, लक्की जैकपॉट, बबल कनेक्ट, पिक प्रो, इंस्टाकैश, गोल्ड माइनर कॉइन्स, मैच फन 3डी, स्टेप काउंटरः कीप फिट, टीटी ट्यूब




शार्ट वीडियो, कॉइन वाइब, कैसीनो रॉयल, लकी वर्ल्ड कप, ओह कैश, कैंडी गैस, मेम गुरू, पिक्स मेनिया जैसे कुल 105 ऐप संदिग्ध हैं।

आईटी मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, स्पिन ओके बेहद खतरनाक है। यह बहुत कम समय में ही 42 करोड़ फोन तक पहुंचा है। यह ऐप के जरिए फोन में आता है और फिर जावा स्क्रिप्ट कोड के जरिए धीरे-धीरे कैपेसिटी बढ़ाता है। फोन में मौजूद डेटा की कॉपी कर उसे अज्ञात रिमोट सर्वर रूम तक पहुंचाता है। इतना ही नहीं, यह फोन से डिलीट कर दी गई फाइलों को भी हासिल कर लेता है। यह फोन में मौजूद फाइलों में बदलाव भी कर सकता है। फोन के कैमरे का अपने आप ही इस्तेमाल करता है।

**कैसे पता करें कि फोन में स्पाइवेयर है या नहीं ?:** अलग-अलग विशेषज्ञों ने इस स्पाइवेयर से बचने के कुछ तरीके सुझाए हैं।

कई बार हम महसूस करते हैं कि फोन में बार-बार विज्ञापन बिना किसी वजह के खुल जाते हैं। ऐसे में पूरी आशंका है कि आपके फोन में स्पाइवेयर हो सकता है। इसलिए पिछले कुछ महीनों में डाउनलोड किए गए ऐप को अनइंस्टॉल करना ही बेहतर होगा।

**संदिग्ध ऐप**

**● कई बार हम महसूस करते हैं कि फोन में बार-बार विज्ञापन बिना किसी वजह के खुल जाते हैं**

## संघ ने की मणिपुर में शांति की अपील

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ ने मणिपुर में जारी हिंसा के बीच शांति की अपील की है। संघ ने विस्थापितों और मणिपुर हिंसा के पीड़ितों के साथ एकजुटता दिखाते हुए विश्वास के अभाव को दूर करने के प्रयास और बातचीत के जरिए समाधान खोजने की अपील की है। संघ ने नागरिक समाज, राजनीतिक समूहों और आम लोगों से सुरक्षा एवं स्थायी शांति के लिए आगे आने की अपील की है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने एक संदेश में कहा कि संघ सभी से अपील करता है कि वे एक दूसरे के बीच विश्वास की कमी को दूर करें जो वर्तमान संकट का कारण हैं। इसके लिए दोनों समुदायों के व्यापक प्रयासों की आवश्यकता है। इसका समाधान मैतेई लोगों के बीच असुरक्षा एवं लाचारी की भावना और कुकी समुदाय की वास्तविक चिंताओं को एक साथ संबोधित करके किया जा सकता है। पूरे घटनाक्रम को दुखद बताते हुए होसबाले ने कहा कि संघ का यह सुविचारित मत है कि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में हिंसा और घृणा के लिए कोई स्थान नहीं है।

किसी भी समस्या का समाधान आपसी संवाद और शांतिपूर्ण वातावरण में भाईचारे की अभिव्यक्ति से ही संभव है। संघ ने नागरिक समाज, राजनीतिक समूहों और आम लोगों से सुरक्षा और स्थायी शांति के लिए आगे आने की अपील की है।

# विज के आवास पर हजारों की संख्या में उमड़े फरियादी

## गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि उनके घर में इतनी गर्मी में प्रदेशभर से लोग अब इकट्ठा हो रहे हैं जहां उनकी शिकायतें सुन उनके द्वारा कार्रवाई की जा रही है

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** **हरियाणा के** गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से फरियादियों का तांता लग गया। लोगों की बढ़ती संख्या देख गृह मंत्री अनिल विज भीषण गर्मी के बावजूद लोगों के बीच उनकी समस्याएं सुनने के लिए उतर गए। विज ने लाइनों में लगे लोगों की शिकायतें सुनते-सुनते अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए, वहीं शिकायतों पर कई जिलों के एसपी को फोन भी लगाए। वहीं, पत्रकारों से बातचीत के दौरान गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि उनके घर में इतनी गर्मी में प्रदेशभर से लोग अब इकट्ठा हो रहे हैं जहां उनकी शिकायतें सुन उनके द्वारा कार्रवाई की जा रही है। लोगों की कतारें लग रही है और इससे बेहतर यही है कि हर शनिवार को वह पूर्व की तरह जनता कैंप लगाए। उन्होंने कहा कि अब अगले शनिवार से अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में पूर्व की तरह जनता कैंप लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना जाएगा।
हत्या के दो मामलों में एसआईटी गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए मंत्री अनिल विज ने





रोहतक निवासी महिला ने गृह मंत्री अनिल विज को शिकायत देते हुए आरोप लगाए कि उसके बेटे की हत्या के मामले में पुलिस द्वारा अब तक ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उसका आरोप था कि पुलिस जांच में ढिलाई बरत रही है। इसपर मंत्री विज ने डीएसपी के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर मामले की जांच के निर्देश दिए। वहीं, रोहतक निवासी परिवार ने उनके परिवार में हुई युवक की हत्या के मामले में भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने की शिकायत दी। उनका आरोप था कि मामले में अब तक सभी आरोपी पकड़े नहीं जा सके हैं। मंत्री विज ने इस मामले में आईजी रोहतक को एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए। इसी तरह, चरखी दादरी से आई महिला ने उससे मारपीट के मामले में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत दी जिसपर मंत्री विज ने मामले की पुनः जांच के निर्देश दिए। गुरुग्राम से आई महिला ने बताया कि पुलिस द्वारा उसे एक मामले में नजायज तौर पर प्रताड़ित किया जा रहा है। इसपर मंत्री विज ने पुलिस कमिश्नर को कार्रवाई के निर्देश दिए। कुरुक्षेत्र में जमीन पर कब्जे के मामले में उन्होंने एसपी कुरुक्षेत्र को कार्रवाई के निर्देश दिए। सोनीपत निवासी महिला द्वारा पति की हत्या मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने, कुरुक्षेत्र निवासी व्यक्ति ने उसके प्लाट पर कब्जा होने, फरीदाबाद निवासी महिला ने उसकी बेटी के साथ छेड़छाड़ की घटना होने एवं कई अन्य शिकायतें आई जिनपर संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

**स्टाफ अच्छे वातावरण में काम करें इसलिए थाने व चौकियों के नए भवन बनेंगे : गृह मंत्री**

वहीं, पत्रकारों द्वारा हरियाणा में किराए के भवन में चल रहे थाने व चौकियों के स्थान पर नए भवन बनाए जाने के प्रश्न पर मंत्री विज ने कहा कि उन्होंने विभाग को निर्देश दिए हैं और इसकी कार्रवाई शुरू हो गई है। जितने थाने और चौकियां किराए के भवन पर है उनके स्थान पर नई भूमि लेकर वहां नए थाने व चौकियों के भवन बनाए जाएंगे ताकि अच्छे वातावरण में बैठकर स्टाफ काम कर सके। कर्नाटक सरकार के धर्मांतरण कानून को वापस लेने पर मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह खतरनाक है कि लोगों के लिए जो कानून बनाया जाता है उसके साथ खिलवाड़ किया जाए। उन्होंने कहा कर्नाटक सरकार यह गलत कर रही है। वहीं कांग्रेस नेता हुड्डा के बयान की रैलियां करना विपक्ष का काम है पर पलटवार करते हुए गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह बुद्धि हुड्डा साहब को तब क्यों नहीं आई जब यह मुख्यमंत्री थे। वह तब भी रथ यात्रा निकाल रहे थे, तब इनको बुद्धि नहीं आई। यह लोग अपनी बातें भूल जाते हैं, इनके पास बताने को कुछ नहीं था, मगर हमारे पास बताने के लिए काफी कुछ है।

# चोरी करने के आरोपियों को भेजा जेल, सामान बरामद

**आरोपियों से चोरी किया सामान बरामद करने के लिए आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया**




**टीम एक्शन इण्डिया कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
जिला पुलिस द्वारा घर में घुसकर चोरी करने के दोनो आरोपियों को माननीय अदालत में पेश करके कारागार भेज दिया है। गौरतलब है कि अपराध अन्वेषण शाखा-2 की टीम ने घर में घुसकर चोरी करने के आरोपी सूरजभान पुत्र ईन्द्रजीत व मुकेश उर्फ नोखा पुत्र ईन्द्रजीत वासीयान नानकपुरी बस्ती खुराना रोड कैथल को गिरफ्तार किया था। आरोपियों से चोरी किया सामान बरामद करने के लिए आरोपियों को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया था। रिमांड अवधि के दौरान आरोपियों से चोरी किया गया करीब 10 लाख रुपए कीमत का सामान बरामद करने में सफलता हासिल की है।दिनांक 16 जून 2023 को अपराध अन्वेषण शाखा-2 प्रभारी प्रतीक कुमार के मार्ग-निर्देश में मुख्य सिपाही राम कुमार की टीम ने घर में घुसकर चोरी करने के आरोपी सूरजभान पुत्र ईन्द्रजीत व मुकेश उर्फ नोखा पुत्र ईन्द्रजीत वासीयान नानकपुरी बस्ती खुराना रोड कैथल को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपियों को अदालत में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया गया था।

# समाज विकास में शैक्षिक विकास पर मंथन

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। सैनी** सभा (रजि.) की ओर से रविवार सैनी धर्मशाला में समाज विकास में शैक्षिक विकास मंथन कार्यक्रम हुआ। इसकी अध्यक्षता सभा के प्रधान बिशन कुमार सैनी ने की। समाज के लोगों ने लिखित व मौखित विचार सां-ा किए। इस दौरान शिक्षण संस्थान में आधुनिकीकरण करने पर सहमति बनी। इसके लिए कमेटी भी गठित होगी और स्कूल के लुक व स्टाफ गतिविधियों में भी बदलाव किया जाएगा। इस कार्यक्रम से पहले नीट परीक्षा में बेहतर अंक हासिल करने वाले छह विद्यार्थी और स्कूल में 10वीं व 12वीं कक्षा में प्रदेश स्तरीय मेरिट हासिल करने वाले सात विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी मुख्य अतिथि रही।
इस अवसर पर चेयरपर्सन ने कहा कि अगर युवा पीढ़ी को शिक्षा में अग्रसर किया जाए तो हर समाज आगे बढ़ सकता है।

# देवीनगर में निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप आयोजित





**टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार)** पं. केदारनाथ शर्मा चेरिटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट की तरफ से इस बार निशुल्क मेडिकल स्वास्थ्य चेकअप कैंप धनधन बाबा दीप सिंह जी गुरुद्वारा इच्छापुरक धाम देवीनगर में लगाया गया। कैंप में ब्लड शूगर, यूरिक एसिड टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल टैस्ट, एच.बी. टेस्ट निशुल्क किए गए साथ ही आयुष्मान कार्ड, परिवार पहचान पत्र भी मौके पर ही बनाए गए। कैंप में संजीवनी अस्पताल से नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. ओ.पी. आर्या ने 138 लोगों की आंखें जांचीं जिनमें से 23 लोगों की आंखों में मोतियाबिंद पाया गया, उनके लैंस संजीवनी आईज मैडीकेयर सैंटर से मशीन द्वारा बिल्कुल मुफ्त डलवाए जाएंगे। मेहंदीरत्ता इंडस अस्पताल से हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. मोहित गुप्ता ने 36 लोगों की हड्डियों से संबंधित बीमारियों जो जांचा व उन्हें परामर्श दिया। वहीं, सामान्य रोग विशेषज्ञ डा. अजय गुप्ता ने 84 लोगों का स्वास्थ्य जांचा। वहीं कैंप की मोबाइल वैन में 90 लोगों ने अपने रक्त की भी जांच करवाई जिन्हें उनकी रिपोर्ट जल्द सौंप दी जाएगी। कैंप में 26 लोगों ने अपने आयुष्मान कार्ड व 5 लोगों ने अपने परिवार पहचान पत्र भी मौके पर ही बनवाए। गौरतलब है कि पं. केदारनाथ शर्मा चैरीटेबल अस्पताल एवं ट्रस्ट शहरा व गांव में लगातार निःशुल्क चिकित्सा एवं जांच कैम्पों का आयोजन करता आ रहा है। अंत में इलाके के लोगों ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पं. विनोद शर्मा एवं अम्बाला की मेयर शक्तिरानी शर्मा का उनके क्षेत्र में फिर से निशुल्क कैंप लगाने के लिए तहेदिल से धन्यवाद किया।

# रेहड़ी-फड़ी लगाने के लिए जगह की मांग को लेकर धरना जारी



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)** रेहड़ी फड़ी मार्किट एसोसियशन रजि. 00697 द्वारा अम्बाला शहर बस स्टैंड के सामने रेहड़ी फड़ी के लिए जगह की मांग को लेकर धरना दिया। उक्ळ्व के बैनर के नीचे हुए धरना प्रदर्शन में जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक चौधरी विशेष तौर पर उपस्थित हुए व यूनियन को समर्थन दिया। बता दें कि पिछ्ले माह 8 मई को स्थानिय प्रशासन ने बगैर कोई नोटिस दिये रेहड़ी फड़ी संचालकों को उनके स्थान से हटा दिया था। रेहडी फड़ी एसोसिएशन के प्रधान रामदास ने जननायक जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता विवेक चौधरी का धन्यवाद किया। इस मौके विवेक चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि रेहडी फड़ी संचालक डेड महीने से प्रशासन के दरवाजे खटखटा रहे हैं। इसके इलावा निगम मेयर से मिले निगम कमीश्नर को भी अपनी समस्या बताई। स्थानिय विधायक को गुहार लगाई व प्रदेश के गृहमन्त्री अनिल विज को अपनी समस्या सुनाई। अनिल विज ने रेहड़ी फड़ी लगाने के आदेश भी दिए लेकिन अंबाला के प्रशासन ने गृहमंत्री अनिल विज की बात को अनसुना कर दिया। चौधरी ने कहा कि पिछले दिनों रेहडी फड़ी संचालक मुझ से मिले थे। इसलिए मैने इनकी समस्या निगम की बैठक में भी रखी और माननीय उपमुख्य मन्त्री के माध्यम से माननीय मुख्य मंत्री के पास भी पहुंचाने का काम करेंगें। इस दौरान यूनियन के प्रधान राम दास ने सभी अंबाला वासियों,पार्षदों,मेयर व राजनीतिक पार्टियों से उनके समर्थन में उतरने की अपील की और कहा अंबाला का प्रशासन उनके साथ धक्काशाही कर रहा है। इसलिए उनकी मदद की जाए। उनका धरना जारी रहेगा जब तक उन्हें रेहड़ी फड़ी लगाने के लिए जगह प्रशासन नही देता तो हम अपनी अगली रणनीति का जल्द एलान करेंगे।
इस धरना प्रदर्शन में पिंका भाटिया भी रेहड़ी फड़ी मार्किट एसोसियशन के समर्थन में उतरे और धरने पर बैठे। धरने में प्रधान रामदास, महासचिव भूपिन्द्र कुमार, राजिन्द्र कुमार, लक्की सैनी, तजिन्द्र सिंह छोटा, कुनाल सिंगला, विनोद गौतम, मंगल, संजय, रोमी, संजय, यशपाल शर्मा, कुलदीप बंटी, अमित कालू, कान्ता रानी, माया देवी, सविता व अन्य कई रेहड़ी फड़ी संचालकों ने भाग लिया।

# स्वयंसेवकों ने नृत्य, गायन एवं वादन से दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में चल रहे राष्ट्रीय एकता शिविर के चौथे दिन की शुरूआत योगाभ्यास से की गई। जिसमें राष्ट्रीय अध्यापक पुरस्कार से पुरस्कृत डॉ. ओमप्रकाश तथा विद्यालय शिक्षा निदेशालय की ओर से योग प्रशिक्षक ऋतु धींगड़ा ने स्वयंसेवकों को भारतीय सनातन संस्कृति की प्राचीन विधा योग से परिचय करवाया। इस दौरान उन्होंने स्वयंसेवकों के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास में योग की महत्वता पर प्रकाश डाला। कुरुक्षेत्र दर्शनीय स्थल भ्रमण कार्यक्रम के अंतर्गत आज स्वयंसेवकों को धरोहर हरियाणा संग्रहालय ले जाया गया। धरोहर में उपलब्ध प्राचीन विरासत की वस्तुओं को देखकर स्वयंसेवकों ने भी पुरानी वस्तुओं को संरक्षित करने की प्रेरणा ली और सभी ने धरोहर की भूरी-भूरी प्रशंसा की। दोपहर बाद के सत्र में आज मुख्य अतिथि के रूप में नई दिल्ली से पधारे श्री देशराज जी, युवा अधिकारी खेल एवं युवा मामले मंत्रालय भारत सरकार उपस्थित रहे जिनका साथ डॉ. आनंद कुमार एनएसएस कॉर्डिनेटर, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र ने दिया। दोनों अतिथियों का शिविर में पहुँचने पर डॉ. गिरधारी लाल तथा अन्य कार्यक्रम अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस सत्र में विभिन्न राज्यों के दलों ने अपनी-अपनी लोक संस्कृति को गायन, वादन एवं नृत्य के माध्यम से मुख्य अतिथियों के सम्मुख प्रस्तुत किया और उन्हें अपनी प्रतिभा से मंत्रमुग्ध कर दिया। स्वयंसेवकों को सम्बोधन के दौरान देशराज जी ने अपने वक्तव्य में विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, स्वाध्याय एवं पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त उन्होंने समाज को जागरूक करने में विद्यार्थियों की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी अवगत करवाया। डॉ. आनंद कुमार जी ने भी अपने व्याख्यान के दौरान स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्यों और उद्देश्यों के बारे में अवगत कराया।

# शाह की रैली को लेकर जयहिन्द को किया गया हॉउस अरेस्ट

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
जैसा कि आप सभी जानते है कि दो दिन पहले नवीन जयहिन्द ने भाजपा सांसद रामचंद्र पर देवी-देवताओं का अपमान करने को लेकर रोहतक के आर्यनगर थाने में एफआईआर करने की अप्लीकेशन जमा करवाई थी। साथ ही जयहिन्द ने कहा था कि देश के गृहमंत्री अमित शाह सिरसा रैली करने आ रहे है, तो हम वहां जाएंगे और उनसे पांच सवालों के जवाब मांगेंगे। जिसके बाद 17 जून की रात से ही सीआईए स्टॉफ ने जयहिन्द पर नजर रखना शुरू कर दिया और 18 जून रविवार रैली वाले दिन सैकड़ो पुलिसकर्मी व सीआईए स्टॉफ सुबह 5 बजे जयहिन्द के बाग में पहुंचे और बाग को छावनी बना दिया व उन्हें बाग में ही हॉउस अरेस्ट कर लिया। पुलिस अधिकारियो ने पूछने पर बताया कि हमे जयहिन्द को हॉउस अरेस्ट करने के लिए ऊपर से आदेश मिले हैं और जब तक दोबारा से ऊपर से आदेश नही आ जाते तब तक जयहिन्द हाउस अरेस्ट ही रहेंगे।

# वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग का संदेश देगा योग दिवस

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि भारत सरकार की तरफ से आजादी के अमृत महोत्सव को समर्पित 9वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को पूरी भव्यता के साथ मनाया जाएगा। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर पुरुषोत्तमपुरा बाग में एक साथ सैकड़ों लोग योग करेंगे और पूरी दुनिया को वसुधैव कुटुम्बकम के लिए योग का संदेश देंगे। इस योग दिवस की फाइनल रिहर्सल 19 जून को सुबह 7 बजे



से लेकर 8 बजे तक की जाएगी। इससे पहले सुबह 5.30 बजे द्रोणाचार्य स्टेडियम से लेकर ब्रह्मसरोवर वीवीआईपी द्वार तक योग मैराथन का आयोजन किया जाएगा। योग दिवस 21 जून के जिला स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि 21 जून को ब्रह्मसरोवर आईकॉनिक साइट के जिला स्तरीय योग कार्यक्रम में हरियाणा के विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता मुख्य अतिथि होंगे। इसके साथ-साथ कई गणमान्य व्यक्ति भी इस योग दिवस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। इस योग दिवस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के साथ-साथ पतंजलि योग समिति, भारतीय योग संस्थान, हार्टफुलनेस संस्थान, योग भारती संस्थान, आर्ट ऑफ लिविंग, क्रीड़ा भारती, नेहरू युवा केंद्र सहित विभिन्न एनजीओ भी अपना सहयोग करेंगे। इससे पहले 19 जून को सुबह करीब 5 बजकर 30 मिनट पर जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग के खिलाड़ी व प्रतिभागी द्रोणाचार्य स्टेडियम के परिसर में एकत्रित होंगे।

# महारानी लक्ष्मीबाई का शौर्य एवं पराक्रम मातृशक्ति के लिए गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है: नमिता

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
आजादी के अमृतोत्सव एवं महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा मंडल के संस्थापक प्रोफेसर राम रतन शर्मा के मार्गदर्शन में राज्य स्तरीय नारी शक्ति सम्मान एवं छात्र प्रोत्साहन समारोह मातृभूमि सेवा मिशन के फतुहपुर स्थित आश्रम परिसर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नमिता कौशिक संयुक्त निदेशक माध्यमिक शिक्षा हरियाणा, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ नीरा राघव अध्यक्षा रसायन विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय एवं मानव मित्र मंडल की महिला सदस्यों डॉ अनीता नैन, रुमन गुप्ता ,अंजली शर्मा ,डॉ अनीता गोयल आदि ने संयुक्त रूप से महारानी लक्ष्मी बाई एवं भारतमाता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र की ओर से समाजसेवी, रक्तदानी, दिव्यांग बच्चों की मदद करने वाली





,मेधावी बच्चों को प्रोत्साहित करने वाली, सेवा के विभिन्न प्रकल्पों में संलग्न नारी शक्ति दिव्या वर्मा, डॉक्टर श्वेता सैनी, कविता शर्माआत्रेय एवं रितु बरकी कुरुक्षेत्र, याशिका वर्मा करनाल, मंजू शर्मा सोनीपत, मंजू बाला तरावड़ी, कुमारी अनुपम करनाल, डॉ शालू गर्ग नरवाना, मंजू रानी कुरुक्षेत्र ,रानी चितारा जींद, अरुणा रानी पंचकूला, रेखा ठकराल यमुनानगर, कृष्णा देवी, सुदेश कुमारी ,बबीता रानी एवं रितु रानी कुरुक्षेत्र , वीनस नरवाना ,डॉक्टर रिचा शर्मा श्रेष्ठा एवं श्री सुदेश रानी करनाल, रंजना जौली अंबाला, ममता पानीपत, स्वाति शर्मा पिंजौर आदि को सम्मान पत्र एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। एनडीए की परीक्षा प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण करने वाले भानु प्रकाश सोनीपत को भी उसकी सराहनीय उपलब्धि पर विशेष सम्मान से अलंकृत किया गया ।इस अवसर पर छात्र आदेश कुमार राय, समीक्षा एवं पंचकूला से आए संदीप जिंजर एवं मातृभूमि शिक्षा मंदिर के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर उपस्थित जनों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नमिता कौशिक ज्वाइंट डायरेक्टर सेकेंडरी एजुकेशन हरियाणा ने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होना चाहिए। आजादी के 75वर्ष बीत जाने के बाद भी आज महिलाएं अत्याचार एवं शोषण का शिकार हो रही है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं को जागरुक करते हैं और उनके अंदर आत्मविश्वास पैदा करते हैं। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई का अद्भुत शौर्य एवं पराक्रम पूरी दुनिया की मातृशक्ति के लिए गौरव और स्वाभिमान का प्रतीक है ।मातृभूमि सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र ने कहा कि आजादी के आंदोलन में मातृशक्ति का बहुत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई जैसी शौर्य संपन्न मातृशक्ति ने न केवल आजादी के आंदोलन का सूत्रपात किया बल्कि इस आंदोलन में असंख्य लोगों को अपनी भूमिका निभाने की प्रेरणा दी। मातृशक्ति के सशक्तिकरण से ही आत्मनिर्भर भारत का निर्माण हो सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ नीरा राघव ने कहा कि महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एवं नारी शक्ति द्वारा संचालित सुन्दर कार्यक्रम वास्तव में ही नारी सशक्तिकरण का अनुपम उदाहरण है। मानव मित्र मंडल की वरिष्ठ सदस्य डॉ अनीता गोयल ने अतिथियों का अभिवादन एवं अभिनंदन किया और मंडल की वार्षिक गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम की संयोजिका अंजली शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम पूरी तरह नारी शक्ति द्वारा ही संचालित एवं व्यवस्थित किया गया। नारी सशक्तिकरण के लिए यह कार्यक्रम प्रेरणादायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में मंच का समय बद्ध संचालन डॉ. अनीता नैन ने किया।

# मानेसर में बनेगा गुरुग्राम का सबसे बड़ा महिला नर्सिंग कॉलेज: डिप्टी सीएम

## राशन डिपुओं में महिलाओं की 33 प्रतिशत हिस्सेदारी सुनिश्चित, ईएसआई की मदद से बनने वाला यह संस्थान जिला का सबसे बड़ा नर्सिंग कॉलेज होगा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/गुरुग्राम**

**हरियाणा के** उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि गुरुग्राम जिला के मानेसर में महिला नर्सिंग कॉलेज के लिए आईएमटी एरिया में आठ एकड़ जमीन चिन्हित कर ली गई है और इसकी जानकारी केंद्र सरकार को भी दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि ईएसआई की मदद से बनने वाला यह संस्थान जिला का सबसे बड़ा नर्सिंग कॉलेज होगा। डिप्टी सीएम ने यह जानकारी रविवार को गुरुग्राम जिला के अपने दौरे के दौरान गांव मानेसर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए दी। डिप्टी सीएम ने कहा कि वर्तमान समय में मेडिकल क्षेत्र में बदलाव का दौर जारी है। ऐसे में आने वाले समय में यह नर्सिंग कॉलेज हमारी मातृशक्ति को मजबूत करने के साथ-साथ क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगा। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के क्षेत्र में विभिन्न महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि पातली हाजीपुर में 140 एकड़ क्षेत्र में फ्लिपकार्ट कंपनी द्वारा एशिया का सबसे बड़ा वेयरहाउस बनाया जा रहा है। इससे गुरुग्राम व



आसपास के क्षेत्र में हजारों लोगों के लिए रोजगार का सृजन होगा, वहीं अब तक विकास की यात्रा में पिछड़े कहे जाने वाले सोहना-मेवात क्षेत्र में एशिया की सबसे बड़ी मोबाइल बैटरी की उत्पादन यूनिट स्थापित की जा रही है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा सरकार ने औद्योगिक इकाइयों को बढ़ावा देने का काम किया है और इसके चलते मारुति कंपनी ने सोनीपत के खरखौदा में करीब 900 एकड़ में दुनिया का सबसे बड़ा गाड़ियां बनाने का प्लांट स्थापित किया है। उन्होंने कहा कि आज गुरुग्राम में आईटी क्षेत्र एक नया कीर्तिमान छू रहा है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आने वाले समय में नगर निगम मानेसर क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाई देने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यवस्था में शुरूआती दिक्कतें होती हैं लेकिन उसके सुखद परिणाम भविष्य में ही दिखाई देते हैं।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा आमजन के कल्याण के लिए बनाई गई नीतियों को निरंतर धरातल पर उतारा



जा रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है जहां 48 घंटे के भीतर किसानों को उनकी फसल बेचने की राशि का भुगतान किया जा रहा है। इसी तरह प्राकृतिक आपदा से फसलों को पहुंचे नुकसान की भरपाई भी एक महीने के भीतर की जा रही है। डिप्टी सीएम ने कहा कि आज प्रदेश में किसानों का समूह यदि 25 एकड़ पर किसी उद्योग स्थापित करना चाहता है तो सरकार द्वारा इंफ्रास्ट्रक्चर पर 85 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हरियाणा सरकार निरन्तर धरातल पर कार्य करते हुए प्रभावी कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पंचायतों में मातृशक्ति को 50 प्रतिशत हिस्सेदारी का देने का काम किया है और इसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि स्वयं सहायता समूह के माध्यम से हमारी महिला शक्ति को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में मजबूती के साथ काम रही हरियाणा सरकार ने इस दिशा में एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय लेकर महिलाओं

**विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान उन्होंने जन समस्याएं भी सुनी और संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए**

को भविष्य के सभी राशन डिपो का 33 प्रतिशत आवंटित करने का फैसला भी किया है।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने रविवार को गुरुग्राम में दो दर्जन से अधिक स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को भी संगठन की गतिविधियां तेज करने के निर्देश दिए। विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान उन्होंने जन समस्याएं भी सुनी और संबंधित अधिकारियों को समाधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इस अवसर पर जिला परिषद की अध्यक्ष दीपाली चौधरी, जेजेपी जिला अध्यक्ष श्योचंद यादव, शहरी निकाय प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ऋषि राज राणा, पूर्व विधायक गंगाराम, पूर्व जिला पार्षद दीपचंद सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



संत शिरोमणि कबीर जी की शिक्षाओं को आत्मसात करने से ही समाज प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। संत कबीर जी ने शिक्षा पर जोर दिया और अंधविश्वास से दूर रहने की शिक्षा दी: अनूप धानक

## गडकरी 20 जून को रिंग रोड प्रोजेक्ट की रखेंगे आधारशिला

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**

केंद्रीय सडक एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी 20 जून 2023 को करनाल में बनने वाले भारत माला के रिंग रोड प्रोजेक्ट की आधारशिला रखेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का आयोजन कुटेल मोड के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग के नजदीक किया जाएगा। यह करनाल की जनता के लिए बहुत बड़ी सौगात है। घरौंडा के विधायक श्री हरविंदर कल्याण ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार प्रकट किया। उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के बनने से जिला में विकास का एक नया आयाम स्थापित होगा और लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

# अंतिम व्यक्ति को भाजपा संगठन से जोड़ेगी: धनखड़

**टीम एक्शन इंडिया/भिवानी**

हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि भारत आर्थिक,सामरिक, ढ़ांचगत, औद्योगिकीकरण से मजबूत हो रहा है। वही केंद्र व राज्य सरकार द्वारा अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। यह बात उन्होंने भिवानी विधानसभा के पन्ना प्रमुख व प्रमुख कार्यकर्ता सम्मेलन में संबोधित करते हुए कही। भिवानी विधानसभा में पांच मंडल शामिल है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि 27 जून को देश भर के तीन हजार चुनिंदा कार्यकताओं को भोपाल में प्रधानमंत्री संबोधित करेंगे। जिन्हे इस संवाद कार्यक्रम में भाजपा के देश भर में स्थापित 15 हजार मंडलों में वर्चुअल तरीके से देखा व सुना जाएगा।



जिसमें हरियाणा के 311 मंडल भी होंगे। वही 20 हजार बूथ पर प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को सुना जाएगा। यह एक वैश्विक रिकॉर्ड होगा, जब इतनी बड़ी संख्या में वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री से लोग संवाद स्थापित करेंगे। धनखड़ ने कहा कि भाजपा हर बूथ पर सशक्तिकरण कर अंतिम व्यक्ति को भाजपा संगठन से जोडने का कार्य कर रही है। जिसमें पन्ना प्रमुख अहम भूमिका निभा रहे है। उन्होंने कहा कि भारत मैक्रो लेवल व माइक्रो लेवल पर विकसित हो रहा है। आज दुनिया में भारत का नाम सम्मान की दृष्टि से लिया जाता है।

**पन्ना प्रमुखों को दिया जीत का मंत्र:** आयोजित पन्ना प्रमुख सम्मेलन में पार्टी अध्यक्ष श्री धनखड़ ने जीत का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि वे हर घर तक पहुंचे और पार्टी की नीतियों को पहुंचाए। ताकि सरकार की

**भाजपा पन्ना प्रमुख सम्मेलनों के माध्यम से अपने संगठन को मजबूत बनाने पर जुटी हुई है**

योजनाओं का आमजन व लाइन के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मिल सके। पार्टी की मजबूती के लिए सदस्यता अभियान चलाकर पार्टी का विस्तार करें। ताकि भाजपा की जनहितैषी नीतियों को हर वर्ग व हर व्यक्ति तक लाभ मिल सके।

**सम्मेलनों के माध्यम से पार्टी को मजबूत करने में जुटे:** सम्मेलन के संयोजक एवं विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि भाजपा पन्ना प्रमुख सम्मेलनों के माध्यम से अपने संगठन को मजबूत बनाने पर जुटी हुई है।

# केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने निकाली गुरुग्राम विकास तीर्थ यात्रा

**टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम**

केंद्रीय सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं स्थानीय सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने रविवार को गुरुग्राम में गुरुग्राम विकास तीर्थ यात्रा निकाली गई। ऐसा पहली बार हुआ है कि विकास को तीर्थ का नाम देकर उसकी तीर्थ यात्रा निकाली गई हो। यह यात्रा पुराने गुरुग्राम में केंद्र सरकार द्वारा मेट्रो चलाने की मांग पूरी करने के उपलक्ष्य में निकाली गई। गुरुग्राम विकास तीर्थ यात्रा के दौरान जगह-जगह केंद्रीय राज्य मंत्री का लोगों ने अभिनंदन किया। इस दौरान राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने गुरुग्राम शहर की वर्षों पुरानी मांग हुडा सिटी सेंटर से ओल्ड सिटी को मेट्रो रेल से जोडने की परियोजना को स्वीकृति प्रदान कर दी है। अगले चार वर्षों में 5452.72 करोड़ रुपए की लागत से 28.50 किमी लंबाई वाले इस लिंक पर 27 स्टेशन बनेंगे। केंद्रीय राज्य मंत्री ने बताया कि ओल्ड



गुरुग्राम मेट्रो योजना को केंद्रीय कैबिनेट की ओर से मंजूरी मिलने से गुरुग्राम के लोगों का सालों पुराना सपना पूरा होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि ओल्ड गुरुग्राम के लोगों का मेट्रो से जुड़ाव सार्वजनिक यातायात में मील का पत्थर साबित होगा। सेक्टर-44, सुभाष चौक,

**सरकार की अनुशंसा व उनके प्रयासों से केंद्र सरकार ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है**

हीरो होंडा चौक, सेक्टर-10 कादीपुर चौक, बसई चौक, सेक्टर 5 चौक, रेजांगला चौक, पालम विहार, सेक्टर 22 मार्केट व डूंडाहेड़ा गांव में राव इंद्रजीत सिंह का फूल मालाओं व ढोल नगाड़ों से स्वागत हुआ। विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान लोगों ने हरियाणा सरकार व केंद्रीय राज्य मंत्री का गुरुग्राम शहर को मिली इस सौगात के लिए धन्यवाद दिया।राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार की अनुशंसा व उनके प्रयासों से केंद्र सरकार ने इस महत्वपूर्ण परियोजना को स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का भी आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पूरी परियोजना का आधा खर्च हरियाणा सरकार द्वारा वहन किया जा रहा है।

# 'मोदी सरकार की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाएं कार्यकर्ता'



**टीम एक्शन इंडिया/झज्जर**

रविवार को बहादुरगढ़ में त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद हरियाणा प्रभारी बिप्लव देब ने कार्यकताओं के साथ पीएम नरेन्द्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम सुना। इस मौके पर कार्यकर्ताओं को उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। इसलिए सभी कार्यकर्ता सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को देकर सरकारी योजनाओं का लाभ उन्हें दिलाने में अहम भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का यह कार्यक्रम भाजपा कार्यकताओं में राष्ट्र व आमजन की सेवा करने के लिए नई ऊर्जा का संचार करता है। भाजपा किसी भी रूप में कमजोर नहीं है इसलिए 2024 के चुनाव में केंद्र व हरियाणा में प्रचंड बहुमत के साथ जनता भाजपा को सरकार बनाने का आदेश देने का मन बना चुकी

**कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को देकर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में भूमिका निभाएं**

है। बिप्लब देब ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन में 9 साल में कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से आमजन की भलाई का काम धरातल पर किया जा रहा है। प्रधानमंत्री के कड़े फैसलों के कारण आज पूरे विश्व में भारत की पहचान एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में बनी है। हरियाणा प्रभारी ने कार्यकताओं से कहा कि 30 जून तक देश भर में चलाए जा रहे हैं।

महा जनसंपर्क अभियान के तहत कार्यकर्ता लोगों के बीच जाकर उन्हें मोदी सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी देने का काम करें।

# 'उचाना हलके के लोगों को बहकाने के लिए आएंगे बाहरी'



**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

भाजपा पूर्व विधायक प्रेमलता सखी-सहेली मिलन कार्यक्रम के तहत रविवार को उचाना खंड के गांव कालता, भौंसला, कसूहन गांव में पहुंची। यहां पहुंचने पर महिलाओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। महिलाओं की समस्याओं को भी पूर्व विधायक ने सुना। प्रेमलता ने कहा कि अब चुनाव आने वाले हैं। आप लोगों के बीच आपको बहकाने के लिए आएंगे। कोई कहेगा कि पेंशन 7 हजार करूंगा कोई कहेगा 10 हजार करूंगा। ये सब झूठ बोल रहे हैं। यहां से जो विधायक हैं, प्रदेश सरकार में डिप्टी सीएम हैं। चुनाव के समय 5100 रुपये पेंशन करने का वायदा लोगों से कर रहे थे। आज कितनी पेंशन है ये सबको पता है। चुनाव के समय भाजपा के खिलाफ वोट लेकर विधायक बन गए लेकिन कुछ घंटे के बाद ही भाजपा को अपना समर्थन दिया। ऐसे लोगों को सिर्फ चुनाव के समय ही उचाना याद आता है। उचाना के लोगों के बीच हमारा परिवार निरंतर रहता है। जो लोग चुनाव के समय आते है वो

**महिलाओं की समस्याओं को भी पूर्व विधायक ने सुना। प्रेमलता ने कहा कि अब चुनाव आने वाले हैं**

आपके हितैषी नहीं हो सकते है। उन्होंने कहा कि बीती सरकार में बिना किसी भेदभाव के हलके के गांवों में विकास करवाने का काम किया। किसी गांव में उसके वोट कम आए या ज्यादा आए हर गांव में समान विकास बिना किसी द्वेष भावना के करवाया। यहां के गांवों में पीने के पानी की जो प्रमुख समस्या थी उसको दूर करने के लिए सिरसा ब्रांच नरवाना नहर से पाइप लाइन बिछवा कर जलघरों में पानी पहुंचाया। पांच सालों में रिकॉर्ड तोड़ विकास कार्य करवाने का काम किया। विकास करवाया लेकिन लोगों ने विकास करवाने के बाद भी उस समय उनके पक्ष में मतदान नहीं किया। लोग बहारी लोगों के बहकावे में इस बार नहीं आएंगे। लोगों को अपने-पराए की पहचान करनी होगी। चुनाव के समय फिर आपको झूठ बोलकर बहकाने आएंगे।

## बिजली की समस्या को लेकर नेशनल हाइवे पर लगाया जाम

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**

बिजली समस्या को लेकर नरवाना में रविवार को कालोनीवासियों ने दिल्ली-पटियाला नेशनल हाइवे पर जाम लगा दिया। जाम लगाए लोगों का कहना था कि उनकी कॉलोनी में बिजली की तारें जर्जर हो चुकी हैं। जिसके चलते बिजली सप्लाई की समस्या हमेशा बनी रहती है। समस्या को लेकर अधिकारियों को अवगत करवाया जा चुका है लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। जाम लगने की सूचना मिलने पर डीएसपी अमित कुमार मौके पर पहुंचे आए कालोनीवासियों को समस्या के शीघ्र निदान का आश्वासन दिया।

# बिजली संप्रेषण व आपूर्ति में डीएचबीवीएन पूरे भारत में चौथे स्थान पर

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम (डीएचबीवीएन) बिजली संप्रेषण व आपूर्ति में पूरे भारत में चौथे स्थान में पर है। इसीप्रकार, फतेहाबाद जिला दो सालों में बिजली वितरण व संप्रेषण में प्रदेश में प्रथम रहा है। निगम के एक प्रवक्ता ने आज यह जानकारी देते हुए बताया कि डीएचबीवीएन ने बिजली संप्रेषण व आपूर्ति में पूरे भारत में चौथे स्थान में पर रहा है। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद जिला में दो लाख 86 हजार बिजली के कनेक्शन हैं। म्हारा गांव जगमग गांव योजना के तहत सैड्यूल कट को छोडकर ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे व शहरी क्षेत्रों में 23 घंटे बिजली आपूर्ति की जा रही है। लोगों को बिजली की निर्बाध आपूर्ति करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है। यदि कोई ट्रासंफार्मर खराब हो जाता है तो उसे तुरंत प्रभाव से बदला जाए। लोगों को सैड्यूल कट की जानकारी एसएमएस व समाचार पत्रों के माध्यम से पहले ही दी जाए। विभाग की यह कोशिश रहे कि यदि कही बिजली का कट लगा है तो उसकी अवधि कम से कम हो। उन्होंने कहा कि प्रशासन इस तरह की कोई लापरवाही बर्दाशत नहीं करेगा जिसमें जान-माल की हानि की सभावना हो। इसलिए बरसात के मौसम से पहले बिजली विभाग अपने सभी तारों, ट्रासफार्मर व अन्य उपकरणो को ठीक कर ले और यदि कही लोहे के पोल है तो उन्हे सीमेंट के पोल के साथ बदलवा दें ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न घट पाऐ। विभाग बिजली की तारों को दुरूस्त करे और यदि कही तारे लटक रही हैं तो उन्हें तुरंत प्रभाव से ठीक किया जाए। ओवरलोड ट्रासफार्म को ठीक किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बरसात के मौसम के मद्देनजर बिजली विभाग का कोई भी अधिकारी व कर्मचारी छुट्टी पर नहीं रहेगा।

# कार्रवाई के नाम पर छोटी मछलियों को पकड़ा, मगरमच्छों को छोड़ा: दीपेंद्र हुड्डा

## गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार के मामले में प्रति दिन अपना ही रिकार्ड तोड़ रही है। नये-नये घोटाले सामने आ रहे हैं

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**

सांसद दीपेंद्र हुड्डा रविवार को शहर में आधा दर्जन से ज्यादा कार्यक्रमों में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि हरियाणा की गठबंधन सरकार भ्रष्टाचार के मामले में प्रति दिन अपना ही रिकार्ड तोड़ रही है। नये-नये घोटाले सामने आ रहे हैं, घोटालेबाज बेखौफ होकर घूम रहे हैं। कार्रवाई के नाम पर छोटी मछलियों को पकड़ा जा रहा है और मगरमच्छों को कुछ नहीं कहा जा रहा है। दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि घोटालों की लिस्ट इतनी लंबी है कि इन पर पूरी किताब बन सकती है। उन्होंने बीजेपी-जेजेपी गठबंधन सरकार में घोटालों की लंबी लिस्ट का जिक्र करते हुए बताया कि शराब घोटाला, एचएसएससी भर्ती घोटाला, एचपीएससी घोटाला, पेपर



लीक घोटाला, कैश फॉर जॉब, खनन घोटाला, ग्वाल पहाड़ी घोटाला, प्रोप्र्टी आईडी घोटाला, धान घोटाला, बाजरा खरीद घोटाला, राशन घोटाला, सफाई फंड घोटाला, इस सरकार ने घोटाले करने और घोटालेबाजों को बचाने के सिवा कोई काम नहीं किया। मौजूदा सरकार धांधली, वसूली, रिश्वतखोरी, फजीवाड़े, पेपर लीक, घपले-घोटाले, अपराधियों को संरक्षण का पर्याय बन गयी है। एक रक्तदान शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर रक्तदान करने वालों की हौसलाअफजाई की और कहा कि रक्त की हर एक बूंद इंसान का जीवन बचाने में महत्वपूर्ण योगदान देती है। रक्त दान जाति, धर्म के भेदभाव से ऊपर है। स्वास्थ्य और शिक्षा ये दो चीज ऐसी हैं जो समाज और देश को आगे ले जा सकती हैं। प्रमुख रूप से विधायक सुरेंद्र पवार, विधायक इंदुराज नरवाल, पूर्व विधायक पद्मसिंह दहिया, पूर्व विधायक सुखबीर फरमाणा, मेयर निखिल मदान, सुरेंदर छिक्कारा, भलेराम जांगड़ा, मनोज रिढाऊ, सुरेंद्र दहिया, सुरेश त्यागी, राकेश कैलाना आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## न्यूज फ्लैश

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी 20 जून को रिंग रोड प्रोजेक्ट की रखेगें आधारशिला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** केंद्रीय सडक एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी करनाल में बनने वाले भारत माला के रिंग रोड प्रोजेक्ट की 20 जून को आधारशिला रखेंगे। शिलान्यास के कार्यक्रम का आयोजन कुटेल मोड के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग के नजदीक किया जाएगा। यह करनाल की जनता के लिए बहुत बड़ी सौगात है। इसको लेकर घरौंडा के विधायक हरविंदर कल्याण ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार प्रकट किया। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के बनने से जिला में विकास का एक नया आयाम स्थापित होगा और लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। विधायक ने बताया कि कुटेल से प्रारंभ होकर नजदीक शामगढ तक बनने वाला करनाल रिंग रोड साढ़े 34 किलोमीटर लंबा होगा और यह जिले के 23 गांवों से होकर गुजरेगा। केंद्र और राज्य सरकार दोनों की तरफ से आधा-आधा पैसा खर्च किया जाएगा।

### डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित हुए शिक्षक प्रवीण कुमार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** शिक्षक के रूप में कार्यरत करनाल वासी प्रवीन कुमार को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें कॉन्स्टिट्यूशन क्लब आफ इंडिया नई दिल्ली में प्रदान किया गया, जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में वेबीक युनिवर्सिटी के चांसलर डॉ फेलिक्स ओफोसु डीजान, हैदर अब्बास चांद विशिष्ट अतिथि, सदस्य अल्पसंख्यक आयोग उत्तर प्रदेश, डॉ.रणजीत वर्मा, राज्य मंत्री, पंकज खतवानी, डायरेक्टर (भारत में) वेबीक युनिवर्सिटी,चेतना उदय, राम सिंह चौहान, अनुराग सक्सेना और अन्य अतिथि गण उपस्थित रहे। वेबीक युनिवर्सिटी, घाना के चांसलर डॉ.फेलिक्स ओफोसु डीजान ने प्रवीन कुमार को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें सामाजिक सेवा एवं शिक्षा के क्षेत्र में योगदान के लिए दिया गया। उन्हें पहले भी कई बार सम्मानित किया जा चुका है।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
(मो. नं. : 9896772006)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
(मो. नं. : 9466035040)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
करनाल
राजकुमार शर्मा (प्रिंस)
(मो. नं. : 98962 76156)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
चंडीगढ़/पंचकुला
हरज्ञान चौधरी
(मो. नं. : 94668 87896)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
(मो. नं. : 9991270143)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
फरीदाबाद
हरपाल सिंह यादव
(मो. नं. : 98117 14343)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पंचकूला
(मैनपाल)
(मो. नं. : 9671232478)

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
कुरुक्षेत्र
दलबीर सिंह
(मो. नं. : 94162 71181)

# हुण प्याला रख दे इक वार तें नजरां नाल पिला सतगुरू

## बाबा रामदास (काली कमली वाले) की पावन स्मृति में आयोजित 115वें विशाल भंडारे का हुआ समापन

▶▶ 8 बजे पंड़ित चेतन देव शर्मा व शेखर शर्मा द्वारा हवन-यज्ञ करवाया गया। नारियल, हवन सामग्री, घी से पूर्ण आहूति दी गई



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। बाबा रामदास (काली कमली वाले)** की पावन स्मृति में 115वें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। सबसे पहले बाबा की समाधि पर उनके गद्दीनशीन वैद्य देवेंद्र बत्तरा, दर्शना बत्तरा के सानिध्य में प्रातः 8 बजे पंड़ित चेतन देव शर्मा व शेखर शर्मा द्वारा हवन-यज्ञ करवाया गया। नारियल, हवन सामग्री, घी से पूर्ण आहूति दी गई। संत महात्माओं के पहुंचने पर उनका माल्यार्पण, पुष्प वर्षा से स्वागत किया गया। उन्हें आसन पर विराजमान करके शोभायात्रा निकाली गई। ग्राम परिक्रमा करते हुए शोभा-यात्रा पीर बाबा कालेखां की मजार से होते हुए बाबा जी की कुटिया पर पहुंची और झंडा चढ़ाया गया। विद्यापीठ के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक व धार्मिक प्रस्तुति दी। पठानकोट से आए देवेन्द्रानन्द, मीरा दास ने भी प्रभु की महिमा का गुणगान किया। बालऋषि कुमार ने वेदमंत्रों का उच्चारण किया। साजन आर्ट ग्रुप द्वारा राम दरबार की झांकी सजाई गई और राम के भजनों का गुणगान किया। स्वामी परमानंद, पं. चेतन देव शर्मा, पं. शेखर शर्मा ने भी प्रभु की महिमा का गुणगान किया। महामण्डलेश्वर स्वामी सत्यानन्द तीर्थ ने गुरू को मानना और गुरू की बात न मानने बारे वृतांत सुनाया। पीठाधीश्वर स्वामी सुखसागर महाराज ने कहा कि वैद्य देवेन्द्र बतरा के तीन नियम हैं। सबका सम्मान, सबको सामान और सबको ज्ञान। इसके बाद मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर जगमोहन आनंद, मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि संजय बठला, मेयर रेनू बाला गुप्ता, पूर्व विधायक सुमिता सिंह व पार्षद ईश गुलाटी ने भी माथा टेका। बाद में सामूहिक रूप से आरती की गई, तत्पश्चात भंडारा शुरू किया गया। हजारों भक्तों ने भंडारे में लंगर ग्रहण किया। भंडारा कमेटी के प्रधान भारत भूषण काकू ने व्यवस्था संभाली। अशोक पोपली ने ढोलकी के सुर बिखेरे। सचिन क्वात्रा ने कथा का लाइव प्रसारण किया। भक्तों ने लाईन में लगकर बाबा जी के दर्शन किए। भंडारा उत्सव की शुरूआत माता रानी की चौंकी से वरुण मिनोचा दुबई, अरुण मिनोचा मुंबई कनव मिनोचा दुबई परिवार वालों द्वारा कराई गई। शनिवार को सुंदर कांड का पाठ किया गया। इस अवसर पर वैद्य देवेन्द्र बत्तरा, दर्शना बत्तरा, डा. मानव बत्तरा, सुभाष गुरेजा, भारत भूषण, लक्षिता बत्तरा, साबिया बत्तरा, कपिश मैहरा, आशीना मैहरा, अक्षज मैहरा, कामनी मैहरा, मोहित बवेजा, सुभाष वधावन, शशी वधावन, सन्नी मुंजाल, कोमल मुंजाल, हरीश कटारिया, देव रत्न नागपाल, उमेश, आस्था, अंजुरानी, सोना देवी, मामो देवी, तरुण राखा, जोगिन्द्र मजोका, नरेन्द्र छाबड़ा, सुरेन्द्र मजोका, शाम चावला, दीपक गांधी, रमेश पाल, रामकुमार, राजिन्द्र मोहन शर्मा, सुमित चौधरी, रामकुमार नागपाल, दीपक आहुजा, रामलाल ग्रोवर, डा.पवन अरोडा, राजकुमार तनेजा, प्रेम मोगा, राम स्वरूप, रमेश पाल, महेन्द्र जुनेजा, रिके शर्मा, कृष्ण कामरा, वरुण कामरा, प्रवीण शर्मा, धर्मवीर सांगी व कृष्ण बतरा मौजूद रहे।

## प्रतिबंधित नशीले कैप्सूलों सहित आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। जिला** पुलिस की स्पेशल यूनिट असंध की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर वाणिज्यिक मात्रा में प्रतिबंधित नशीले कैप्सूलों सहित आरोपी बख्शीश सिंह उर्फ गौरी पुत्र गुरचरण सिंह वासी पक्का खेड़ा थाना असंध जिला करनाल को पक्का खेड़ा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से हाथ में ली हुई एक पॉलिथीन में से 90 पत्ते प्रतिबंधित ट्रामाडोल के बरामद किए गए, जिनमें से कुल 900 कैप्सूल ट्रामाडोल के बरामद हुए। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना असंध में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ व अन्य विश्वसनीय साक्ष्यों के आधार पर की गई जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी इस तरह की वारदातों में संलिप्त रहने का आदतन अपराधी है। आरोपी खुद नशा करने का आदी है और खर्चा चलाने के लिए प्रतिबंधित कैप्सूलों को सस्ते दाम पर खरीदकर नशे के आदि लोगों को महंगे दाम पर बेचने का भी काम करता है। आरोपी ने बताया कि वह प्रतिबंधित कैप्सूल को निसिंग के एरिया के एक गांव के एक व्यक्ति से करीब पन्द्रह सौ रुपए प्रति पत्ते के हिसाब से खरीदता है।

## सूर्य नमस्कार शरीर को पूर्णतया निरोग रखने का साधन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। अंतर्राष्ट्रीय योग** दिवस के उपलक्ष्य में मेरा मिशन स्वस्थ भारत और आयुष विभाग द्वारा संयुक्त रूप से चलाए जा रहे ढाई लाख सूर्य नमस्कार अभियान के अंतर्गत फव्वारा पार्क योगा शेड में चार दिवसीय विशेष योग शिविर के प्रथम दिवस ढाई लाख सूर्य नमस्कार अभियान में हिस्सा लेते हुए मुख्य अतिथि संजय बठला मुख्यमंत्री प्रतिनिधि ने विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने दिनेश गुलाटी के इस अभियान में हिस्सा लेते हुए सूर्य नमस्कार किया और और स्वयं के द्वारा भी नित्य प्रति किए जा रहे सूर्यनमस्कार को इस अभियान का हिस्सा बताया। उन्होंने ढाई लाख सूर्य नमस्कार अभियान के पूर्णता की ओर अग्रसर होने पर शुभकामनाएं दी। मिशन संचालक दिनेश गुलाटी ने कहा कि इस अभियान में मिशन के सभी कक्षाओं के शिक्षक, साधक और अन्य व्यक्ति भाग ले रहे हैं और नित्य प्रति सूर्य नमस्कार का अभ्यास कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इस अभियान का समापन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सूर्य नमस्कार शरीर के लिए अत्यंत लाभकारी है यदि सूर्य नमस्कार के नियमों का पालन किया जाए तो शरीर लचीला होकर स्वस्थ बनता है। सूर्य नमस्कार शरीर को पूर्णतया निरोग रखने का साधन है। सूर्य नमस्कार की तकनीक और विधियों के विषय में उन्होंने गहनता से समझाया और एक एक आसन के लाभ बताते हुए अभ्यास किया गया। उन्होंने कहा कि इस निशुल्क शिविर में ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग पहुंचे और स्वास्थ्य लाभ लिया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह आयोजन धूमधाम से किया गया।
सभी शिक्षकों साधकों का उत्साह और जोश देखते ही बनता था और उन्होंने सभी क्रियाएं उत्साहपूर्वक की।

## वैश्य भवन चेरिटेबल ट्रस्ट और रोटरी क्लब करनाल ने लगाया रक्तदान शिविर



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। वैश्य भवन** चेरिटेबल ट्रस्ट और रोटरी क्लब करनाल के सहयोग से थैलिसिमिया से पीड़ित बच्चों के लिए विशाल रक्तदान महाकल्याण शिविर का आयोजन कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज के ब्लड बैंक में किया गया। शिविर के लिए लगभग 65 लोगों ने रजिस्ट्रेशन करवाया और 55 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। मुख्य अतिथि के रूप में मनोनीत गवर्नर रोटेण्रवि प्रकाश और अति विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 के पूर्व गवर्नर रोटे. अजय मदान, वैश्य भवन चेरिटेबल ट्रस्ट के प्रधान और लिबर्टी शूज लिमिटेड के प्रबंधक शम्मी बंसल उपस्थित रहे। अजय मदान ने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बन सकता। ये केवल एक इंसान ही दूसरे इंसान को दान कर सकता है, इसलिए हमें जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

### महिला कर्मचारी ने ही लगाई थी नैपकिन फैक्ट्री में आग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** हांसी रोड स्थित नैपकिन की फैक्ट्री में उसी की महिला कर्मचारी ने आग लगाई थी। इसका खुलासा फैक्ट्री की सीसीटीवी फुटेज में हुआ है। फैक्ट्री मालिक ने महिला कर्मचारी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज कराया है। पुलिस महिला को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। हांसी रोड स्थित नैपकिन की फैक्ट्री में शनिवार को अचानक आग लग गई थी। फैक्ट्री के कर्मचारियों ने पहले खुद आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग फैलती गई। 20 से अधिक दमकल विभाग की गाडियों ने दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था।

## पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु चलाया गया नाइट डोमिनेशन अभियान



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पुलिस** महानिदेशक के आदेशानुसार बीती रात्रि चलाए गए नाईट डोमिनेशन अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन के दिशा-निदेशों के अनुसार जिला पुलिस द्वारा अपराध नियंत्रण हेतु जिलेभर में विभिन्न स्थानों पर टाइट नाकेबंदी की गई। जिला पुलिस द्वारा 17-18 जून रात्रि 10 बजे से सुबह 4 बजे तक नाइट डोमिनेशन अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने-अपने इलाकों में गश्त की। साथ ही विभिन्न स्थानों का चिन्हित करके दुरुस्त नाकाबंदी की गई। इस दौरान नाकों से गुजरने वाले वाहनों व व्यक्तियों की गहनता से चौंकिग की गई। पुलिस द्वारा होटल, धर्मशाला, सराय, ढाबों, अन्य ठहरने वाले स्थानों, बैंक के एटीएम व अन्य सार्वजनिक स्थलों की गहनता से चौंकिग की गई। इस दौरान थाना असंध व इंद्री की टीम द्वारा अपने-अपने थाने के मामलों में दस-दस बोतल अवैध शराब बरामद की गई। एसपी शशांक कुमार सावन ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आमजन को परेशान करना नहीं, बल्कि उन्हें सुरक्षित करना है। इसलिये आमजन इस तरह के अभियानों में पुलिस का सहयोग करें। अभियान के पीछे उद्देश्य यह है कि जो अपराधी रात के समय वारदात को अंजाम देने निकलते हैं, वह काबू किए जा सकें। इस तरह सडक पर पुलिस की उपस्थिति कई तरह की आपराधिक गतिविधियों को रोकने में कारगर साबित होती है। पुलिस का सडक पर होना आम आदमी को सुरक्षा का एहसास दिलाता है। नाइट डोमिनेशन के दौरान जिला पुलिस ने पहले भी काफी सफलताएं हासिल की हैं। इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला के विभिन्न स्थानों को चिन्हित करके 40 स्थानों पर नाकाबन्दी की गई व 45 पुलिस पैट्रोलिंग पार्टी द्वारा विभिन्न स्थानों पर चौकिंग की गई व अपने अपने एरिया में गश्त की गई।

## पुलिस कर्मचारियों के लिए लगया गया फ्री हेल्थ चेकअप कैंप



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। पुलिस** कर्मचारियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन द्वारा पुलिस लाइन में सिग्नस अस्पताल के माध्यम से एक फ्री हेल्थ चेकअप कैंप लगवाया गया। इस हेल्थ चैकअप कैंप में अस्पताल के डॉक्टरों की टीम द्वारा पुलिस कर्मचारियों व उनके परिवार के सदस्यों की विभिन्न प्रकारों की बीमारियों की जांच की गई। इन जांच में शुगर, ब्लड प्रेशर, ईसीजी व अन्य प्रकार की खून की जांच शामिल थी। एसपी ने खुद पुलिस लाइन में पहुंचकर इस हेल्थ चेकअप कैंप का शुभारंभ किया। पुलिस कर्मचारियों के स्वास्थ्य के लिए किए गए इस भलाई के कार्य के लिए डॉक्टरों की टीम ने पुलिस अधीक्षक को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस कर्मचारी रात-दिन अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हैं। जिनको अपने बीमारियों की जांच के लिए समय बड़ी मुश्किल से मिल पाता है। उनके स्वास्थ्य की देखभाल करना हमारी जिम्मेदारी है। पुलिस लाइन में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप लगवाया गया है, जिसमें पुलिस कर्मचारी बड़ी आसानी से कम समय में अपने बीमारियों की जांच करवा सकते हैं। शिविर में जिला पुलिस के करीब 200 पुलिस कर्मचारी व उनके परिवार के सदस्यों द्वारा अपना हेल्थ चेकअप करवाया गया। इस तरह के फ्री हेल्थ चेकअप कैंप पहले भी लगवाए जाते रहे हैं और भविष्य में भी लगवाए जाते रहेंगे। इस मौके पर सिग्नस अस्पताल के डॉक्टर हामिद भट्ट अपनी टीम सहित, जिला पुलिस के सीनियर फामेर्सी ऑफिसर रणवीर सिंह व अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

## नशे जैसी बुराई से लडने के लिए सभी लोगों को एकजुट होना होगा: नायब सिंह



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने 1 जून से प्रदेशभर में सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम की घोषणा की है। सामुदायिक जुड़ाव को मजबूत करने और प्रशासन व जनता के बीच बेहतर संबंध को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम शुरू किए गए हैं। इस आउटरीच प्रोग्राम के तहत जिला करनाल सहित प्रदेशभर में समय-समय पर विभिन्न प्रोग्राम जैसे नशे के खिलाफ अभियान, साइकिल रैली व विभिन्न प्रकार के खेल आदि आयोजित करवाए जाएंगे। इसी आउटरीच प्रोग्राम व नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जिला पुलिस द्वारा आज शहर के प्रेम नगर एरिया में लोगों को नशे के खिलाफ व नशे के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करने के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। करीब 2 घंटे चले इस कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को विभिन्न प्रकार के नशे के से बचाव हेतु विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में नशा करने व नशा बेचने से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में गहनता से चर्चा की गई और किस प्रकार लोग नशा छोड़ सकते हैं या नशे को त्याग सकते हैं, इस बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के शुरू होने से पहले उम्मीद पाठशाला से जुड़े बच्चों द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता रैली निकालकर लोगों को नशा छोडने व नशा न बेचने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक नायब सिंह द्वारा लोगों को नशे के खिलाफ जागरूक करते हुए बताया कि नशा एक बुराई है और इस बुराई से लड? के लिए समाज के सभी लोगों को एकजुट होना होगा। तभी हम इस अभिशाप को जड़ से खत्म कर सकते हैं। नशा शरीर के लिए जहां खतरनाक है, वहीं अपराध का भी मुख्य कारण है। उन्होंने कहा कि अनेकों युवा जो नशे में किसी कारणवश धंस जाते हैं और फिर उस नशे की पूर्ति के लिए वह कोई भी आपराधिक वारदात करने से कतई नहीं हिचकिचाते। नशा मुक्त व अपराधमुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे, तभी यह मुहिम सार्थक होगी। डीएसपी ने कहा कि जिला पुलिस लगातार मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है, मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस नशा सप्लायरों पर भी लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस द्वारा वर्ष 2022 में 280 मामलों में 357 आरोपियों व वर्ष 2023 में अब तक 83 मामलों में 109 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जिनके कब्जे से भारी मात्रा में विभिन्न प्रकार के प्रतिबंधित मादक पदार्थ बरामद किए जा चुके हैं। कार्यक्रम में बतौर अतिथि राजेश अग्गी सीनियर डिप्टी मेयर, डॉ.राजेश कुमार डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी पानीपत, डॉक्टर मदन गुप्ता नागरिक अस्पताल करनाल, डॉक्टर संदीप सोनी माइंड केयर अस्पताल, विकास यादव सामाजिक कार्यकर्ता, जयकरण उम्मीद पाठशाला, बिट्टू पार्षद वार्ड नंबर 18 व जिला पुलिस से निरीक्षक दर्शन सिंह प्रबंधक थाना ट्रैफिक, भलाई निरीक्षक गुरनाम सिंह, निरीक्षक सुभाष सिंह, प्रवक्ता करनाल पुलिस हेड कांस्टेबल भरत लाल, अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे।

करनाल, 19 जून 2023
दैनिक एक्शन इंडिया
ACTION INDIA
www.actionindialive.com

# संपादकीय

## भारतीय योग का अंतरराष्ट्रीय दम

**वैश्विक** स्तरपर भारत के रुतबे और बुलंदियों को छूने वाले नए-नए अध्याय दिनोंदिन जुड़ते जा रहे हैं जिपर पूरी दुनियां टकटकी नजरों से एकटक देख रही है और भारत से रिश्ते प्रगाढ़ करने की ओर कदम बढ़ाने पर आतुर है। दूसरी और कुछ समय से भारत और अमेरिका के रिश्तों में भारी नजदीकियों को पूरी दुनिया महसूस कर रही है। मेरा मानना है कि अगर दोनों देशों का रिश्ता अति प्रगाढ़ हो जाता है तो यह एक और एक ग्यारह होने वाली बात है। क्योंकि भारत भी अब महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है और सबसे बड़ी बात आज अमेरिका में मूल भारतीय मतदाता 44 लाख के पार जो आंकड़ा 2017 का है याने अब अंदाजी 50 के पार होने का अंदेशा है जो मायने रखता है। भारतीय पीएम 21 से 24 जून 2023 का अमेरिका दौरा है जिसमें डिजिटल इकोनामी पर बात पूरी तरह से बनने के अंदाज के साथ अनेक समझौतों के बौछार की झड़ी लगने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता जो दोनों देशों के लिए रिश्तो में मील का पत्थर साबित होंगे वही 21 जून, 2023 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में भारत का दम यूएन में भी दिखेगा उत्सव भारतीय नेतृत्व में मनाया जाएगा। चूंकि इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव 2023 हमारे पीएम के नेतृत्व में यूएन में मनाया जा रहा है, इसलिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के आधार पर इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे, भारतीय योग का अंतर्राष्ट्रीय दम, वैश्विक स्तरपर भारत महत्वपूर्ण भूमिका में आया। साथियों बात अगर हम भारत के रुतबे के बुलंदियों पर आने की करें तो बीते एक हफ्ते में अमेरिका के तीन बयान ऐसे हैं, जिनसेहमर समझ जायेंगे कि आज भारत का रुतबा क्या है और आगे क्या होने जा रहा है। पहला बयान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के शीर्ष अधिकारी का जिसमें वो कह रहे हैं कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत अब विश्व स्तरपर महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है, और भारत के साथ साझेदारी हमारे लिए सबसे मजबूत संबंधों में से एक है, और हम चाहते हैं कि भारत अमेरिकी की दोस्ती और मजबूत हो।दूसरा बयान व्हाइट हाउस के प्रवक्ता का जिसमें उन्होंने भारतीय लोकतंत्र को लेकर उठाए गए एक सवाल पर ने प्रेस ब्रीफिंग में कहा-भारत एक ऐसा लोकतांत्रिक देश है जो लगातार विकास कर रहा है, हम कहेंगे कि जिसे भी भारत में वाइब्रेंट डेमोक्रेसी से रूबरू होना है वो दिल्ली जाकर खुद इसे देखे। तीसरा बयान अमेरिकी रक्षा मंत्री का है जिसमें उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग मजबूत करने के लिए एक नई पहल (इंडस-एक्स) होगी जिसकी शुरूआत पीएम अपनी अमेरिकी राजकीय यात्रा में करेंगे दरअसल इंडस-एक्स भारत और अमेरिका के बीच रणनीतिक और रक्षा साझेदारी को बढ़ाने के लिए प्रस्तावित एक रक्षा पहल है जिसमें रक्षा क्षेत्र में संयुक्त अनुसंधान, विकास और उत्पादन के अवसरों को बढ़ावा देने और हाई-टेक सहयोग को आगे बढ़ाने पर काम किया जाएगा।भारत में अमेरिकी वीजा मिलने में हो रही देरी पर मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिका के वाणिज्य दूतावास इस समस्या को दूर करने में जुटे हैं और जल्द से जल्द बड़ी संख्या में भारतीय लोगों को वीजा जारी किए जाएंगे, यह हमारी सरकार की प्राथमिकता है।

# कब मिलेगा न्याय पता नही ?



प्रेम शर्मा

"ये मामले सुप्रीम कोर्ट से लेकर निचली अदालतों तक में हैं। देश में लंबित मुकदमों के निस्तारण की कोई ठोस व्यवस्था बन पा रही है और न ही वर्तमान मामलों के तेजी से निष्पादन का कोई तंत्र विकसित किया जा पा रहा है। इसी कारण यह उक्ति चरितार्थ हो रही है कि न्याय में देरी अन्याय है। इस अन्याय से सभी परिचित हैं, लेकिन त्वरित न्याय के लिए कोई ठोस पहल नहीं हो पा रही है। निराशाजनक यह है कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के लोग न्यायिक तंत्र में सुधार की बातें करके कर्तव्य की इतिश्री करते रहते हैं। आखिर लंबित मुकदमों को लेकर जताई जाने वाली उस चिंता का क्या मूल्य-महत्व, जिसका कोई समाधान होता हुआ न दिखे ? अब जब नए कानून मंत्री यह कह रहे हैं कि लंबित मामलों का निपटारा सरकार की पहली प्राथमिकता है"

**आज** केवल उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में लंबित मुकदमों को ही देखें तो उनकी संख्या लाखों में दिखती है। अगर जिला और अधीनस्थ अदालतों में भी लंबित मुकदमों की गिनती कर लें तो यह संख्या करोड़ों में पहुंच जाती है। यह बहुत सुखद स्थिति नहीं है। एक दो नही बल्कि हजारो ऐसे मामले में जिसमें न्याय की आस में फरियादियों की जान चली गई लेकिन उन्हें न्याय नही मिल पाया। लोगों को समय पर न्याय न मिल पाना भारतीय लोकतंत्र एवं गणतंत्र की एक बड़ी खामी है। संविधान सभा में न्यायपालिका को सर्वोच्च सम्मान और स्वतंत्रता देते हुए जवाहरलाल नेहरू, सरदार पटेल, राजेंद्र प्रसाद, राधाकृष्णन, भीमराव आंबेडकर अदि ने जो उद्गार व्यक्त किए थे उनका सारांश यही था कि हमारे न्यायाधीश न केवल उच्च कोटि वाले, वरन सर्वोत्तम बौद्धिक क्षमता और न्याय प्रक्रिया में तटस्थ और किसी से न डरने वाले होंगे। वे न्याय देने में न केवल शीघ्रता, बल्कि निष्पक्षता का परिचय भी देंगे। वे भारतीय परंपरा की उस गरिमा को कायम रखेंगे जिसमें न्यायाधीश को ईश्वर का अंश माना गया है। हालांकि कार्यपालिका की ओर से न्यायपालिका को प्रभावित करने की कोशिश पंडित नेहरू के समय से ही शुरू हो गई थी, लेकिन जब कभी उन्होंने अपनी व्यक्तिगत पसंद और नापसंद के हिसाब से नियुक्तियां करनी चाहीं तो वह सफल नहीं हो पाए। इसकी वजह थी तत्कालीन न्यायाधीशों का उदात्त चरित्र और अपने साथियों के प्रति मान-सम्मान का भाव। जब भी किसी न्यायाधीश की वरिष्ठता की अनदेखी कर किसी अन्य न्यायाधीश को आगे बढ़ने की पहल हुई, सभी ने एक स्वर में उसका विरोध किया। पिछले वर्ष सुप्रीम कोर्ट ने 15 जून को उच्च न्यायालयों में मामलों, विशेष रूप से आपराधिक अपीलों के लंबित होने पर दुख व्यक्त किया, क्योंकि यह एक हत्या के दोषी की जमानत याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जबकि उसकी दोषसिद्धि के खिलाफ उसकी अपील इलाहाबाद उच्च न्यायालय के समक्ष लंबित है। एनजेडीजी के गत दिवस जारी किए गए आंकड़े के अनुसार, पूरे भारत में जिला और तालुका अदालतों में लंबित कुल 32.9 मिलियन मामलों में से 8.5 फीसदी, या 2.8 मिलियन, 10 से अधिक वर्षों से बने हुए हैं, जो दैनिक रूप से अपडेट किया जाता है और लंबित मामलों के समेकित आंकड़े प्रदान करता है। 500,000 से अधिक, या जिला और तालुका स्तर पर लंबित मामलों का 1.5:, दो दशक से अधिक पुराने हैं, जबकि 85,141 मामले तीन दशकों से अधिक समय से अनिर्णीत हैं। लंबित मामलों के मामले में जिला अदालतों का प्रदर्शन उच्च न्यायालयों से बेहतर है। देश भर के 25 उच्च न्यायालयों के समक्ष 4.7 मिलियन से अधिक मामले लंबित हैं। उनमें से, 920,000 से अधिक मामले, या 19.26:, 10 से अधिक वर्षों से और 158,000 (3.3:) 20 से अधिक वर्षों से और 46,754 तीन दशकों या उससे अधिक समय से लंबित हैं। उत्तर प्रदेश, भारत का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य, जिला और तालुका अदालतों में 10 से अधिक वर्षों से लंबित 2.8 मिलियन मामलों में से 40: और 20 से अधिक वर्षों से पूरा होने की प्रतीक्षा कर रहे 500,000 में से 43: के लिए जिम्मेदार है। 30 से अधिक वर्षों से राष्ट्रीय स्तर पर लंबित 85,141 मामलों में से 40: या 34,000 उत्तर प्रदेश में हैं। उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद उच्च न्यायालय में उच्च न्यायालयों में सबसे अधिक लंबित मामले हैं। उच्च न्यायालयों में 10 से अधिक वर्षों से लंबित 920,000 मामलों में से यह 30: या 276000 है। उच्च न्यायालयों में 20 वर्षों से पूरा होने की प्रतीक्षा कर रहे 55: से अधिक मामले इलाहाबाद उच्च न्यायालय में लंबित हैं। तीन दशक पुराने मामलों की बात करें तो यह प्रतिशत 86 (46,754 में से 40,374) है। इसके पीछे जो मुख्य कारण सामने आए उनका आकलन तत्कालिन कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा में बता चुके है उनके अनुसार देश के अंदर हाईकोर्ट के जज के लगभग 30 प्रतिशत पद खाली हैं. उच्च न्यायालयों में 1114 जजों की स्वीकृत संख्या है और वर्तमान में 780 पद भरे हुए हैं जबकि 334 पद खाली हैं। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालयों में 334 पदों के लिए हाईकोर्ट कॉलेजियम की 118 सिफारिशें चरणों में हैं, जबकि सरकार को अभी तक 216 वेकेंसी के लिए सिफारिशें नहीं मिली हैं। लिखित जवाब में उन्होंने कहा कि 10 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में कोई पद खाली नहीं था. 25 उच्च न्यायालयों में 1,114 न्यायाधीशों की स्वीकृत हैं, जिसमें 780 न्यायाधीश काम कर रहे थे जिसमें 334 की कमी है। उन्होंने कहा था कि वर्तमान में उच्च न्यायालय द्वारा अनुशंसित कुल 118 प्रस्ताव हैं। वैसे तो नए कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल के इस कथन से संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि लंबित मुकदमों का निपटारा सरकार की पहली प्राथमिकता है। इस तरह की बातें न जाने कब से हो रही हैं, लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात वाला है। दशकों से इस तरह के आश्वासनों के बाद भी लंबित मुकदमों का बोझ कम होने के बजाय बढ़ता चला जा रहा है। एक आंकड़े के अनुसार इस समय देश भर की अदालतों में चार करोड़ से अधिक मुकदमे लंबित हैं। एक लाख से अधिक मामले ऐसे हैं, जो तीन दशक से भी ज्यादा समय से लंबित हैं।

ये मामले सुप्रीम कोर्ट से लेकर निचली अदालतों तक में हैं। देश में लंबित मुकदमों के निस्तारण की कोई ठोस व्यवस्था बन पा रही है और न ही वर्तमान मामलों के तेजी से निष्पादन का कोई तंत्र विकसित किया जा पा रहा है। इसी कारण यह उक्ति चरितार्थ हो रही है कि न्याय में देरी अन्याय है। इस अन्याय से सभी परिचित हैं, लेकिन त्वरित न्याय के लिए कोई ठोस पहल नहीं हो पा रही है। निराशाजनक यह है कि न्यायपालिका और कार्यपालिका के लोग न्यायिक तंत्र में सुधार की बातें करके कर्तव्य की इतिश्री करते रहते हैं। आखिर लंबित मुकदमों को लेकर जताई जाने वाली उस चिंता का क्या मूल्य-महत्व, जिसका कोई समाधान होता हुआ न दिखे ? अब जब नए कानून मंत्री यह कह रहे हैं कि लंबित मामलों का निपटारा सरकार की पहली प्राथमिकता है, तब उन्हें इस तथ्य को ओझल नहीं करना चाहिए कि सबसे बड़ी मुकदमेबाज तो खुद सरकारें हैं। क्या इससे बड़ी विडंबना और कोई हो सकती है कि सरकारें अपने ही लोगों से अदालतों में मुकाबला करें ?यह ठीक है कि कानून मंत्री ने इस बात को स्वीकारा कि विभिन्न उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के जो 328 पद रिक्त हैं, उन्हें भरने के लिए सरकार सक्रिय है, लेकिन प्रश्न यह है कि इतने अधिक पद समय रहते क्यों नहीं भरे जाते ? जब उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों के रिक्त पदों को भरने का काम तेजी से नहीं हो पाता तो फिर कोई भी यह समझ सकता है कि निचली अदालतों में रिक्त पदों को भरने में कितनी देरी होती होगी ? समस्या यह है कि यदि रिक्त पदों को भर दिया जाए तो भी बात बनने वाली नहीं, क्योंकि उन कारणों का निवारण नहीं किया जा पा रहा है, जिनके चलते तारीख पर तारीख का सिलसिला कायम रहता है। चूंकि मामलों का निपटारा समय पर नहीं होता, इसलिए आम आदमी समस्याओं से घिरने के बाद भी अदालतों का रुख करने से बचता है। यह चिंताजनक है कि न्यायिक तंत्र की शिथिलता के चलते लोग अदालतों का दरवाजा खटखटाने से बचें। यह स्थिति लोगों को न्याय से वंचित करने, देश की प्रगति को थामने और लोकतंत्र को कमजोर करने वाली है।

चिन्ताजनक बॉत यह कि देश में अप्रत्यक्ष रूप से ताकतवर, राजनैतिक हस्तियों एवं अर्थतंत्र ने भी देश की कानून व्यवस्था और न्याय व्यवस्था को कमजोर करने में कोई कसर नही छोड़ी है। ऐसे में देश में आमजन मानस को न्याय कब मिलेगा इसकी कोई गारन्टी नही है।



# कविता

## जीवन से लड़ना पड़ता है

जब ले लिया संकल्प तूने तो
पीछे कदम क्यों कर रहा है ?
तन में आलस , मन है भयभीत
तू लड़ने से डर रहा है।
अरे जिंदगी तो एक जंग है यारा
यहाँ वीर बनना पड़ता है
भले हो लाख संकट पर
दुश्मन से अंत तक लड़ना पड़ता है
कहीं गिर गए हों भले ही
पर गिरकर उठना पड़ता है
उठकर-चलकर , चलकर-बढ़कर
राह पकड़ चलना पड़ता है
सपनों को आंखों में भर
विश्वास लिए बढ़ना पड़ता है
जीवन से लड़ना पड़ता है
जीवन से लड़ना पड़ता है...

साक्षी तिवारी

## मिथ्या है न खायेंगे न खाने देंगे का उद्घोष

तनवीर जाफरी

**याद** कीजिये बंगाल विधानसभा की तनावपूर्ण चुनावी बेला में 31 मार्च 2016 को दोपहर बिन्द्र सरानी के टैगोर स्ट्रीट चौराहे पर निमार्णाधीन फ़्लाई ओवर का एक विशालकाय स्टील गार्डर गिर गया था। व्यस्त इलाका व दिन का समय होने के कारण इसके नीचे से गुजर रहे बहुत से पैदल चलने वाले और अनेक वाहन इसमें दब गये थे। खबरों के अनुसार इसमें 25 लोग मारे गये थे जबकि 75 घायल घायल हुये थे। यह दुर्घटना चुनाव काल में होने के अतिरिक्त दुर्घटना से सम्बंधित कुछ 'विशेष बयानबाजियों' के लिये भी चर्चा का विषय बानी थी। हादसे के बाद इस फ़्लाई ओवर की निमार्ता कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने हादसे को 'ऐक्ट ऑफ गॉड' यानी भगवान की लीला कहकर अपना दामन बचाने की कोशिश की थी । परन्तु पुलिस ने दुर्घटना के बाद फ़्लाई ओवर के निर्माण कार्य में लगी कंपनी के खिलाफ एफ आईआर दर्ज की थी । राज्य सरकार ने इस हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को 5-5 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 2-2 लाख रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया था। परन्तु भारतीय जनता पार्टी इस मामले को लेकर उस समय बंगाल की ममता सरकार पर चौतरफा हमलावर हो गयी थी। एक तत्कालीन केंद्रीय मंत्री ने तो पुल निर्माण में हुई गड़बड़ी की जांच उइक से करवाने की मांग तक कर डाली थी। इसी हादसे के फौरन बाद बंगाल के अपने तूफानी चुनावी प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि - 'यह दैवीय कृत्य है क्योंकि यह हादसा चुनाव के ऐन वक़्त पर हुआ है, ताकि लोगों को पता चल सके कि उन पर किस तरह की सरकार शासन कर रही है। ईश्वर ने यह संदेश भेजा है कि आज यह पुल गिरा है, कल वह (ममता बनर्जी) पूरे बंगाल को खत्म कर देंगी। प्रधानमंत्री का वही बयान आज खुद उनके गले की फांस बन चुका है। मार्च 2016 के बाद अकेले गुजरात में ही जहां 28 वर्षों से बीजेपी की सरकार है और जिस गुजरात के विकास मॉडल का ढिंढोरा पीटपीट कर नरेंद्र मोदी ने 2014 में देश में गुजरात मॉडल लागू करने का दिव्यस्वप्न देश की जनता को दिखाया था,प्रधानमंत्री के अपने उसी गृह राज्य में अब तक कई ऐसे बड़े हादसे हो चुके हैं जो भ्रष्टाचार एवं मानवीय लापरवाही का जीता जगता सुबूत हैं। मिसाल के तौर पर अक्टूबर 2022 में गुजरात के मोरबी में मच्छु नदी पर बना एक सस्पेंशन ब्रिज टूट गया था। जिसमें उस समय पिकनिक मनाने गये पुल पर सवार सैकड़ों लोग नदी में गिर गए थे जिसमें 135 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी। हालांकि इस पुल का स्वामित्व मोरबी नगर पालिका के पास है परन्तु नगर पालिका ने ओरेवा ग्रुप नामक गुजरात की ही एक कंपनी के साथ एक समझौते के तहत इसे 15 वर्षों के रखरखाव और संचालन के लिये उसे सौंप रखा था।

# विचार

## नियंत्रित हो नवजात बच्चों की मौत

रमेश सर्राफ धमोरा

**नवजात** शिशुओं की उचित सुरक्षा ना हो पाने के कारण दुनिया में बहुत सारे बच्चे मौत के आगोश में चले जाते है। भारत में नवजात शिशुओं की मौत की दर बहुत अधिक है। हालांकि सरकार ने इसे रोकने कि दिशा में सार्थक प्रयास किये हैं जिनकी बदौलत देश में शिशु मृत्यु दर में कमी आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया के अनुसार देश 2030 तक सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) प्राप्त करने की दिशा में बढ़ रहा है। उन्होने कहा एसआरएस 2020 ने 2014 से शिशु मृत्यु दर में लगातार गिरावट दिखाई है। भारत में नवजात बच्चों की मौतों के मामलों में सरकार के लिए बीते 75 साल बड़ी चुनौती भरे रहे हैं। हालांकि इसमें लगातार कमी आ रही है। सरकार की ओर से जो आंकड़े जारी किये गए है उसके मुताबिक 1951 में जहां प्रति 1000 नवजात बच्चों में 146 की मौत हो जाती थी। वहीं 2022 में यह संख्या घटकर 28 तक आ गई है। ये आंकड़ा उन बच्चों से जुड़े है जिनकी मौत जन्म के एक साल के अंदर हो जाती है। पिछले एक दशक में ग्रामीण क्षेत्रों की शिशु मृत्यु दर में 35 प्रतिशत और शहरी क्षेत्रों में 34 प्रतिशत की गिरावट आई है। नवजात मृत्यु दर भी 2019 में प्रति 1000 जीवित शिशुओं में से 22 के मुकाबले दो अंक घटकर 2020 में 20 रह गई। रिपोर्ट के अनुसार देश के लिए कुल प्रजनन दर (टीएफआर) भी 2019 में 2.1 से घटकर 2020 में 2.0 हो गई है। बिहार में 2020 के दौरान उच्चतम टीएफआर (3.0) दर्ज गई जबकि दिल्ली, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में न्यूनतम टीएफआर (1.4) दर्ज की गई। इसके अनुसार छह राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों, केरल (4), दिल्ली (9), तमिलनाडु (9), महाराष्ट्र (11), जम्मू और कश्मीर (12) और पंजाब (12) ने पहले ही नवजात मृत्यु दर के एसडीजी लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार ग्यारह राज्य और केंद्र शासित प्रदेश (यूटी) - केरल (8), तमिलनाडु (13), दिल्ली (14), महाराष्ट्र (18), जम्मू कश्मीर (17), कर्नाटक (21), पंजाब (22), पश्चिम बंगाल (22), तेलंगाना (23), गुजरात (24) और हिमाचल प्रदेश (24) पहले ही यू5एमआर के एसडीजी लक्ष्य को प्राप्त कर चुके हैं। नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) सांख्यिकीय रिपोर्ट 2020 के अनुसार भारत में पांच वर्ष से कम उम्र के शिशुओं की मृत्यु दर (यू5एमआर) में 2019 से तीन अंकों की (वार्षिक कमी दर 8.6 प्रतिशत) देखी गई है। रिपोर्ट के अनुसार भारत में पांच वर्ष से कम आयु में मृत्यु दर 2019 में प्रति 1,000 जीवित शिशुओं में से 35 के मुकाबले 2020 में घटकर 32 रह गई है। रिपोर्ट के अनुसार शिशु मृत्यु दर (आईएमआर) में भी 2019 में प्रति 1000 जीवित शिशुओं में से 30 के मुकाबले 2020 में प्रति 1000 जीवित शिशुओं में से 28 के साथ दो अंकों की गिरावट दर्ज की गई है और वार्षिक गिरावट दर 6.7 प्रतिशत रही। रिपोर्ट के अनुसार अधिकतम आईएमआर मध्य प्रदेश (43) और न्यूनतम केरल (6) में देखा गया है। रिपोर्ट के अनुसार देश में आईएमआर 2020 में घटकर 28 हो गया है। जो 2015 में 37 था। पिछले पांच वर्षों में नौ अंकों की गिरावट और लगभग 1.8 अंकों की वार्षिक औसत गिरावट आई है। इसमें कहा गया है इस गिरावट के बावजूद राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक 35 शिशुओं में से एक ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक 32 शिशुओं में से एक और शहरी क्षेत्रों में प्रत्येक 52 शिशुओं में से एक की अभी भी जन्म के एक वर्ष के भीतर मृत्यु हो जाती है। रिपोर्ट के अनुसार देश में जन्म के समय लिंग अनुपात 2017-19 में 904 के मुकाबले 2018-20 में तीन अंक बढ़कर 907 हो गया है। केरल में जन्म के समय उच्चतम लिंगानुपात (974) है जबकि उत्तराखंड में सबसे कम (844) है। भारत ने पिछले पांच दशकों में भले ही चिकित्सा क्षेत्र में प्रगति करते हुए शिशु मृत्यु दर पर काबू पाया है। लेकिन आज भी शिशुओं की मौत बड़ा सवाल है। वर्तमान में प्रत्येक एक हजार शिशुओं में से 28 की मौत एक साल का होने से पहले ही हो जाती है। देश में स्वास्थ्य सम्बन्धी चीजों की कमी के कारण यह समस्या और बढ़ जाती है।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# व्यंग्य

## ताकत बढ़ाने का आइडिया

**रामलुभाया** जी हमारे परम मित्र हैं और परम मित्र होने के नाते वे हमसे मिलने, हमारा हाल-चाल पूछने और हमसे कोई भी सलाह मशविरा करने अक्सर हमारे घर आते रहते हैं। उस दिन सुबह सुबह शहर के पार्क में घूमते घूमते रामलुभाया जी हमारे घर आ पहुंचे। हमने उनके हमारे घर पर पहुंचने पर पूछा-'रामलुभाया भैया जी आज सुबह सुबह ही हमारे पास हमारे घर आपका कैसे आना हुआ? क्या बात है आज आप बहुत परेशान और हैरान दिख रहे हैं ? आपको कोई समस्या तो नहीं है ? ' इस पर रामलुभाया जी हमसे कहने लगे-' क्या बताएं लेखक भैया ? आजकल हम स्वयं को बहुत ही कमजोर महसूस कर रहे हैं, ऐसे लग रहा है जैसे शरीर में बिल्कुल भी जान ही नहीं है। हम आजकल खूब काजू-वाजू,बादाम-सादाम, किशमिश विशमिश खा-पी रहे हैं लेकिन कमजोरी है कि जाने का नाम ही नहीं लेती। दिन-ब-दिन हमारे अंदर कमजोरी बढ़ती ही चली जा रही है और समझ में नहीं आता कि हम करें तो आखिर क्या करें कि हमारी ताकत बढ़ जाए ? हमने तो ताकत बढ़ाने के लिए हमारे गांव में पहलवानों के लिए बना अखाड़ा तक ज्वाइन कर लिया, लेकिन शरीर में कोई चुस्ती-फुर्ती आ ही नहीं रही है। हमारे में ताकत का नितांत अभाव सा हो गया है। हमने सोचा हम लेखक भैय्या से इस विषय पर थोड़ा सलाह मशविरा कर लेते हैं, क्यों कि एक आप ही तो है जो हमारे परम मित्र हैं और आपसे बेहतर कोई भी हमें ताकतवर बनने का सलाह मशविरा नहीं दे सकता है, इसीलिए हम आज आपसे मिलने चले आए। ' हम मुस्कुराएं और हमने रामलुभाया भैया से कहा-' अरे यार ! आप तो यूं ही परेशान हैरान हो रहे हैं। ताकत बढ़ाना कौन सी बड़ी बात है ? यह तो बहुत ही आसान कार्य है। आप अपनी ताकत कुछ ही समय में बढ़ा सकते हैं। इसके लिए आपको काजू-वाजू बादाम-सादाम किशमिश विशमिश खाने की और पहलवानों का अखाड़ा ज्वाइन करने की कोई जरूरत नहीं है। न तो पहलवानी से ताकत बढ़ती है और न ही काजू-वाजू, बादाम-सादाम, किशमिश विशमिश खाने से ही ताकत बढ़ती है। पाने का तो बस एक ही जरिया है।' हमने इतना ही कहा था कि रामलुभाया भैया को यह जानने की उत्सुकता पैदा हो गई कि आखिरकार वह जरिया है कौन-सा ? रामलुभाया जी हमसे उत्सुकतावश पूछने लगे-' लेखक भैया ! तो जल्दी से बताइए न कि आदमी अपनी ताकत कैसे बढ़ा सकता है?' तो इस पर हमने कहा-'इट आज वेरी सिम्पल।

## वह हँस पड़ी

डॉ. सुरेश कुमार

**हम** उनसे हर साल दो करोड़ नौकरी माँग रहे थे। नौकरी माँगने वाले की डिग्रियाँ घर में पड़ी-पड़ी जब सड़ने लगती हैं तब उन्हें सरकारी वादों की बड़ी याद हो आती है। सरकार भी हाथी के दाँत के समान अपने मेनिफेस्टो को कचरे के ढेर में डालकर अपने भीतरी अजेंडे को अमल में लाती है। निकम्मे जब सरकार बनाते हैं तो सबसे पहले निकम्मों की बैंड बजाते हैं। सभी को नौकरी देना मतलब सभी मुद्दों को तिलांजली देने के समान होता है। इसलिए बेरोजगारों को नौकरी के अंगूर दिखा-दिखाकर पाँच साल गुजारने के लिए सरकार को सरकार नहीं अंगूरीबाई बनना पड़ता है। अंगूरीबाई निकम्मों को बहकाने के लिए अलग-अलग किस्म के अंगूर ले आती है। एक दिन अंगूरीबाई ने एक निकम्मे से पूछ लिया कि तुम किस तरह के अंगूर चाहते हो। तब उसने कहा झ मैम साहब! समाचार पत्र में फलाँ नौकरी का अंगूर देखकर आवेदन किया था। मैं स्नातकोत्तर हूँ। आप मुझसे उस स्तर का सवाल पूछ सकती हैं। आप जो चाहे वह पूछ सकती हैं। हाँ यदि मैं जवाब न दे सकूँ तो आप मुझे खुशी-खुशी बाहर का रास्ता दिखा सकती हैं। मैं चूँ तक न करूँगा। किंतु आप बेमतलब के सवाल जैसे कि भोपाल में समुद्र क्यों नहीं है? सलमान खान की शादी क्यों नहीं हुई? मुर्गी पहले या अंडा पहले? पूछकर मेरा अपमान मत कीजिए। हाँ अगर आपने किसी को पहले ही चुन लिया है और यह साक्षात्कार प्रक्रिया केवल दिखावे के लिए है, तो मुझे सीधे-सीधे मना कर दीजिए। इस तरह किसी का मजाक न बनाएँ। किसी ने बताया कि अंगूरीबाई खास लोगों को ही अंगूर खिलाने के चक्कर में रहती है। जब इसका पता निकम्मे को लगा तो उसने कहा - इस देश के युवा एक हाथ में पढाई की डिग्री और दूसरे हाथ में अलग-अलग सरनेम का भार लिए घूमते हैं। निकम्मे तो निकम्मे होते हैं। इसका न कोई धर्म होता है, न जात-पात। न भाषा होती है न कोई प्रांत। इसके लिए उत्तर क्या दक्षिण क्या। पूरब क्या पश्चिम क्या। एक निकम्मे के लिए नौकरी जीने का लायसेंस है। जब तक यह नहीं है, तब तक समाज में उसका कोई आदर नहीं करता। घर में उठना-बैठना, खाना-पीना दुश्वार हो जाता है।

# 'प्रॉपर्टी आईडी में आ रही त्रुटियों को ठीक किया जाएं'



**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
**मुख्यमंत्री** के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल एवं स्थानीय निकाय मंत्री डॉ0 कमल गुप्ता को अलग-अलग पत्र भेजकर प्रापर्टी आई0डी0 में आ रही त्रुटियों को ठीक करने के लिए सुझाव देते हुए लिखा है कि प्रापर्टी आई0डी0 को एन0डी0सी0 पोर्टल से कुछ समय के लिए हटाकर पहले त्रुटियां दूर की जाये ताकि प्रापर्टी धारक राहत महसूस कर सकें।

राजीव जैन ने लिखा है कि सर्वे करने वाली एजेंसी ने अड़ोसी-पड़ोसी से पूछकर प्रापर्टी मालिक का नाम आई0डी0 में दिखा दिया, असली मालिक नो डयूज सर्टिफिकेट लेने जाता है तो किसी और का नाम देखकर उसे झटका लगता है। इसलिए ये एन0डी0सी0 पोर्टल से हटते ही समस्या का समाधान हो जायेगा। उन्होंने लिखा है कि अवैध कालोनी में नाम और मोबाईल नम्बर तो ठीक हो सकता है परन्तु क्षेत्रफल गलत है तो वह त्रुटि दूर करने का विकल्प पोर्टल में भी नहीं है।

राजीव जैन ने लिखा है कि पोर्टल में एक कालोनी का सारा एरिया तो वैध है, बीच की एक पाकेट अवैध बता दी गई जो व्यवहारिक नहीं है। इससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है। इसके अलावा किसी प्रापर्टी का पिछला टैक्स गलत लगा हुआ है, अब हाल में टेक्स ठीक हो गया है तो पिछला टैक्स ठीक करने की पावर नगर निगम कमीशनर को दी जानी चाहिए। इसी तरह कोई प्रापर्टी मिक्स यूज की है तो उस पर जितना क्षेत्र व्यवसायिक है उसका कमर्शियल टैक्स और रैजिडेंसियल पर गैर व्यवसायिक कर अलग-अलग करने का प्रावधान नहीं है। ाजपा नेता का कहना है कि हुड्डा के सैक्टरों में छत पर निर्मित मोंटी को भी एक फ्लौर दिखा रहे हैं जो ठीक करने के निर्देश पोर्टल में होने चाहिए। इसके अलावा जो कालोनी वक्फ, कस्टोडियन या निगम की जमीन पर बनी है, उसमें सर्वे के दौरान मालिक का जो नाम चढ़ गया वह ठीक नहीं हो सकता क्यूंकि जमीन की रजिस्टरी उपलब्ध नहीं हो पायेगी। पूरे प्रदेश में नागरिक प्रॉपर्टी आईडी जानने के लिए कार्यालयों में चक्कर काट रहे हैं, हर कोई नागरिक कंप्यूटर पर चैक नहीं कर सकता इसलिए जल्द से जल्द प्रॉपर्टी टैक्स बिल वितरित किए जाये ताकि प्रॉपर्टी आईडी की जानकारी हर नागरिक को हो जाये। देखने में यह भी आया है कि एक प्लॉट में दुकानों की मार्केट बन गई है, उसमें दुकानों का टैक्स शॉपिंग माल का चार्ज किया जा रहा है जो कई गुणा ज्यादा है। इसी तरह बड़ी प्रॉपर्टी को विभाजित करके अलग-अलग प्लॉट बेच दिए तो उसके पूरे प्लॉट का एक ही टेक्स भेज रहे हैं जबकि उनकी अलग-अलग आईडी बनी हुई है।

**▶▶ प्रापर्टी आई0डी0 को एन0डी0सी0 पोर्टल से कुछ समय के लिए हटाकर पहले त्रुटियां दूर की जाये**

# श्री अग्रसेन धाम कुंडली माता महालक्ष्मी व श्री बालाजी वरदान का होगा सिद्ध पीठ



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**महामंडलेश्वर आचार्य** नर्मदा शंकर पुरी जी श्री अग्रसेन धाम कुंडली में विशेष रूप से पूजा अर्चना करने पहुंचे श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर आचार्य श्री नर्मदा शंकर पुरी जी ने सर्वप्रथम गौ माता की पूजा करते हुए कहा कि श्री अग्रसेन धाम साक्षात माता महालक्ष्मी व श्री बालाजी महाराज की अपार अनुकंपा का सिद्ध पवित्र स्थान है ' उन्होंने कहा कि जैसे ही उन्होंने श्री अग्रसेन धाम में सायंकाल की आरती की तो उन्हें धाम पर जग रही अखंड ज्योति में साक्षात श्री बालाजी महाराज भगवान श्री राम के अनूठे दर्शन हुए । उन्होंने कहा कि उन्हें इस बात की भी अनुभूति हुई कि जो भी भक्त इस अखंड ज्योत में सच्ची श्रद्धा से घी अर्पण करके यहां के दर्शनों के साथ कोई भी मन्नत मांगेगा तो श्री बालाजी महाराज के साथ-साथ सभी कलयुग के देव उन भक्तों की सभी मनोकामना संपूर्ण करेंगे एवं उन भक्तों को माता महालक्ष्मी वरदान का फल मिलेगा । महामंडलेश्वर जी ने कहा कि वह पूरे देश में घूम कर लगभग 200 स्थानों पर अग्रभागवत महा ग्रंथ कथा के द्वारा भगवान स्वरूप महाराजा अग्रसेन जी के शौर्य एवं महान सिद्धांतों , आदर्शों व माता महालक्ष्मी जी के श्रेष्ठ भक्त के रूप में एक सच्चे उपासक की अलौकिक गाथा का बखान कर चुके हैं उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन जी के सिद्धांतों व आदर्शों पर चलकर कोई भी व्यक्ति सही मायने में राष्ट्र एवं समाज की सेवा कर सकता है एवं मानवता की रक्षा के श्रेष्ठतम दायित्व को भली भांति निभा सकता है उन्होंने सभी देशवासियों से अपील की है कि उन सभी को एक बार अग्रभागवत, महाराजा अग्रसेन जी की पुण्य कथा का श्रवण करना चाहिए ताकि दया निधान श्री अग्रसेन महाराज की नीतियां हमारे जीवन को धन्य व सुदृढ़ कर सकें और हमें धर्म के सशक्त मार्ग का सही मार्गदर्शन प्रदान कर सके । उन्होंने श्री अग्रसेन धाम के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल के साथ धाम की पूरी टीम को साधुवाद देते हुए कहा कि यह श्री अग्रसेन धाम कुंडली माता महालक्ष्मी का एक अद्भुत श्रेष्ठ शक्तिपीठ होगा जहां से पूरे विश्व को एक नई ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि धाम में निरंतर सेवा कर रहे राजेंद्र अग्रवाल धाम की पूरी टीम को माता महालक्ष्मी बालाजी महाराज ने सेवा करने का सौभाग्य दिया है उसे सभी कड़ी मेहनत , संघर्ष व पूरी श्रद्धा और निष्ठा के साथ निभा रहे हैं। राजेंद्र अग्रवाल की महाराजा अग्रसेन एवं धाम के प्रति पूरी भक्ति ने पूरे उत्तरी भारत में नए आयाम स्थापित किए हैं। जिससे महाराजा अग्रसेन जी के प्रति पूजा भाव प्राथमिक रूप से जागृत हुई है। उन्होंने कहा श्री अग्रसेन धाम एक ऐसा सिद्ध शक्तिपीठ होगा जहां पूरे देश से लोग इस पवित्र धाम में पूजा करने व मत्था टेकने के लिए विशेष रूप से पधारेंगे। एक रात्रि विश्राम के साथ उन्होंने यह भी कहा कि इस पवित्र स्थान में अद्भुत शांति है अर्थात यहां के दर्शन मात्र से ही व्यक्ति अपने दुखों को भूल कर अपार सुखों का आनंद प्राप्त करता है।

## न्यूज फ्लैश

### संत कबीर की शिक्षाओं को आत्मसात कर समाज आगे बढ़े: अनूप धानक



**टीम एक्शन इंडिया/ सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़**
**संत शिरोमणि** कबीर जी की शिक्षाओं को आत्मसात करने से ही समाज प्रगति के पथ पर आगे बढ़ेगा। संत कबीर जी ने शिक्षा पर जोर दिया और अंधविश्वासों से दूर रहने की शिक्षा दी। संत कबीर जी की शिक्षाएं सर्व समाज के हित में हैं। इसलिए आज छ सौ वर्ष बाद भी संत कबीर जी जयंती देश व प्रदेश भर में मनाई जा रही है। हरियाणा सरकार में श्रम राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार श्री अनूप धानक ने रविवार को बहादुरगढ़ में संत कबीर विचार सेवा समिति की ओर से आयोजित संत कबीर की 626 वीं जयंती समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए यह बात कही। उन्होंने संत कबीर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया और संत कबीर के नाम पर निमार्णाधीन छात्रावास के प्रथम तल का उद्घाटन कर अवलोकन किया। संत कबीर विचार सेवा समिति के प्रयासों की प्रशंसा की। श्री अनूप धानक ने निमार्णाधीन संत कबीर छात्रावास के निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए अपने ऐच्छिक कोष से 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने इस नेक कार्य के लिए समाज के सक्षम व समर्थ लोगों से भी आर्थिक मदद करने का आहवान किया । श्रम राज्य मंत्री ने कहा कि हरियाणा में भाजपा-जजपा गठबंधन की सरकार है और पूरे प्रदेश में विकास की गंगा बह रही है। सामाजिक विकास के कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। किसानों को फसलों के अच्छे भाव दिए जा रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व विधायक एवं जजपा एससी सेल के प्रदेश अध्यक्ष रमेश खटक, जिला जजपा प्रधान संजय कबलाना, हलका प्रधान संजय दलाल, रामफल,मुंदडि?ा प्रधान सेवा समिति, धर्मबीर फौजी आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिप वाइस चेयरमैन राजीव दलाल, राकेश जाखड़, नरेश जून,जोगीराम खुंडिया, धर्मपाल इंदौरा, कप्तान सिंह सहित संत कबीर विचार सेवा समिति के पदाधिकारी और शहर के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### जजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र कादियान को गांव ऊझा में रोहिला समाज ने दिया समर्थन



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया**
**जजपा के** प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह कादियान ने रविवार को गांव ऊझा की रोहिला चौपाल में आयोजित कार्यक्रम में रोहिला समाज एवं ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। चौपाल में पहुंचने पर देवेंद्र कादियान का रोहिला समाज की तरफ से फूलमालाओं व शॉल भेंटकर स्वागत किया गया। इस मौके पर रोहिला समाज की तरफ से देवेंद्र कादियान को समर्थन दिया गया। रोहिला समाज के जिला प्रधान रोशनलाल रोहिला रिटायर बीडीपीओ और प्रधान रणधीर रोहिला ने समाज की तरफ से अपनी कई मांगें रखी। जिस पर जजपा नेता देवेंद्र कादियान ने भरोसा दिया कि उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से मिलकर सभी का समाधान करवाया जाएगा। वहीं देवेंद्र सिंह कादियान ने गठबंधन सरकार की नीतियों को लेकर अवगत करवाते हुए कहा कि जजपा आपकी सभी समस्याओं का समाधान करेगी। समाज व पंचायत का कोई भी सामुहिक कार्य उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के माध्यम से करवाने का काम करेंगे।

उन्होंने कहा कि उनके घर के दरवाजे 24 घंटे खुले है और कोई भी अपनी समस्या लेकर आ सकता है। इस अवसर पर जजपा के हलका अध्यक्ष सुभाष धीमान, वरिष्ठ नेता लेखराज खट्टर, पूर्व जिला परिषद पार्षद सुभाष शर्मा, शहरी महिला अध्यक्ष मिनाक्षी चावला, सरपंच नरेश, जगदीश रोहिला, कृष्ण रोहिला, कुलदीप रोहिला, शक्ति निंबरी व प्रेम रावल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को हर शक्ति केंद्र पर योग कार्यक्रम करेगी भाजपा : महीपाल



**टीम एक्शन इंडिया/ पानीपत**
**भाजपा** के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक महीपाल ढांडा ने कार्यकर्ताओं का आहवान किया है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को ज्यादा से ज्यादा लोगों को योग कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि योग से जहां शारीरिक एवं मानसिक रूप से शरीर तंदुरुस्त रहता है, वहीं योग से आपसी प्रेम व भाई चारा बढ़ता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को जीवन ने योग को अपनाना चाहिए। महीपाल ढांडा सेक्टर 25 में भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मीडिया प्रमुख डा. राजबीर आर्य के निवास पर प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रयास से 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में संयुक्त राष्ट्र से मान्यता मिली है। ढांडा ने कहा कि इस बार प्रधानमंत्री मोदी न्यायर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय पर योग कार्यक्रम में शामिल होंगे। हरियाणा सरकार ने भी अपने सभी मंत्रियों व सांसदों की योग दिवस पर योग कार्यक्रमों में भाग लेने की ड्यूटी लगाई है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री मनोहर लाल पानीपत के शिवाजी स्टेडियम में आयोजित योग कार्यक्रम में भाग लेंगे। इस अवसर पर डा. राजबीर आर्य, प्रधान प्रमोद शर्मा, जगदीश चोपड़ा, विजय गुलाटी, सुरेंद्र ठकराल, अमन मित्तल, मनोज गोयल, सुशील नंदवानी, सुरेश सैनी, सतीश सैनी, अशोक मल्होत्रा, निर्मल सैनी, श्रेया आर्या, योग कोच शिप्रा, सिद्धार्थ सैनी, अनिता गुलाटी व नीलम अरोड़ा आदि मौजूद रहे।

# जन सहयोग संस्था ने दिव्यांग व्यक्ति को दी ट्राईसाईकल



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**जन** सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था की ओर से आज बारना निवासी दिव्यांग व्यक्ति राजपाल को एक ट्राईसाईकिल दी गई ताकि इनका जीवन कुछ हद तक सरल हो सके। इस शुभ अवसर पर संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र ने बताया की किसी लाचार,दीन दुखी की मदद करना बड़ा ही पुण्य का काम है और संस्था इसी काम में पिछले 5 वर्षो से लगी हुई है। अब तक यह संस्था 5000 से भी ज्यादा जरूरतमंद परिवारों और मरीजों की मदद कर चुकी है। इमरजेंसी सेवाएं देना,रक्तदान शिविर लगाना, जागरूकता शिविर लगाना, आर्थिक मदद करना,इमरजेंसी मासिक राशन देना,इमरजेंसी रक्तदान सेवा,दवाइयां,टेस्ट, ऑपरेशन, गद्दे,चादर, बर्तन, कपड़े व कंबल की सेवा आदि कार्य में मदद करना इस संस्था के मुख्य कार्य हैं। कोई भी अच्छी सोच रखने वाला व्यक्ति इस संस्था से जुड़कर किसी भी तरह की मदद कर सकता है।

# राज्यसभा सांसद पंवार ने बूथ नंबर 52 पर प्रधानमंत्री की लाइव सुनीं मन की बात



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा कही गई मन की बात के लाइव को राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने रविवार को बूथ नंबर 52 पर सुना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के लाईव को सुनकर राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 मिशन में देश के युवाओं को प्रत्येक क्षेत्र में बढ़ चढकर आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा । प्रधानमंत्री ने खेलों की ओर ध्यान देते हुए कहा कि युवाओं को स्पोर्ट्स की ओर विशेष तौर पर ध्यान देना होगा, जैसे आज पूरे विश्व में क्रिकेट की ओर हर व्यक्ति की नजर है। दुनिया में क्रिकेट के दर्शकों में खिलाडियों में काफी रूचि देखने को मिलती है। उसी तरह अब भारत में होने वाली कबड्डी को क्रिकेट की तरह ही पसंद किया जाने लगा है।
इस पर राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने माननीय प्रधानमंत्री का प्रो कबड्डी के बारे में मन की बात में जगह देने से हरियाणा के लोगों में कबड्डी के प्रति जुनून पैदा कर दिया है।

# फ्लाइंग ऑफिसर का सेक्टर 30 में पहुंचने पर हुआ भव्य स्वागत

**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**अपने दादा** व पिताजी के नक्शे कदम पर चल कर देशभक्ति के जुनून से लबालब फ्लाइंग ऑफिसर सरदार युवराज सिंह का सेक्टर 30 में पहुंचने पर सेक्टर वासियों ने भव्य स्वागत किया। गत दिवस राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की उपस्थिति में पासिंग आउट परेड में फ्लाइंग ऑफिसर की उपाधि प्राप्त करने वाले सरदार युवराज सिंह की उपलब्धि पर सेक्टर 30 निवासी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। रविवार की प्रातः जैसे ही युवराज सिंह अपने घर पहुंचे तो सेक्टर 30 निवासियों ने बड़ी गर्मजोशी के साथ उसका स्वागत किया।

# योग भारती कुरुक्षेत्र द्वारा केयू के आईआईएचएस में योग प्रोटोकॉल अभ्यास आयोजित



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**
**योग भारती** कुरुक्षेत्र द्वारा हरियाणा योग आयोग व आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के आईआईएचएस में योग प्रोटोकॉल 2023 का अभ्यास करवाया गया। इस अवसर एनएसएस ऑफिसर एवं स्वयंसेवक, हरियाणा योग आयोग के सदस्य डॉ. मनीष कुकरेजा की उपस्थिति में जगतार सिंह योगाचार्य, शिक्षक पंकज द्वारा विद्यार्थियों को अनुलोम विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, भस्त्रिका प्राणायाम सहित योग आसन भी करवाए गए। इस अवसर पर हरियाणा योग आयोग की सदस्य डॉ. निरुपमा भट्टी ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रतिदिन योगासन बहुत जरूरी है। दैनिक जीवन में प्रतिदिन विभिन्न प्रकार की योगासन क्रियाओं से मानव कई प्रकार की बीमारियों से मुक्त हो सकता है। योग भारत की विश्व को बहुमूल्य देन है तथा पूरे विश्व में 21 जून को यह अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जाता है।
योग भारती कुरुक्षेत्र के संचालक जगतार सिंह योगाचार्य ने सभी योग साधकों से आह्वान किया कि वे योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाएं जिससे शरीर में नई उर्जा का संचार होता है। उन्होंने बताया कि अर्धमत्स्येंद्रासन डायबिटीज दूर करने का रामबाण आसन है तथा यह शरीर में लचीलापन बढ़ाता है। उन्होंने कहा कि योग भारती कुरुक्षेत्र द्वारा सुबह 5 बजे 8 बजे के बीच गांव नरकातारी, ब्रह्मसरोवर तथा अन्य स्थानों पर निःशुल्क योग अभ्यास कार्यक्रम संचालित है जिसमें प्रतिदिन योग साधक योग एवं प्राणायाम आसन करते हैं।

# पानीपत ग्रामीण विधानसभा के भाजपा के संयुक्त मोर्चा सम्मेलन का आयोजन

## पीएम नरेंद्र मोदी ने विश्व में बढ़ाई देश की शान: कृष्ण लाल पंवार, भारत 2047 तक बनेगा विकसित राष्ट्र: महीपाल ढांडा विधायक



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
पानीपत ग्रामीण विधानसभा के संयुक्त सम्मेलन का सेक्टर 6 स्थित एसडी इंटर नेशनल स्कूल के सभागार में आयोजन किया गया। सम्मेलन का शुभारंभ भारत माता, डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीन दयाल उपाध्याय के चित्रों पर राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पावर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक महीपाल ढांडा, भाजपा प्रदेश महामंत्री वेदपाल, भाजपा जिला अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता, मेयर अवनीत कौर और कार्यक्रम के संयोजक एवं भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य कुलदीप कौशिक ने माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित करके किया। राज्यसभा सांसद कृष्ण लाल पंवार ने कहा की मोदी ने विश्व में देश का सम्मान बढ़ाया है। क्वाड ग्रुप के माध्यम से भारत मोदी के नेतृत्व में नई पहचान बना रहा है। पर्यावरण के मामले में पूरा विश्व भारत के नेतृत्व में काम कर रहा है। भाजपा प्रदेश महामंत्री वेद पाल ने कहा की भाजपा ने शहीदों को सम्मान दिया और एयरपोर्टों के नाम शहीदों के नाम पर रखे। वहीं पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा ने कहा कि भाजपा के मोर्चे पार्टी की रीड है। मोर्चों के दम पर ही मोदी 2024 में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा की मोदी व भाजपा का सपना है कि 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बने और बन कर रहेगा, भारत फिर विश्व गुरु बनेगा। सम्मेलन को भाजपा जिला अध्यक्ष डा अर्चना गुप्ता ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन मेयर अवनीत कौर ने किया और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम के संयोजक कुलदीप कौशिक ने किया। इस अवसर पर उमेद सिंह लोहान, इंदु कुकरेजा, रविंदर फूले, कपिल राणा, बिट्टू प्रजापत, डा राजबीर आर्य , मालती अरोरा, ईश कुमार राणा, कृष्ण आर्य, दिनेश पुजारा, अमित राणा, राजपाल हरी नगर, पवन गोगलिया व मोना शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रत्नेश बत्रा बने समाज सेवा समिति के प्रधान

## रत्नेश बत्रा बने समाज सेवा समिति के प्रधान




**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत**
**41 वर्षो** से लगातार समाजिक एवं धार्मिकसेवा में कार्यरत नगर की प्रमुख संस्था समाज सेवा समिति ,सोनीपत की सत्र 2023-24 की प्रथम आम सभा, गीतांजलि गार्डन मुरथल रोड के विशाल हॉल में प्रख्यात धर्म प्रेमी कैलाश चंद्र गुप्ता मुख्य अतिथि तथा सुप्रसिद्ध समाजसेवी बृजेश गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सभा का प्रारंभ गायत्री मंत्र उच्चारण से हुआ। इस के बाद जिन सदस्यों तथा उनके सगे संबंधी का स्वर्गवास हो चुका है उनको 2 मिनट का मौन रखते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सभा के अध्यक्ष सुप्रसिद्ध समाजसेवी व बृजेश गुप्ता तथा मुख्य अतिथि प्रख्यात धर्म प्रेमी कैलाश चंद्र गुप्ता की देखरेख में प्रधान व लेखा परीक्षक का चुनाव संयोजक शशि करण नासा ने करवाया। सत्र 2023 -24 के लिए सर्वसमिति से रत्नेश बत्रा प्रधान तथा कृष्ण कुमार बत्रा लेखा परीक्षक चुने गए। समिति में दो पद समन्वय समिति के स्थाई सदस्य रमेश चंद हसीजा तथा संयोजक शशिकरण नासा सथाई पद हैं। पदाधिकारियों की मंत्रा से पवन गोयल को मुख्य सरपरस्त, जितेंदर रेलन तथा संजय मक्कड़ दोनों को सह संयोजक, आई.डी.मुंजाल सरपरस्त, सतीश अरोड़ा कोषाध्यक्ष , आर.के. सेतिया वरिष्ठ महासचिव पदों की घोषणा की इस वर्ष जिन प्रतिनिधि ने 50 से अधिक मेंबर घर घर जाकर बनाए उनमें से शिवदयाल , श्यामलाल चावला, ओमप्रकाश मुंजाल, सुरेश रेलर्न, सतीश अरोड़ा तथा शशि करण नासा को सभा में पांच बंधुओं को मुख्यअतिथि व अध्यक्ष ने माला, मोमेंटो से सम्मानित किया ।

# प्रशासन ने जोरासी गांव में 110 एकड़ जमीन को करवाया कब्जा मुक्त

**टीम एक्शन इंडिया/ नारनौल/संतोष यादव**
**ग्राम** पंचायत अमरपुर जोरासी से प्रशासन ने करीब 110 एकड़ भूमि पर से अवैध कब्जे हटवाए हैं। प्रशासन ने गांव के एक मैरिज पैलेस संचालक द्वारा किए गए कब्जे को भी कटवाए हैं। प्रशासन की इस कार्रवाई से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। इस मौके पर पंचायत अधिकारी बीडीओ प्रमोद कुमार और ग्राम सचिव बिशनदयाल उपस्थित रहे।
ग्राम पंचायत अमरपुर जोरासी की कई एकड़ जमीन पर लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया गया था। गत वर्ष पंचायत के चुनाव में यहां से हरिराम को सरपंच चुना गया। जिसके बाद से सरपंच ने ग्राम पंचायत की जमीन को कब्जा मुक्त करवाने के लिए प्रशासन को लिखा। प्रशासन के निर्देश आने के बाद उन्होंने पंचायती भूमि की पैमाइश शुरू करवाई। जिसके बाद करीब 110 एकड़ पंचायती भूमि से कब्जे हटाए गए। यहां से कब्जा हटाने की कार्रवाई की जारी है। रविवार को की गई पैमाइश में एक मैरिज पैलेस संचालक द्वारा कब्जा किए जाना पाया गया। जिसके बाद पंचायती जमीन की निशानदेही कर पिल्लर लगाए गए। वही इस बारे में गांव के सरपंच ने बताया कि पंचायती जमीन पर से अवैध कब्जे हटाए जाने के बाद पंचायत की भूमि को बोली लगाकर पट्टे पर छोड़ा गया।

# गोलियों से थर्राया आरके पुरम...

## डबल मर्डर से मची सनसनी: झुग्गी बस्ती इलाके में दो महिलाओं की गोली मारकर हत्या, सीएम ने एलजी पर उठाए सवाल





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**देश की राजधानी** दिल्ली के आरके पुरम इलाके में रविवार को बड़ी वारदात हुई। दो महिलाओं को गोली मारने की घटना सामने आई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया है। दोनों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या के आरोप में अर्जुन और माइकल नाम के दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बताया जा रहा है कि उनका महिला के भाई के साथ पैसे का विवाद चल रहा था। जानकारी के अनुसार, अंबेडकर नगर के झुग्गी बस्ती इलाके में दो महिलाओं को गोली मारी गई है। दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, सुबह करीब 4:40 बजे थाना आरके पुरम में एक पीसीआर कॉल आई। जिसमें कहा गया कि अंबेडकर बस्ती में कुछ लोगों ने कॉल करने वाले शख्स की बहनों को गोली मार दी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जहां जानकारी मिली कि पिंकी (30) और ज्योति (29) को गोली मारी गई है। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलावर मुख्य रूप से पीड़ित महिलाओं के भाई पर हमला करने आए थे। प्रथम दृष्टया मामला रुपयों से लेन-देन का विवाद लग रहा है। दोनों महिलाओं की हत्या से राजधनी दिल्ली में सनसनी फैल गई। वहीं, महिलाओं की हत्या के बाद परिजनों का हाल बेहाल है। पुलिस जांच में जुटी है।

**केजरीवाल ने जताया दुख:** वहीं, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने घटना पर दुख जताते हुए कहा दोनों महिलाओं के परिवारों के साथ हमारी संवेदनाएं। भगवान उनकी आत्मा को शांति दें।

### भाजपा का 'आप' पर हमला, कहा- ये वही लोग जो दंगा कराते हैं

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आरके पुरम** में दो महिलाओं की गोली मारकर हत्या के मामले में सियासत शुरू हो गई है। जहां आम आदमी पार्टी ने पहले एलजी को दिल्ली की कानून-व्यवस्था को लेकर घेरा। वहीं, अब भाजपा ने आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा है। दिल्ली से भाजपा भाजपा सांसद मिनाक्षी लेखी ने प्रधानमंत्री का मन की बात सुनने के बाद पूछे गए एक सवाल पर कहा कि सरकार ने दुश्मनी थोड़े ही कराई है। लोगों का मन या दिमाग तो सरकार बदल नहीं सकती। ये दो लोगों का झगड़ा था, पुलिस करवाई कर रही है। अपराध होने के बाद ही पुलिस करवाई करती है। एफआईआर दर्ज हो गई है।

## एलजी को कानून व्यवस्था से कोई मतलब नहीं- संजय सिंह

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर कहा कि दिल्ली में कभी कई किलोमीटर तक एक बेटी को घसीटकर मार दिया जाता है, कभी एक बेटी को चाकू से गोद-गोद कर मार दिया जाता है, कभी एक बेटी को काट कर अलग-अलग जगहों पर उसके टूकड़े फेंक दिए जाते है, कभी दिल्ली की सड़कों पर गैंगवार होता है तो कभी न्यायालय के अंदर हत्या होती है। देश की राजधानी दिल्ली की सुरक्षा व्यवस्था अमित शाह और दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना के हाथ में है। दिल्ली के एलजी को केजरीवाल से लड़ने से फुर्सत ही नहीं है, तो कानून व्यवस्था कब देखेंगे। एलजी भी नफरत की फैक्ट्री के प्रोडक्ट हैं। नफरत की फैक्ट्री के प्रोडक्ट को कानून व्यवस्था और शांति से कोई मतलब नहीं है। एलजी को केवल दिल्ली सरकार और केजरीवाल से झगड़ा करना है। राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने कहा कि आज सुबह जिस तरह से गोली मारकर दो बहनों की हत्या कर दी गई। यह दशार्ता है कि एलजी रहते हुए और अमित शाह के केंद्रीय गृहमंत्री रहते दिल्ली महिलाओं के साथ ही आम आदमी और न्यायालय के लिए भी सुरक्षित नहीं है। उन्होंने कहा कि जानकारी मिली है कि दो बहनों की गोली मारकर हत्या करने वाले हमलावर सट्टेबाज थे। ऐसे मामलों में शीघ्र से शीघ्र फास्ट ट्रैक कोर्ट में इन मामलों को तेजी से चलाकर दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिए।

**एलजी निशाने पर..**

- कभी कई किलोमीटर तक एक बेटी को घसीटकर मार दिया जाता है, कभी एक बेटी को चाकू से गोद-गोद कर मार दिया जाता है

## भाजपा नफरत फैलाने की सबसे बड़ी फैक्ट्री: संजय



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**आप के** वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने पार्टी मुख्यालय में रविवार को प्रेस वार्ता कर भाजपा सरकार से कई सवाल पूछे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के अंदर नफरत की सबसे बड़ी फैक्ट्री है। जब तक भाजपा अस्तित्व रहेगा और वो सत्ता में रहेगी, तब तक देश में अमन, शांति और चैन कायम नहीं रह सकता है। जब देश में नफरत के बीज बोए जाएंगे, देश में शांति ही नहीं होगी, तो देश तरक्की नहीं कर सकता है। नौजवानों को रोजगार नहीं मिल सकता, माताओं-बहनों को महंगाई से छुटकारा नहीं मिल सकता, किसान को उसकी फसल का दाम नहीं मिल सकता है और आम इंसान की जिंदगी की दुश्वारियां कम नहीं हो सकती। सिंह ने कहा कि भाजपा शासित मणिपुर में पिछले डेढ़ महीने से चल रही हिंसा पर सरकार की खामोशी साबित करती है कि भाजपा चाहती है कि उनकी नफरत की फैक्ट्री का विस्तार पूरे देश में होता रहे। कभी हिंदू-मुसलमान के नाम पर झगड़ा कराओ, कभी हिंदू-सिख के नाम पर तो कभी हिंदू-ईसाई के नाम पर झगड़ा कराओ। जब धर्मों का झगड़ा खत्म हो जाए तो जाट और गैर-जाट के नाम पर और हिंदुओ-हिंदुओं में झगड़ा कराओ, मराठा-गैरमराठा, कुकी और मैती और आदिवासी समुदायों के बीच में झगड़ा करवाओ। सिंह ने कहा कि वी भाजपा से पूछना चाहते है कि मणिपुर की हिंसा में कैसे एके-47 और विदेशी हथियारों का इस्तेमाल हो रहा है?
चीन, पाकिस्तान या म्यांमार- आखिर ये हथियार कहां से आ रहे हैं? मणिपुर की हिंसा पर भाजपा चुप्पी साधे हैं।

**`साधा निशाना**

- माताओं-बहनों को महंगाई से छुटकारा नहीं मिल सकता, किसान को उसकी फसल का दाम नहीं मिल सकता है



प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर केजरीवाल सरकार के पैनिक बटन घोटाले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को संबोधित कर पर्दाफाश करते हुए।

## युवक ने पत्नी को गर्म तवे से जलाया, केस दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के हर्ष विहार इलाके में एक युवक ने अपनी पत्नी के चरित्र पर शक करते हुए उसको गरम तवे से जला दिया। इसके बाद उसने अपनी मां और बहनों से साथ मिलकर उसकी जमकर पिटाई की। पीड़िता का जीटीबी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस प्राथमिकी पंजीकृत कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि पीड़िता परिवार के साथ हर्ष विहार के मंडोली इलाके में रहती है। परिवार में पति, सास, दो ननद और देवर हैं। वह मंडोली की एक फैक्टरी में नौकरी करती है। शाम साढ़े सात बजे वह फैक्टरी से आकर रसोई में खाना बना रही थी। तभी उसका पति बाहर से आया और उसके साथ गाली-गलौच कर, चरित्र पर सवाल करने लगा।

**गाली-गलौच का विरोध करने पर भड़का युवक:** महिला के विरोध करने पर वह भड़क गया और चूल्हे से गर्म तवा उठाकर उसे जलाने लगा। कंधे व कूल्हे सहित शरीर के अन्य हिस्से भी जला दिए। वह दर्द से चिल्लाने लगी तो आवाज सुनकर उसकी सास व ननदें भी आ गईं। फिर चारों मिलकर उसे लात, घूंसों व चिमटे से पीटने लगे। वह बेसुध होकर जमीन पर गिर गई।

## दिल्ली में गली-गली में कोचिंग सेंटर

### फायर डिपार्टमेंट से एनओसी तक नहीं लेते, अब एनओसी अनिवार्य बनाने की



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मुखर्जी** नगर के एक कोचिंग सेंटर में लगी भीषण आग ने दिल्ली में भविष्य में होने वाली बड़ी दुर्घटना की ओर इशारा किया है। दिल्ली में पांच हजार से ज्यादा कोचिंग सेंटर चल रहे हैं। आश्चर्यजनक रूप से इन शिक्षण संस्थानों के लिए फायर डिपार्टमेंट से एनओसी (नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट) लेना तक अनिवार्य नहीं है, जबकि होटल, रेस्टोरेंट, सिनेमा हॉल, मॉल या मैरिज हॉल सहित सभी सार्वजनिक भवनों के लिए इस तरह का सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। सोमवार को दिल्ली फायर विभाग के शीर्ष अधिकारियों की दिल्ली सरकार के साथ होने वाली बैठक में सभी शिक्षण संस्थाओं के लिए फायर विभाग से एनओसी लेना अनिवार्य किया जा सकता है।

मुखर्जी नगर अग्निकांड के बाद दिल्ली हाई कोर्ट ने इस मामले का स्वतः संज्ञान लिया जिसके बाद संबंधित विभागों के मंत्री-अधिकारी सतर्क हो गए। छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न मामलों पर विचार किया जा रहा है। इस मामले में यह बात सामने आई है कि इन शिक्षण संस्थाओं और छात्रावासों के लिए फायर विभाग से एनओसी लेना तक अनिवार्य नहीं है, लेकिन अब एनओसी सहित सभी शिक्षण संस्थाओं को भवनों के लिए आवश्यक अन्य नियमों का पालन करना अनिवार्य बनाया जा सकता है। इसमें दिव्यांग छात्रों के लिए रैंप और विशेष रूप से बनाए गए शौचालय होना अनिवार्य किये जाने की तैयारी है। छोटे-छोटे शिक्षण संस्थान, हॉस्टल और इनमें पढ़ रहे छात्र विभाग की इस कार्रवाई से प्रभावित न हों, इसके लिए उन्हें अस्थाई तौर पर स्ट्रक्चर से जुड़ी कुछ सहूलियत दी जा सकती है, लेकिन एनओसी को तत्काल प्रभाव से अनिवार्य किया जा सकता है। दिल्ली शिक्षा का बड़ा केंद्र है, यहां विभिन्न विषयों की पढ़ाई करने और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए देश-विदेश से छात्र आते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय जेएनयू के आसपास के क्षेत्रों में पांच हजार कोचिंग संस्थान हैं, जिनमें लाखों छात्र अपना भविष्य बनाने की कोशिश करते हैं।

### 'जहां 50 बच्चे नहीं बैठ सकते, वहां 300 को बिठा रहे हैं'

**यूनाईटेड** हिन्दू फ्रंट के अंतर्राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जय भगवान गोयल ने मुखर्जी नगर के छात्र-छात्राओं से मुलाकात की। उन्होंने वहां चल रहे कोचिंग सेंटरों और पुस्तकालयों का अवलोकन किया। गोयल ने कहा कि जिन बिल्डिंगों में 50 लोगों को एक साथ बिठाने की सुविधा नहीं है, वहां 300 बच्चों को एक साथ बिठाकर पढ़ाना बड़ी दुर्घटना को दावत देने जैसा है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के राज्यपाल, मुख्यमंत्री मुखर्जी नगर के छात्र-छात्राओं के साथ हो रहे अन्याय, शोषण व उनके जान माल के साथ हो रहे खिलवाड़ पर तुरंत कार्यवाही करें, अन्यथा दिल्ली वालों को कभी भी उपहार अग्निकांड जैसे हादसे का सामना करना पड़ सकता है।

## मेट्रो में मनमर्जी: नाच गाने के बाद बाल सीधे करती दिखी लड़की




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली मेट्रो** में लोग मनमर्जी करने से बाज नहीं आ रही हैं। सोशल मीडिया पर रील्स शेयर करने के लिए पहले जहां कई लोग नाचते-गाते या फिर अजीब कपड़े पहनकर सवार होते थे वहीं अब एक और वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। नए वीडियो में एक युवती बाल सीधे करती हुई नजर आ रही है। लड़की ने सीट के ऊपर लगे बिजली के प्लग में बाल स्ट्रेट करने की मशीन लगा रखी है और अपने बालों को संवार रही है या फिर कहें सीधे कर रही है। इस पूरे वाकया का वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में आस पास कुछ और लड़कियां नजर आ रही हैं, जो उस लड़की की ओर हैरानी से देखती हुई नजर आ रही हैं। बता दें कि दिल्ली मेट्रो में पिछले कुछ दिनों से कई ऐसे वीडियो सामने आए हैं जो काफी वायरल भी हुए और विवादित भी रहे, जिसके चलते मेट्रो विवादों में घिर गई। अपनी साख बचाने के लिए डीएमआरसी ने मेट्रो के अंदर रील्स और वीडियो बनाने पर पाबंदी लगा दी। हालांकि इसके बावजूद ये सिलसिला रूका नहीं। अब भी कई ऐसे वीडियो आए दिन सोशल मीडिया पर वायरल हो जाते हैं। वीडियो के सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद लोग अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं। एक यूजर लिखता है, अब बस दिल्ली मेट्रो में नहाने धोने की सुविधा और हो जाये बस।

## सहेली के पति ने मेहंदी लगवाने आई महिला के साथ किया रेप



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के** शाहदरा जिला के जगतपुरी इलाके में 26 साल की एक महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि वारदात को उसकी सहेली के पति ने अंजाम दिया है। आरोपी ने उसके मासूम बेटे को गायब करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने महिला की अश्लील वीडियो भी बना ली। बाद में किसी को कुछ भी बताने पर जान से मारने की धमकी देने के अलावा उसकी अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है। पीड़ित महिला परिवार के साथ मयूर विहार फेस-3 में रहती है। इसके परिवार में पति के अलावा एक बेटा है। पुलिस को दिए बयान में महिला ने बताया कि उसकी एक सहेली अपने पति और बहन के साथ जगतपुरी इलाके में रहती है। वह जगतपुरी में अपनी सहेली के घर पर मेहंदी लगवाने के लिए बेटे के साथ आई थी। सहेली के घर पहुंचने पर पता चला कि वह घर नहीं है। वहां उसका पति मौजूद था। उसने बताया कि वह किसी काम से बाहर गई है। इसके बाद आरोपी पीड़िता के बेटे को चॉकलेट दिलाने के बहाने घर से बाहर ले गया और उसे किसी के पास छोड़ आया। आरोपी ने वापस घर आने के बाद पीड़िता के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया।

**केस दर्ज**

- पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके मासूम बेटे को गायब करने की धमकी देकर उसके साथ दुष्कर्म किया

## कलयुगी पिता ने बेटे पर किया चाकू से हमला, गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पूर्वी** दिल्ली के यमुनापार में आए दिन रिश्तों को तार तार करने वाली वारदातें सामने आ रही हैं। बीते दिनों एक भांजे ने अपनी मौसी की हत्या की साजिश रची। ऐसे ही शनिवार को मधु विहार थाना क्षेत्र में एक पिता द्वारा अपने बेटे पर चाकू से हमला करने की घटना सामने आई है। आरोपित अशोक सिंह पत्नी मंजू और पुत्र आदित्य के साथ आइपी एक्सटेंशन स्थित आशीर्वाद अपार्टमेंट में रहते हैं। आरोपित इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड से वरिष्ठ प्रबंधक के पद से सेवानिवृत्त हैं। उनके बेटे आदित्य सिंह गुरुग्राम में कंप्यूटर इंजीनियर हैं। पुलिस ने आइपीसी की धारा 324 के तहत प्राथमिकी पंजीकृत कर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि दोपहर करीब एक बजे उन्हें इस घटना की सूचना मिली। उन्होंने मौके पर पहुंचकर पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया। उसकी छाती के ऊपर चाकू के दो घावों मिले हैं। अस्पताल में उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई है।

**आरोपित ने हाल में गुरुग्राम में खरीदा था फ्लैट:** आरोपित ने हाल में गुरुग्राम में एक फ्लैट खरीदा है। कुछ भुगतान करने के लिए पत्नी के फोन पर नोब्रोकर ऐप डाउनलोड करना था। किसी कारण से इसमें देरी हो रही थी, जिससे वह नाराज हो गए और दोनों के बीच झगड़ा हो गया। बेटे ने बीच-बचाव किया तो आरोपित भड़क गया और उसने चाकू से उस पर हमला कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## 'जिससे ट्रेन नहीं चलती, वो देश कैसे चलाएगा'

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली के मुख्यमंत्री** अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को भाजपा पर हमला बोला है। केजरीवाल ने कहा कि जिससे ट्रेन नहीं चलती है, वो देश कैसे चलाएगा। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि भारतीय रेलवे के अउ और स्लीपर कोच जनरल से भी बदतर हैं।

**हर क्षेत्र को बर्बाद कर रहे-** दिल्ली के मुख्यमंत्री ने आगे भाजपा से सवाल किया कि जो रेलवे को चलाने में असमर्थ है तो वह देश को कैसे चला सकती है। उन्होंने आगे कहा कि इन्हें सरकार चलानी ही नहीं आती। इन्हें समझ ही नहीं है। अनपढ़ सरकार है। हर क्षेत्र को बर्बाद कर रहे हैं। आप के राष्ट्रीय संयोजक ने कई ट्वीट्स को रीट्वीट किया, जिसमें लोगों ने वातानुकूलित और स्लीपर कोचों में ऐसे लोगों की भीड़ होने की शिकायत की थी।

## मास्क ने थामी इम्युनिटी की डोर, बदले वायरस के हमले से शरीर हुआ बेदम

### ऐसे में मास्क हटने के बाद शरीर बदले वायरस से लड़ने में सक्षम नहीं हो पा रहा है। यहीं कार□ा है कि पिछले तीन माह में लोग मौसमी बीमारी के चपेट में आने के बाद गंभीर रूप से बीमार हो रहे हैं



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**मास्क** ने कोरोना से भले ही सुरक्षित रखा, लेकिन लंबे समय तक इसके इस्तेमाल से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता स्थिर रही जबकि मौसमी बीमारी से जुड़े वायरस आबोहवा में अपना रूप बदलते रहे। ऐसे में मास्क हटने के बाद शरीर बदले वायरस से लड़ने में सक्षम नहीं हो पा रहा है। यहीं कारण है कि पिछले तीन माह में लोग मौसमी बीमारी के चपेट में आने के बाद गंभीर रूप से बीमार हो रहे हैं। इन्हें ठीक होने में महीनों का समय लग रहा है। ठीक होने के बाद भी थकान, कमजोरी सहित अन्य परेशानियां घर कर रही है। विशेषज्ञों की राय है कि ऐसे लक्षण पहली बार देखने को मिल रही है। बदलते वायरस से बढ़ी परेशानी आने वाले दिनों में और गंभीर होने की आशंका है। ऐसे में इससे बचाव के लिए व्यापक स्तर पर शोध करने की जरूरत है, इससे समस्या का समाधान निकालने में मदद मिल सकेगी।

**हो सकती है गले में सूजन:** मौसमी बीमारी ठीक होने के बाद भी कुछ लक्षण आ सकते हैं। बुखार, खांसी ठीक होने के बाद देखा जा रहा है कि गले में सूजन देखी जा रही है। डॉक्टरों का कहना है कि सांस का रास्ता संवेदनशील होता है। कई बार खाना, मौसम का बदलाव, प्रदूषण, बदहजमी, सहित अन्य कारणों से गले में सूजन हो सकती है। यह कुछ समय के लिए या लंबे समय तक हो सकती है। इसकी रोकथाम के लिए समय पर उपचार करवाने की जरूरत है। ऐसे में तुरंत डॉक्टरों से संपर्क करना चाहिए।

**हो सकता है कुछ और:** यदि किसी मरीज को लंबे समय तक खांसी रहती है। तो जांच करवानी चाहिए, हो सकता है कि यह एलर्जी या कुछ और हो। ऐसे में जांच करने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा कि खांसी क्यों हो रही है। कुछ ब्लड टेस्ट व एक्सरे से काफी हद तक स्पष्ट हो सकता है।

आकाश अस्पताल में पल्मोनरी विभाग के वरिष्ठ डॉक्टर अक्षय बुद्धिराजा ने कहा कि पिछले तीन माह में लगभग 80 फीसदी लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से मौसमी बीमारी के चपेट में आए हैं। इनमें से ज्यादातर लोगों में पोस्ट वायरल कप देखा जा रहा है। इनकी आगे की जांच करने की जरूरत होती है। हो सकता है कि वायरस इंफेक्शन के बाद बैक्टीरिया से इंफेक्शन भी हुआ हो। ऐसे मरीजों के फेफड़ों में पानी भरना, टीबी के लक्षण दिखना, निमोनिया होना जैसे लक्षण हो सकते हैं। यह छोटे बच्चों को ज्यादा हो सकता है। उनकी इम्यूनिटी मां पर निर्भर होती है। डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. पुलिन गुप्ता ने कहा कि इस बार मौसम ने भी अपना रूप बदला है।

**लक्षण**

- ठीक होने के बाद भी थकान, कमजोरी सहित अन्य परेशानियां घर कर रही है। ऐसे लक्षण पहली बार देखने को मिल रही है

## न्यूज फ्लैश

### नाईट डोमिनेशन अभियान में चोरी की स्कुटी सहित एक गिरफ्तार

**गन्नौर। गन्नौर** थाना पुलिस ने नाईट डोमिनेशन अभियान के दौरान अगवानपुर फाटक के पास से एक युवक को चोरी की स्कुटी सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित राधे उर्फ मितुआ दिल्ली के रानी बाग का रहने वाला है।
जानकारी अनुसार नाईट डोमिनेशन अभियान के दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि अगवानपुर गांव की तरफ से एक युवक चोरी की स्कुटी के साथ फाटक की तरफ आ रहा है। सूचना पर पुलिस ने फाटक के पास नाकाबंदी कर एक युवक को स्कुटी सहित रूकवा लिया। जब उससे स्कुटी के कागजात मांगे तो वो कागज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने आरोपित से सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि स्कूटी उसने 16 जून को दिल्ली रानीबाग से चुराई है। पकड़े गए युवक की पहचान राधे उर्फ मितुआ निवासी रानी बाग दिल्ली के रूप में दी। राधे के खिलाफ थाना मंगोलपुरी आउटर दिल्ली में भी मुकदमा दर्ज है। पुलिस आरोपित से गहनता से पूछताछ कर रही है।

### गंगा स्नान के लिए निशुल्क बस सुविधा उपलब्ध करवाई

**राई । आषाढ़** अमावस्या का जीवन में विशेष महत्व बताते हुए रविवार को आंतिल बाराहा खाप के प्रधान ने जयभगवान आंतिल ने जांटी गांव से हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए फ्री बस सेवा की सुविधा दी है। फ्री बस सेवा की सुविधा देते हुए उन्होंने कहा कि अमावस्या के दिन पितरों की शांति के लिए किए जाने वाला तर्पण बहुत पुण्यकारी माना जाता है तो वहीं अमावस्या के दिन किया गया दान-पुण्य बहुत ही लाभकारी होता है। इस दिन विद्या दान, अन्न दान और वस्त्र दान जैसे विभिन्न प्रकार के दान किए जा सकते हैं।
आंतिल बाराहा खाप के प्रधान जयभगवान आंतिल ने अमावस्या के दिन पवित्र नदी में स्नान करना बहुत ही शुभ माना जता है। स्नान करने से जो कई प्रकार के कष्ट व रोग दूर होते हैं। इससे मन और शरीर की शुद्धि होती है। अमावस्या के दिन हवन यज्ञ भी करना चाहिए। इससे न सिर्फ वातावरण शुद्ध होता है बल्कि मन को भी शांति मिलती है। पितरों की आत्मा की शांति के लिए उपवास करना चाहिए। गरीब व्यक्तियों को दान-दक्षिणा देकर उनकी मदद करनी चाहिए। जयभगवान आंतिल ने श्रद्धालुओं को हरिद्वार में गंगा स्नान के लिए फ्री बस सेवा की सुविधा देते हुए कहा कि अमावस्या के दिन दान देने के साथ-साथ धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित करने चाहिए।

### फादर्स डे पर टॉपर बेटे का नायाब तोहफा, कैथल जिले के हर्ष टाया ने



### प्राप्त किया ऑल इंडिया 68 रैंक

**कैथल:** आईआईटी जेईई परीश्रा के टॉपर बेटे ने अपने शिक्षक पिता को फादर्स डे पर अपनी उपलब्धि का नायाब तोहफा देकर उनके लिये यह पल हमेशा के लिये यादगार बना दिया है। रविवार को घोषित हुये जेईई एडवांस परिश्राओं के नतीजों में पूंडरी के हर्ष टाया ने ऑल इंडिया रेंक (एआईआर) 68 अर्जित कर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। राजौंद स्थित गर्वमेंट माडल संस्कृति प्राईमरी स्कूल के हैड मास्टर आशोक कुमार टाया के बेटे हर्ष टाया ने इस वर्ष आईआईटी जेईई की परीश्रा में लगभग पौने दो लाख परिश्रार्थियों को कड़ी टक्कर देकर देश के टॉप - 100 में स्थान अर्जित किया है। वर्तमान में हर्ष टाया चंडीगढ़ स्थित श्री चैतन्य इंस्टीच्यूट में अध्ययनरत है। 17 वर्षीय हर्ष अपनी इस कामयाब के पीछे अपना दैनिक अनुशासन, लगन और गत चार वर्षो से इंस्टीच्यूट के अध्यापकों की कड़ी मेहनत को बताया। पढ़ाई में ब्रेक के दौरान हर्ष टीवी पर कार्टून देखकर अपने आप को तनावमुक्त रखता था जबकि मोबाईल और इंटरनेट से उसने कोसों दूरी बनाये हुये थी। हर्ष भविष्य में कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में अपना करियर बनाना चाहते हैं। हर्ष की मां सुमन लता भी टीचर हैं। पंचकुला स्थित सेक्टर 15 के पीएम श्री गर्वमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अंग्रेजी की टीचर है। ट्रांसफर होने से पूर्व वे पाई स्थित सरकारी स्कूल में पढ़ाया करती थी। चंडीगढ़ में हर्ष की पढ़ाई कायम रखने के लिये उसके अभिभावक चंडीगढ़ से अपने अपने कार्यस्थलों की लगभग डेढ़ सौ किलोमीटर का रोजाना सफर किया करते थे। इसी कॉम्युटिंग के दौरान दो बार सड़क दुर्घटना में वे घायल भी हुये परन्तु चंडीगढ़ से बेटे की पढ़ाई छुड़वाने का कभी मन नहीं बनाया। परिवार के अटल फैसले के बाद उन सभी की मेहनत रंग लाई जिससे सभी में खुशी का माहौल है। हर्ष के चार अन्य बैचमेट्स - सक्षम ने एआईआर 181, दक्ष कंसिल ने 362, गुनवीन गिल ने 432 और वासु ने 734 रैंक प्राप्त किया है।

# कृषि में कनाडा-भारत हैं सुपर पावर

## अर्थव्यवस्था की मजबूती में कृषि का विशेष सहयोग: मैरी क्लॉड बायबॉ



**टीम एक्शन इंडिया/ सोनीपत**
**किसानों** की समस्याओं को कम करते हुए आमदनी बढ़ाने के लिए गठित किये जा रहे किसानों के समूहों (एफपीओ) की समीक्षा करते हुए कनाडा की कृषि मंत्री मैरी क्लॉड बायबॉ तथा हरियाणा के कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल ने दोनों देशों में खेती व किसानों के विकास के लिए आपसी सहयोग बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने एक स्वर में कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती में कृषि का विशेष योगदान है। इसलिए कृषि क्षेत्र को और अधिक विकसित करने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।
रविवार को कनाडा की कृषि मंत्री के नेतृत्व में कनाडा के प्रतिनिधिमंडल ने सोनीपत में खेवड़ा गांव का दौरा किया। इस दौरान कनाडा से मंगवाई गई कृषि उपकरणों में शामिल सुपरसीडर मशीन का प्रदर्शन भी किया गया, जिस पर दोनों कृषि मंत्रियों ने विस्तृत चर्चा की। उन्होंने प्रदर्शन के दौरान ट्रैक्टर पर चढकर मशीन की प्रायोगिक जांच भी की। उन्होंने कहा कि इससे खेती में फायदा होगा। बीज रोपण के साथ किसान खाद का प्रयोग भी एक साथ कर सकेंगे। इससे खाद की बबार्दी नहीं होगी और किसानों को अतिरिक्त खर्च से निजात मिलेगी। इस दौरान खेवड़ा के एफपीओ के बैनर तले किसान संवाद का आयोजन भी किया गया।
किसानों के साथ सीधा संवाद करते हुए कनाडा की कृषि मंत्री मैरी क्लॉड बायबॉ ने कहा कि यह उनका पहला भारत दौरा है, जिसमें वे विशेष रूप से कृषि व इससे जुड़े कार्यों इत्यादि का अध्ययन कर रही हैं। आज के दौर में कनाडा और भारत कृषि क्षेत्र की सुपर पावर हैं। दोनों ही बड़े लोकतांत्रिक देश हैं, जिनकी अर्थव्यवस्था विशेष रूप से कृषि पर निर्भर करती है। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों देशों में परस्पर सहयोग बढ़ेगा, जिसमें कृषि की विशेष भूमिका रहेगी। साथ ही कृषि की नवीनतम एवं अत्याधुनिक तकनीकों का आदान-प्रदान भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमें पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी का निर्वहन भी ईमानदारी से करते हुए प्रदूषण पर लगाम लगाने के लिए प्रयास करने चाहिए।
हरियाणा के कृषि मंत्री जय प्रकाश दलाल ने कनाडा की कृषि मंत्री व पूरे दल का स्वागत करते हुए उनसे दूध उत्पादन को बढ़ाने के लिए तकनीकी सहायता की मांग की। उन्होंने कहा कि कनाडा की तकनीकों से देश-प्रदेश में दूध उत्पादन को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

### नेकी की दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप ने किया दो गरीब कन्याओं का कन्यादान

**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा**
**नारनौल। नेकी की** दीवार नीड़ी हेल्प ग्रुप नारनौल के द्वारा आज दो अलग अलग परिवार की दो बेटियो का कन्यादान किया गया ।संस्था की मुहिम सुकन्या विवाह के अंतर्गत आज 59/60 शादी में कन्यादान किया गया।आज इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाई मनोज सेकवाल प्रमुख समाज सेवी, विशिष्ट अतिथि कृष्ण बडेसरा गौ रक्षक,अध्यक्ष जाट महासभा और टिंकू दहिया प्रमुख समाजसेवी रहे ।मनोज सेकवाल ने संस्था की प्रशंसा करते हुवे बताया की संस्था की मुहिम सुकन्या विवाह के अंतर्गत लगभग 100 से ऊपर बेटियो का कन्यादान किया जा चुका है आज भी 2 बहनों का कन्यादान संस्था के द्वारा किया गया।वही कृष्ण बडेसरा ने भी बताया की संस्था के सभी साथी बधाई के पात्र हैं जिनके द्वारा अनेको नेक कार्य समाज हित में किए जाते रहे हैं।टिंकू दहिया ने भी सभी से आहवान किया की हम सबको इनके द्वारा किए जा रहे कन्यादान की मुहिम अपनी इच्छानुसार बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिए।आज के कार्यक्रम के संयोजक गौतम सैनी ने आए हुवे सभी अतिथियों और बंधुगण का धन्यवाद किया जो अपना कीमती समय निकाल कर यहां पहुंचे ।आज के कन्यादान की अध्यक्षता भगवान दास सैनी और दुलीचंद सैनी ने की । डॉक्टर शिव कुमार,निखिल गर्ग ने सभी से निवेदन करते हुवे कहा की हम सबको अपने निजी कोष में से जरूरत मंद परिवार की हर सम्भव सहयाता करतें रहना चाहिए। निहाल प्रधान ओर अजय प्रधान ने बताया की पिछले काफी समय से मनीष गोगिया के नेतृत्व में संस्था ने बहुत ही नेक और सराहनीय कार्य किए जाते रहे है।

## सनातम धर्म प्रचार के लिए रन फार राम अल्ट्रा मैराथन का गन्नौर में हुआ स्वागत



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर।**
**सनातन धर्म** का प्रचार व प्रसार करने के उद्देश्य से नरेंद्र सिंह यादव पर्वतारोही अमरनाथ से अयोध्या तक पैदल यात्रा पर निकले हैं। रविवार को नरेंद्र का गन्नौर जीटी रोड पहुंचने पर स्वागत किया गया। नरेंद्र ने बताया कि यह यात्रा बजरंग दल के बैनर तले निकाली जा रही है। यात्रा को रन फार राम अल्ट्रा मैराथन का नाम दिया गया है। मैराथन में वर्तमान समय में प्रतिदिन 50 से 55 किलोमीटर की दूरी तय की जा रही है। यह यात्रा 3 जून से जम्मू कश्मीर अमरनाथ से शुरू हुई है जो 7 जुलाई को अयोध्या पहुंचकर संपन्न होगी। इससे पहले भी उन्होंने रामेश्वर से अयोध्या यात्रा की थी जो कि 2911 किलोमीटर की थी। नरेंद्र सिंह यादव पांच महाद्वीपों की सबसे उंची चोटी फतह कर डेढ़ दर्जन विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं।

### गली में टहल रहे युवक को मोटरसाइकिल ने मारी टक्कर

**गन्नौर: गली में** टहल रहे एक युवक को खूबडू गांव में तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक घायल हो गया। घायल को स्वजन ने इलाज के लिए पानीपत के एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां वह उपचाराधीन है। घायल ने खुबडू झाल पुलिस चौकी में शिकायत दी। शिकायत में खुबडू गांव के विकास ने बताया कि वह 16 जून की रात को खाना खा कर गली में टहल रहा था। इसी दौरान गांव का ही डीपी नाम का युवक तेज गति से मोटरसाइकिल चलाता हुआ आया और उसे सीधी टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने डीपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल में ओरियंटेशन कार्यक्रम का भव्य आयोजन




**टीम एक्शन इंडिया/राई।**
**ग्रुप केंद्र** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, खेवड़ा में स्थित मेंस क्लब में सत्र 2023-24 के लिए केंद्रीय विद्यालय की नवीन कक्षा एक के स्वागत हेतु ओरियंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को तिलक लगाकर,स्माइल बेज एवं स्वागत कार्ड वितरित कर की गई।
सांस्कृतिक कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। मंच का संचालन हरि दर्शन एवं प्रियंका अग्रवाल ने किया। मंच से हरी दर्शन ने सभी अभिभावकों को पीपीटी के माध्यम से विद्यालय की कार्यशैली, पठन-पाठन प्रक्रिया, शिक्षा नीति 2020, विद्याप्रवेश,ि शभूषा,कक्षा एक के लिए मूल्यांकन विधि, फनडे, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों और विद्यालय के स्टाफ से अवगत कराया। प्रधानाचार्य अमन गुप्ता द्वारा दिए गए संदेश को हरजीत शर्मा ने पढ़ते हुए सभी विद्यार्थियों में नैतिक एवं सांस्कृतिक शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का भरोसा अभिभावकों को दिलाया एवं उनके सहयोग की अपील की।
कार्यक्रम में विशेष अतिथि एवं अभिभावक के रूप में दया किशन, सहायक कमांडेंट जीसी सीआरपीएफ ने शिरकत की।

# बहुमत मिलने पर की जाएगी इलाके की कायापलट: दिग्विजय



**टीम एक्शन इंडिया/ नारनौल/संतोष यादव**
**जननायक जनता** पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव दिग्वियज सिंह चौटाला ने रविवार को नांगल चौधरी विधानसभा के विभिन्न गांवों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करने के साथ ही उनकी समस्याओं को भी सुना और उनका मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर समाधान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि जो कार्य चंडीगढ़ के होंगे, ग्राम पंचायतें उनका प्रस्ताव एवं एस्टीमेट बनवा कर भिजवा दें, उन्हें वह डिप्टी सीएम से खुद पूरा करवाएंगे।
उन्होंने दौरे की शुरूआत गांव बूढ़वाल से की। तत्पश्चात सिरोही बहाली, शहबाजपुर, नांगल दर्गू एवं भांखरी में ग्रामीण सभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने ई-लाइब्रेरी व जिम खोलने का ग्रामीणों का आश्वासन दिया। ग्रामीण सभाओं को संबोधित करते हुए प्रधान महासचिव दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा कि बीते दिनों बुढ़ापा पेंशन के मुद्दे पर सीएम मनोहरलाल ने कहा था कि प्रदेश में भाजपा की सरकार है और जजपा केवल हमारी सहयोगी है। इसकी पुष्टि करते हुए दिग्विजय ने कहा कि बेशक से सत्ता में हम सहयोगी दल हैं, क्योंकि हमारे केवल दस विधायक ही जीतकर आए थे, लेकिन हमने प्रदेश में तेजी से क्रांतिकारी विकास कार्य करवाए हैं, लेकिन बुढ़ापा पेंशन 5100 रुपये नहीं करवा पाने का मलाल रहेगा। उन्होंने कहा कि अब हमने विधानसभा चुनाव-2024 में 46 विधायकों का लक्ष्य रखा है। आप सभी लोग हमारा साथ बनाए रखें और दुष्यंत को आगे पहुंचाने का काम करें। उन्होंने अतीत में जाते हुए कहा कि जब जजपा का गठन हुआ था, छह माह बाद ही उपचुनाव थे। तब जींद के पहले उपचुनाव में पार्टी को जीत नहीं मिली थी, लेकिन राजनीतिक पंडितों ने मानना शुरू कर दिया था कि जेजेपी की नींव मजबूत हो गई है। विधानसभा चुनाव में 10 सीट जीतने के बाद दुष्यंत चौटाला के सामने दो विकल्प थे। पहला विकल्प कांग्रेस के साथ विपक्ष में बैठे या दूसरा जींद रैली में किए वादों को पूरा करे। उन्होंने कहा कि तब हमने जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए सत्ता में भाजपा का सहयोगी बनना स्वीकार किया। अब करीब साढ़े तीन साल के कार्यकाल में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के प्रयासों से स्थानीय युवाओं को प्रदेश के उद्योगों में 75 फीसदी रोजगार देने का कानून बन पाया है। कांग्रेस के शासन में मारूती उद्योग पलायन कर गया था।

### एलन दिल्ली के मलय ने हासिल की एआईआर-8



**गाजियाबाद।** आईआईटी गुवाहाटी ने रविवार को देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड का परिणाम जारी कर दिया। परिणामों में एलन दिल्ली ने श्रेष्ठता साबित की है। एलन दिल्ली के सेंटर हेड अमित मोहन अग्रवाल ने बताया कि मलय केडिया ने 324 अंकों के साथ आल इंडिया रैंक 8 प्राप्त की है। दिल्ली में स्थापना के साथ ही एलन ने बेस्ट रिजल्ट्स देने की शुरूआत कर दी है। मलय ने जेईई-मेन में आल इंडिया रैंक-4 हासिल की थी। इसके साथ ही यश रावत ने एआईआर-127, वैभव शर्मा ने 254, शिवांकुर गुप्ता ने 280 तथा वैभव श्रीवास्तव ने 496 आल इंडिया रैंक प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि नेशनल रिजल्ट में टॉप-10 में एलन के 4 स्टूडेंट्स शामिल हैं। इनमें क्लासरूम स्टूडेंट राघव गोयल ने आल इंडिया रैंक-4, क्लासरूम स्टूडेंट प्रभव खंडेलवाल ने आल इंडिया रैंक-6, क्लासरूम स्टूडेंट मलय केडिया ने आल इंडिया रैंक 8 और वहीं नागिरेड्डी बालाजी ने आल इंडिया रैंक 9 प्राप्त की है। इसके अलावा हर्षित कंसल ने आल इंडिया रैंक-16, मौलिक जिंदल ने आल इंडिया रैंक-19, समीर अरविन्द पाटिल ने आल इंडिया रैंक-20, देशांक प्रताप सिंह ने रैंक-22, जत्सया जरीवाला ने रैंक-24, मयंक सोनी ने रैंक-26 प्राप्त की है। टॉप-50 में 19 स्टूडेंट्स एलन से हैं। इसके साथ ही एलन के टॉप-100 में 37 स्टूडेंट्स रहे हैं।

### पूरी दुनिया में मोदी के नाम का बज रहा है डंका : मंत्री नंद

**टीम एक्शन इंडिया/जालौन**
**उत्तर प्रदेश** के औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल 'नंदी' ने रविवार को एक कार्यक्रम में कहा कि पूरी दुनिया में प्रधानमंत्री मोदी के नाम का डंका बज रहा है। इस दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार के नौ साल पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा भी प्रस्तुत किये। वह रविवार को अखिल भारतीय पुरवार-पोरवाल महासभा के 100 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित समारोह में शिरकत करने उरई के राठ रोड स्थित शाताब्दी डिग्री कॉलेज पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने भाजपा सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए बताया कि उत्तर प्रदेश को पांच इंटरनेशनल एयरपोर्ट का गौरव प्राप्त हुआ है। भाजपा सरकार में नए भारत का उदय हुआ है और भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है।

## 'योग प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लें नागरिक'

### जिला स्तर की प्रतियोगिता 20 जून को मानव सेवा संघ में प्रातः 9 बजे

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**हरियाणा कम्युनिटी आउटरीच** कार्यक्रम के तहत अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त डॉ वैशाली शर्मा ने बताया कि आयुष विभाग तथा खेल विभाग की ओर से होने वाली योगासन प्रतियोगिता योगा को बढ़ावा देने के लिए हरियाणा योग आयोग का बहुत अच्छा कदम है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया है कि वे इस प्रतियोगिता में उत्साह के साथ भाग लें।
उन्होंने कहा कि जिला स्तर की प्रतियोगिता 20 जून को मानव सेवा संघ में सुबह 9 बजे शुरू होगी। जिला स्तर पर विजेता खिलाड़ियों को आगामी 24 जून को राज्य स्तर पर ताऊ देवीलाल स्टेडियम पंचकूला में होने वाली योगासन खेल प्रतियोगिता में भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि यह प्रतियोगिता 3 आयु वर्ग में होगी। इसमें 10 वर्ष से कम, 10 से 60 वर्ष से कम आयु तथा 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में यह प्रतियोगिता होगी।
एडीसी ने बताया कि प्रत्येक कैटेगरी के जिला के प्रथम पांच विजेता राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विजेता योगासन खिलाड़ियों के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी व्यवस्थाएं जिला प्रशासन की ओर से की जाएंगी। सभी खंडों के लिए जिला प्रशासन द्वारा निर्णायक मंडल तय कर दिए गए हैं। सभी योग के खिलाड़ियों को तय समय में पहुंचकर अपना पंजीकरण करवाना होगा।
अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रथम विजेता को 5 हजार रुपए, द्वितीय को 2100 सौ रुपए व तृतीय विजेता को 1000 रुपए तथा चौथे व पांचवें विजेता को 500 रुपए पुरस्कार राशि दी जाएगी। उन्होंने बताया कि विजेताओं को यह राशि सीधे उनके बैंक खाते में डाली जाएगी। ऐसे में प्रतिभागी पंजीकरण करवाते समय बैंक का नाम, बैंक खाता नंबर, बैंक आई एफ एस सी कोड व मोबाइल नंबर अवश्य दें।

# योग दिवस के उपलक्ष्य में आज किया किया जाएगा रिहर्सल

## खंड स्तर पर भी आयोजित होंगे 9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**9वें अन्तर्राष्ट्रीय** योग दिवस को जिला व खंड स्तर पर मनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। आगामी 21 जून को करनाल की नई अनाज मंडी में जिला स्तरीय अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में करनाल लोकसभा क्षेत्र के सांसद संजय भाटिया बतौर मुख्यातिथि शामिल होगें।
अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर 19 जून सोमवार को करनाल की नई अनाज मंडी में प्रातः 7 बजे रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें आयुष विभाग, खेल विभाग, शिक्षा विभाग, पतंजलि योग समति तथा मेरा मिशन स्वस्थ भारत सहित जिला की अन्य योग संस्थाएं शामिल होंगी।
उन्होंने बताया कि जिला करनाल के 8 खंडों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। असंध में गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, घरौंडा में नई अनाज मंडी, करनाल की नई अनाज मंडी में, निसिंग में जीत पैलेस गुनियाना रोड निसिंग में, नीलोखेड़ी में अनाज मंडी में, मूनक में बीडीपीओ ऑफिस मूनक में, इंद्री में अनाज मंडी तथा कुंजपुरा खंड के लिए अनाज मंडी कुंजपुरा में योग दिवस का आयोजन किया जाएगा तथा उक्त सभी स्थानों पर योग दिवस से संबंधित रिहर्सल 19 जून को ही होगी।
उन्होंने बताया कि रिहर्सल के दौरान योग क्रियाएं तथा प्रणायाम का अभ्यास किया जाएगा। रिहर्सल में खेल विभाग से जुड़े कोच व खिलाडी, छात्र-छात्राएं, प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी तथा योग शिक्षक व योग साधक भाग लेंगे। रिहर्सल के दौरान सभी प्रकार की व्यवस्थाओं का जायजा लिया जाएगा और 9वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस से संबंधित सभी इंतजाम समय रहते पूरे किए जाएंगे।

# जीवन मरण ईश्वर के अधीन: डा राकेश

▶▶ माता-पिता का जीवन में बहुत बड़ा सहारा होता है। शास्त्री ने कहा कि जो इस संसार में आता है



**टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा नारनौल**
**जीवन** मरण ये सब ईश्वर के अधीन है जो इस संसार में जो आया है उसे एक दिन संसार से जाना ही पड़ता है। ये शब्द जिला प्रमुख डॉ राकेश कुमार ने सिहमा में एडवोकेट हेमंत शर्मा के पिता बाबूलाल शर्मा के देहांत पर उनके घर शोक सभा में उपस्थित लोगों के बीच कहे।
भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता सत्यव्रत शास्त्री ने शोक संतिप्त परिवार जनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि माता-पिता का जीवन में बहुत बड़ा सहारा होता है। शास्त्री ने कहा कि जो इस संसार में आता है उसे एक दिन इस संसार से जाना ही पड़ता है लेकिन बुजुर्गों के सांये में हमें जो अच्छे संस्कार मिलते हैं वह जीवन भर हमारा मार्गदर्शन करते है।
अधिवक्ता बार एसोसिएशन नारनौल के पूर्व प्रधान यशवंत यादव, भवानी शंकर भारद्वाज एडवोकेट जयकिशन, राजेंद्र, नवीन शर्मा एडवोकेट, पत्रकार पवन शर्मा, इंद्रजीत यादव, मुंडियाखेडा के सरपंच पवन यादव, सागरपुर के सरपंच सूबे सिंह, महेश दीक्षित एडवोकेट , महेंद्र शर्मा अटाली, दिनेश भारद्वाज, हरिकृष्ण, कृष्ण भारद्वाज, श्रीकृष्ण बेवल, प्राचार्य सुधीर यादव, भूप सिंह लहरोदा सहित अनेक लोगों ने घर पहुंचकर बाबूलाल शर्मा को अपनी श्रद्धांजलि दी और शोक व्यक्त किया।

# भाजपा ने किया खाटू श्याम मंदिर में व्यापारी सम्मेलन आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार के 9 साल पूरे होने पर भारतीय जनता पार्टी महा जनसंपर्क अभियान चला रही है। जिसके अंतर्गत भाजपा जहां वोटरों के बीच जाकर केंद्र सरकार की नीतियों और योजनाओं की जानकारी दे रही है तो वहीं व्यापारियों को साधने के लिए व्यापारी सम्मेलन का आयोजन भी कर रही है। इसी कड़ी में शनिवार को जीटी रोड स्थित खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर में भाजपा जिला उत्तर पश्चिम द्वारा व्यापारी सम्मेलन का आयोजन कर केंद्र सरकार की उपलब्धियों को व्यापारियों के साथ साझा किया गया। सम्मेलन में मुख्य वक्ता के रूप में राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी, भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, उत्तर पश्चिमी जिला सांसद हंसराज हंस मौजूद रहे।







मंच संचालन श्याम मोहन अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात वक्ताओं ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने 9 साल के बेमिसाल सेवा काल में भारत के व्यापारियों को महत्वपूर्ण अवसर उपलब्ध कराए हैं। किसी भी राष्ट्र के विकास में व्यवसायियों का महत्वपूर्ण योगदान होता है। व्यवसाई किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ होते हैं। केंद्र सरकार ने अपने 9 साल के सेवाकाल में भारत के व्यापारियों को मजबूत एवं सशक्त बनाने का काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि सेवा सुशासन और गरीब कल्याण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है। केंद्रीय योजनाओं का लाभ दिल्ली के लोगों को मिल रहा है। मोदी की सोच और काम से पूरे विश्व में भारत और भारत वासियों का सम्मान बढ़ा है। ब्रिटेन को पछाड़ भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है।

केंद्र सरकार के 9 वर्ष का कार्यकाल अनेक उपलब्धियों से भरा हुआ। सम्मेलन में भाजपा दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष कर्म सिंह कर्मा, उत्तर पश्चिम जिला अध्यक्ष विनोद शेरावत, कार्यक्रम संयोजक व जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र मित्तल, कार्यक्रम संयोजक व प्रचार मंत्री अरिहंत जैन, निगम पार्षद योगेश राणा, निगम पार्षद जनता देवी, निगम पार्षद जयभगवान अग्रवाल, निगम पार्षद नरेंद्र सोलंकी, पूर्व स्टैंडिंग कमिटी चेयरमैन मोहन भारद्वाज, राष्ट्रीय अध्यक्ष खाटू श्याम दिल्ली धाम मंदिर घनश्याम गुप्ता जावेरी, नरेला मंडल अध्यक्ष अशोक अमरोही, मंत्री पवन खत्री, योगेश शर्मा, बांकनेर मंडल अध्यक्ष दीपक शाह, प्रसिद्ध गौ सेवक राजेंद्र सिंघल, प्रसिद्ध समाजसेवी हेमराज बंसल, एंनडी अरोड़ा, हाजी अब्बास अली, मनोज बंसल, प्रदीप मंगला, रियासत अली, दयानंद वत्स सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।



मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर महाजनसंपर्क अभियान के तहत नरेला के अग्रसेन हॉस्पिटल पहुंचे राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने आम जनमानस को मोदी सरकार की 9 वर्ष की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## बच्चों की तरह करें पेड़-पौधे की रक्षा: डॉ. एम.एल. भास्कर

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**पौधारोपण** केवल वन विभाग का ही कार्य नहीं है। यह हम सभी की भी जिम्मेवारी है कि हम पौधारोपण करें। उक्त बातें डॉक्टर एमएल भास्कर ने कही।



श्री भास्कर ने कहा कि पेड़-पौधे जहां एक ओर हमें छाया देते है, वहीं इनमें हमें फल, फूल व इनसे प्राप्त पत्ते व जड़ों व टहनियों से दवाईयां भी मिलती है। इसलिए सभी पौधारोपण करें और दूसरों को भी पौधारोपण के लिए कहें। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि अपने जन्मदिन व सालगिरह पर एक पौधा अवश्य ही लगाये और उस पौधे की देखरेख भी करें। उन्होंने आगे बताया कि आज हम बड़ी-बड़ी इमारते बनाने के चक्कर में पेड़ काट देते है जो गलत है। हम सभी संकल्प लें कि हम अपने आस-पास अधिक से अधिक पौधे लगाये जिससे की क्षेत्र का वातावरण हरियालीमय नजर आये।



बादली विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले जहांगीरपुरी इलाके में मन की बात सुनते हुए सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब, पूर्व मंडल भाजपा अध्यक्ष टीटूराम व अन्य।

## भजनपुरा: भुवनेश सिंघल ने लोगों में बांटी खाद्य सामग्री





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भजनपुरा** बी ब्लॉक में सांसद मनोज तिवारी के प्रतिनिधि व महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की आंगनवाड़ी कमेटी के सदस्य भुवनेश सिंघल ने फादर्स डे के उपलक्ष्य में अपने सांस्कृतिक राष्ट्रवादी अभियान 'बच्चों आओ, मंत्र सुनाओ, गिफ्ट ले जाओ' के तहत क्षेत्र के बच्चों, महिलाओं व आम लोगों को खाद्यय सामग्री का वितरण किया। सभी खाद्यय सामग्री में रसोई से जुड़े सामान थे जो कि सभी ब्रांडेड प्रॉडक्ट थे। इनमें मुख्य रूप से बच्चों की पसंद के आटा पालक मैगी फेमिली पैक, टमाटर सॉस की बोतल व मसाला मैजिक के पैकेट दिये गये। लगभग तीन सौ से अधिक लोगों को यह सामग्री वितरण की गई। भुवनेश सिघल से बात करने पर उन्होनें बताया कि आज आम आदमी की जिंदगी इतनी भागम-भाग भरी हो गई है कि वो चाहकर भी अपने बच्चों को न तो मंदिर ले जा पा रहा है और न ही उनको धर्म की शिक्षा देने के लिए समय निकाल पा रहा है जिसका परिणाम यह है कि आज देश के बच्चे अपने मूल संस्कारों और सेवा भाव से दूर होने लगे हैं और पाश्चात्य संस्कृति की ओर भागने लगे हैं।

## जहांगीरपुरी में सुरेन्द्र खर्ब ने चलाया महासंपर्क अभियान





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके में सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर महासंपर्क अभियान चलाया। इस मौके पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब के अलावा भाजपा के कई कार्यकर्ता व नेता मौजूद रहे।
इस अवसर पर सिविल लाईन जोन के पूर्व चेयरमैन सुरेन्द्र खर्ब ने बताया कि भाजपा सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर महा जनसंपर्क अभियान चलाया गया है और लोगों को भाजपा सरकार के द्वारा किये गये कार्यों का पम्पलेट भी बांटा गया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में विकास कर-के दिखाया है। यही कारण है लोग भाजपा के कार्यों व नीतियों से काफी ज्यादा खुश है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



बादली विधानसभा क्षेत्र के विधायक अजेश यादव के मार्गदर्शन में निगम पार्षद अजीत यादव के द्वारा हाउस टैक्स शिविर भलस्वा गांव की यादव चौपाल पर लगाया गया। जिसमे गांव के लोगों ने इस सुविधा का लाभ उठाया। इस मौके पर निगम पार्षद अजीत यादव के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## भाजपा के कार्यों से प्रसन्न हैं देश के लोग: इन्द्रजीत मुखी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आज जो आप देश में विकास देख रहे है, उसका श्रेय केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अच्छी नीतियों और जन कल्याणकारी योजनाओं को ही जाता है। उक्त बातें आजादपुर मंडल भाजपा के महामंत्री इन्द्रजीत मुखी ने कही।
उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास की ओर अग्रसर हो रहे है। उन्होंने बताया कि हम जहां पर भी जाकर लोगों से मिल रहे है, जनता भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है। वह करके दिखाती है। इन्द्रजीत मुखी ने बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है।





केशवपुरम में लगाये गये आधार कार्ड कैंप के दौरान वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल, निगम पार्षद योगेश वर्मा व अन्य।

## संतगढ़ गुरुद्वारा में गुरमत कैंप का आयोजन

### बीबी रणजीत कौर ने भाग लेने वाले बच्चों और टीचर्स को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**संत** गढ़ गुरूद्वारा कमेटी के द्वारा बच्चों की गर्मी की छुट्टियों में गुरमत कैंप बीबी रणजीत कौर के सहयोग से लगाया गया। इस मौके पर बीबी रणजीत कौर ने पहुंचकर बच्चों और टीचर्स को सम्मानित किया।
बीबी रणजीत कौर ने बताया की कैंप में बच्चों को गुरमत इतिहास, कीर्तन, पाठ और गतका की सिखलाई दी गई जिसमे बच्चों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। उन्होंने बताया कि बच्चों के लिए किताबे और पंजाबी के कैदे शिरोमणि कमेटी के द्वारा भेजे गए थे। उन्होंने बताया की संत गढ़ गुरूद्वारा साहिब की कमेटी के साथ साथ मनमोहन कौर, अरविंदर कौर, दविंदर कौर, जतिंदर कौर, दविंदर कौर चोपड़ा, परमजीत कौर, रणजीत कौर, रविंद्र कौर रज्जी, रविंद्र कौर नैंसी, कवलजीत कौर, सरबजीत कौर आदि का पूर्ण सहयोग मिला जिसके चलते कैंप का सफल आयोजन हो सका।



## स्मृति ने लोगों को भाजपा की नीतियों से करवाया अवगत

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्रीय** मंत्री स्मृति ईरानी, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और सांसद प्रवेश साहिब सिंह ने पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की सेवा में 9 सफल वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित किया और कहा की मोदी सरकार के नौ वर्ष देश के इतिहासके स्वर्णिम 9 वर्ष हैं।
सभा में प्रदेश उपाध्यक्ष राजीव बब्बर, प्रदेश प्रवक्ता वीरेन्द्र बब्बर, जिला अध्यक्ष सचिन भसीन एवं रमेश शोखंदा, पूर्व विधायक राजेश गहलोट, नगर निगम स्थायी समिति सदस्य कमलजीत सहरावत, प्रदेश मंत्री सुनीता कांगड़ा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि साल 2013 में जयघोष के साथ देश ने यह संकल्प लिया था कि एक गांव में जन्मा बेटा जनता के आशीर्वाद से देश का प्रधानमंत्री बनकर देश का नया इतिहास लिखेगा। 'कांग्रेस की चमचमाती हैसियत देखो इनके सामने कोई चायवाला प्रधानमंत्री नहीं बन सकता' कांग्रेस पार्टी के इस घमंड को भारत की जनता ने उसी चायवाले को प्रधानमंत्री बनाकर तोड़ा और जनता के इसी प्रेम ने राष्ट्र के सम्मुख प्रधानमंत्री जी को 9 साल प्रधान सेवक के रुप में सेवा करने का मौका दिया।



# 'बीजेपी-जेजेपी ने पानीपत को पिछड़ेपन की खाई में धकेला'

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**औद्योगिक नगरी** पानीपत और विकास में अग्रणी हरियाणा को बीजेपी-जेजेपी सरकार ने पिछड़ेपन की खाई में धकेल दिया है। लेकिन, अब इस सरकार को उखाड़ फेंकने व पानीपत समेत पूरे हरियाणा को फिर से प्रगति के रास्ते पर लेकर जाने का समय आ गया है। ये कहना है पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा का। हुड्डा आज पूर्व विधायक बुल्ले शाह द्वारा आयोजित जन मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। कार्यक्रम में पहुंचने पर ढोल-नगाड़ों व नाच-गाने के साथ हुड्डा का भव्य स्वागत किया गया। उनके स्वागत में आसमान से फूल बरसाए गए। पूरा शहर मानो कांग्रेसमय हो गया। इस मौके पर पार्टी प्रदेश अध्यक्ष



चौधरी उदयभान और सांसद दीपेन्द्र हुड्डा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम स्थल पर हजारों की तादाद में मौजूद लोगों में जबरदस्त जोश और उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में पानीपत के तमाम गणमान्य व्यक्ति, उद्योगपति, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधिमंडल, पार्टी के वरिष्ठ नेता व मुख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। हुड्डा ने सभी के साथ कई घंटे का वक्त बिताया। आपसी संवाद में उन्होंने पानीपत समेत प्रदेश की मौजूदा परिस्थितियों, समस्याओं, जन अभिलाषाओं, सुझावों और भविष्य की नीतियों के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि हरियाणा में फिलहाल चुनावी औपचारिकता बाकी है। प्रदेश की जनता कांग्रेस की सरकार बनाने का मन बना चुकी है। इसलिए भविष्य में जनता को कल्याणकारी सरकार देने के मकसद से कांग्रेस द्वारा लगातार जन मिलन कार्यक्रम किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों के जरिए पार्टी को जनता का मन टटोलने का अवसर प्राप्त होता है और उनकी मांगों के बारे में गहराई से जानकारी प्राप्त होती है। जनता से संवाद के आधार पर ही भविष्य में कांग्रेस अपना घोषणापत्र और सरकार की नीतियों को निर्धारित करेगी। कार्यक्रम से पहले हुड्डा ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान के साथ पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने हरियाणा को बेरोजगारी, अपराध और महंगाई में नंबर वन बना दिया है। बाकायदा सरकारी रिपोर्ट और आंकड़े इसकी तस्दीक करते हैं। जबकि कांग्रेस कार्यकाल के दौरान हरियाणा विकास में नंबर वन राज्य था। कांग्रेस का लक्ष्य हरियाणा को फिर से देश का नंबर वन प्रदेश बनाना है। इसके लिए बुजुर्गों को ?6000 पेंशन, कर्मचारियों को ओल्ड पेंशन, गरीबों को 100-100 गज के मुफ्त प्लॉट, ?500 में गैस सिलेंडर और सभी खाली पड़े 2 लाख सरकारी पदों पर भर्ती करने जैसी तमाम घोषणाओं को पूरा किया जाएगा। हुड्डा ने कहा कि बीजेपी-जेजेपी स्वास्थ्य, शिक्षा से लेकर किसानी तक हर क्षेत्र में विफल साबित हुई है। सरकार ने विश्वविद्यालयों को ग्रांट देने से इंकार कर दिया, जिसकी वजह से अब विश्वविद्यालय अपनी फीस में बढ़ोतरी कर रहे हैं। यानी धीरे-धीरे गरीब व मध्यम वर्गीय परिवारों के बच्चे शिक्षा से वंचित हो जाएंगे। स्वास्थ्य क्षेत्र की हालत ऐसी है कि अस्पतालों में डाक्टर और स्टाफ तक नहीं है। किसानों की बात की जाए तो सरकार ने उनकी आमदनी की बजाय लागत को दोगुना कर दिया। कांग्रेस कार्यकाल के दौरान किसान के खाद, बीज, दवाई से लेकर खेती उपकरण समेत तमाम चीजें टैक्स फ्री थीं। डीजल के ऊपर वैट बीजेपी के मुकाबले आधा था। लेकिन बीजेपी ने खेती-बाड़ी की तमाम चीजों पर 28% तक जीएसटी लगाकर किसानों पर लागत का अतिरिक्त बोझ डाल दिया। चौधरी उदयभान ने कहा कि मौजूदा सरकार ने पूरे कार्यकाल में घोटालों के अलावा कुछ नहीं किया। सबसे ज्यादा घोटाले जेजेपी के विभागों में हुए हैं। यही वजह है कि जेजेपी किसी भी सूरत में बीजेपी से समर्थन वापस नहीं लेगी। लेकिन प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार में डूबी इस सरकार को उखाड़कर फेंकने के लिए तैयार है। इसबार जेजेपी का पूरी तरह सफाया और बीजेपी का सिंगल डिजिट में सिमटना तय है। जन मिलन समारोह के दौरान पेट्रोल पंप एसोसिएशन, संयुक्त व्यापार मंडल, ज्वेलर्स एसोसिएशन, राउटर एसोसिएशन, ब्लैंकेट एसोसिएशन, हैंडलूम एसोसिएशन, पंजाबी नवनिर्माण सभा, चैंबर ऑफ कॉमर्स, दशहरा कमेटी, सनातन धर्म संगठन, निर्वाण कुटिया पानीपत, सब्जी मंडी फट्टा एसोसिएशन, ऑटो यूनियन, प्रॉपर्टी डीलर एसोसिएशन, एक्सपोर्ट एसोसिएशन, ढाबा एसोसिएशन, बैंकट एसोसिएशन, मुस्लिम समाज समेत करीब 50 विभिन्न संगठनों सेक्टर व कॉलोनी की एसोसिएशन व समाज के प्रतिनिधियों ने हुड्डा से मुलाकात की।

## संक्षिप्त खबरें

### जेईई एडवांस में फरीदाबाद के नमन गोयल ने ने हासिल किया 33वां स्थान



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )**। जेईई एडवांस के परिणाम में जिले के छात्र नमन गोयल ने अखिल भारतीय स्तर पर 33वां स्थान प्राप्त किया है। सेक्टर सात में रहने वाले नमन गोयल की रुचि ब्लैक होल के रहस्यों के बारे में रहती है। फ्री समय में वह खेलने या टीवी देखने की बजाय ब्लैक होल से संबंधित पुस्तकों को पढ़ते हैं। स्कूल को छोड़कर गली-मोहल्ले में कोई मित्र नहीं है। इनके पिता नवीन गोयल ने बताया कि वह फिजिक्स में रिसर्च के क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं। वह राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं में टाप-2 स्थान पर आ चुके हैं। कोटा स्थित एक इंस्टीट्यूट की आनलाइन कक्षाओं के जरिये इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं। इनकी मां दीप्ती गोयल एमएससी केमिस्ट्री और बीएड है। इनकी बेहतर तैयारी में वह भी काफी सहयोग करती हैं।

### जीवन का असली मकसद गरीब लोगों की मदद के साथ गौ सेवा करना: देवेंद्र कादियान

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर**। देवा सोशल वेलफेयर सोसायटी गन्नौर द्वारा सांदल कलां गांव स्थित श्री राधा कृष्ण गोपाल आदर्श गौशाला में मुफ्त एंबुलेंस सेवा समर्पित करने पर रविवार को गौशाला समिति की तरफ से सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सोसायटी के ससंस्थापक एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान का फूलमाला व पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया गया। समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने कहा कि उसके जीवन का असली मकसद गरीब लोगों की मदद के साथ गौ सेवा करना है। उसने कोरोना काल के हालातों को देखकर महसूस किया है। गरीब लोगों को एंबुलेंस सेवा तक नहीं मिल रही थी, उसने ठान लिया था कि अपने हलके की जनता के लिए निशुल्क एंबुलेंस सेवा देंगे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में 10 मुफ्त एंबुलेंस निरंतर 24 घंटे सेवाएं दे रही है, एक कॉल करने पर मरीज के पास एंबुलेंस कुछ ही समय में पहुंच जाती है। समय पर इलाज मिलने से मरीज ठीक हो रहे है, इतना ही नहीं सड़क दुर्घटनाओं में घायल को भी अस्पताल में पहुंचाकर उन्हें जीवनदान मिल रहा है। कादियान ने कहा कि गौ सेवा करने से मानव जीवन को सुख-शांति और समृद्धि मिलती है। एक मात्र गाय की सेवा करने से ही मन, वाणी, कर्म और शरीर की पवित्रता संभव है। और तो और गौ सेवा से व्यक्ति अपने संपूर्ण कुल की रक्षा कर सकता है, सम्पूर्ण सृष्टि की सुरक्षा केवल गौमाता की रक्षा से ही संभव है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने समय एवं सामर्थ्य के अनुसार गाय की सेवा करनी चाहिए। इस दौरान देवेंद्र कादियान ने गौशाला का निरीक्षण किया और समिति को गोवंशों के चारे के लिए राशि दान की है। इसके लिए कमेटी सदस्यों ने उनका आभार जताया और स्मृति चिन्ह भेंट किया है। इस अवसर पर गौशाला प्रधान प्रेमचंद, उपप्रधान जगदीश, कंवर भान, ईश्वर राठी, बलबीर सिंह, राकेश, जरनैल सिंह, सतबीर, राधेश्याम, प्रताप सिंह, मामन सिंह, जसबीर चटिया प्रधान, हवा सिंह, विरेंद्र, बादल पांची, अशोक, सुंदर लाल, रामनिवास आदि मौजूद रहे।

### हरियाणा में एक मजबूत विकल्प बन रही आम आदमी पार्टी: अनुराग ढांडा

**टीम एक्शन इंडिया**/चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के स्टेट सीनियर वाइस प्रेसिडेंट अनुराग ढांडा रविवार को कालका में पहुंचे। वहां उन्होंने सदस्यता अभियान में हिस्सा लिया। इस दौरान कालका से बीजेपी के पूर्व जिला महामंत्री गुरचरण सिंह आम आदमी पार्टी में शामिल हुए। अनुराग ढांडा ने कहा कि पूरे हरियाणा की जनता पुरानी पार्टियों से परेशान हो चुकी है। इससे पहले कांग्रेस और अब बीजेपी जेजेपी जनता की मेहनत का पैसा लूटने का काम कर रही है। हरियाणा की जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि पुरानी पार्टियों के राजनेताओं ने बस अपने घर भरने का काम किया है। उन्होंने कहा आम आदमी पार्टी एकमात्र पार्टी है जो अपने काम से जानी जाती है। 75 साल में सभी पार्टियों और राजनेताओं ने जनता का पैसा लूटने का काम किया। आम आदमी पार्टी ऐसी पार्टी है जिसने दिल्ली और पंजाब में अपने काम के दम पर पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि बीजेपी चाहे सरकारी एजेंसियों का कितना भी दुरुपयोग करे, सिरसा में गृह मंत्री अमित शाह की रैली से पहले आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं को गिरफ्तार करे।

## श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**पानीपत**। जय मां वैष्णो युवा मंडल पानीपत द्वारा खाटू श्याम बाबा के 251 श्रद्धालुओं को दर्शन करवाने के बाद श्री श्याम मस्ताना धर्मशाला खाटू श्याम में रात्रि संकीर्तन का आयोजन किया गया। जिसका हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर गणेश पूजा करके शुभारंभ किया। मध्य रात्रि तक प्रसिद्ध भजन गायक मनोज पांचाल एण्ड पार्टी एवं साहिल सांवरिया दीपक सावरिया, अशोक बावरा, पुष्पा पांचाल एवं दीक्षा प्रणामी ने शानदार प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## पंचायतों के बिना गांवों का विकास संभव नहीं है: रावत

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**। पृथला विधानसभा क्षेत्र के विधायक नयनपाल रावत ने कहा है कि पंचायतों के बिना गांवों का विकास संभव नहीं है, इसलिए सरपंचों को 15 से 20 लाख रूपए की राशि सरकार द्वारा आवंटित की जाए, जिससे कि वह गांवों के छोटे मोटे विकास कार्य सम्पन्न करवा सके, जबकि इससे ऊपर की राशि के कार्य ई-ट्रेडिंग के माध्यम से करवाए जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सरपंचों को पांच लाख रूपए की राशि विकास कार्यो के लिए दी है, लेकिन इसे बढ़ाकर 15-20 लाख रूपए किया जाना चाहिए ताकि गांवों में



सरपंच अपने हिसाब से विकास कार्य करवा सके। उन्होंने कहा कि पंचायतों के चुनाव ढाई साल लेट हुए है, ऐसे में विकास कार्य करवाने के लिए एक साल बचा है, ऐसे में रूके हुए कार्यो को जल्द से जल्द पूरा करवाना होगा। श्री रावत गांव चंदावली स्थित अपने कार्यालय में विभिन्न गांवों से आए पंच-सरपंचों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पृथला क्षेत्र के विभिन्न गांवों के पंच-सरपंचों ने विकास कार्यो की लिमिट बढ़वाने, फैमिली आईडी में करेक्शन करवाने, पेंशन आदि जनहित के मुद्दे विधानसभा में मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा हरियाणा प्रभारी बिप्लब देव के समक्ष उठाने पर उनका आभार जताया। विधायक नयनपाल रावत ने कहा कि गांवों में कुछ ऐसे काम होते है जो केवल सरपंच ही करवा सकते है इसलिए सरकार को सरपंचों को 15-20 लाख रूपए की राशि उनके सीधे खाते में देनी चाहिए और जीरो टोलरेंस नीति के तहत एक-एक रूपए का हिसाब भी रखा जाना चाहिए। श्री रावत ने कहा कि उन्होंने पिछले दिनों विधानसभा में, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल तथा प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव से मिलकर भी इन सभी मुद्दों को प्रमुखता से उठाया था और इस मामले में भाजपा, जजपा के विधायक भी अपनी सहमति जता चुके है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के सभी गांवों के सरपंचों से विकास कार्यो को लेकर विचार विमर्श किया गया है और रूके हुए विकास कार्य तथा अन्य विकास कार्यो के लिए एस्टीमेट बनवाने के लिए उन्हें कहा गया है ताकि समय पर विकास कार्यो के लिए राशि को मंजूरी दिलवाई जा सके। इस मौके पर शाहपुर कलां के सरपंच प्रेम कौशिक, सुनपेड के सरपंच गजेंद्र रावत, मौजपुर सरपंच प्रतिनिधि उमराव, प्रहलादपुर माजरा सरपंच प्रतिनिधि देशराज, दयालपुर सरपंच प्रतिनिधि गुल्लू, सागरपुर प्रवीन, लढौली संजय रावत सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## आप कार्यकर्ताओं को नजरबंद करने पर जवाब दें सीएम खट्टर: अशोक तंवर

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़
आप आदमी पार्टी के प्रदेश प्रचार समिति के अध्यक्ष डॉ अशोक तंवर ने रविवार को सिरसा में अमित शाह की रैली से पहले आम आदमी पार्टी के नेताओं को गिरफ्तार करने पर सीएम खट्टर को घेरा। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं को इस तरह गिरफ्तार करना खट्टर सरकार की तानाशाही को दशार्ता है। इससे पहले भी सिरसा में ऐसे कार्यक्रम होते रहे हैं, जिसमें प्रधानमंत्री मोदी, रक्षामंत्री, गृहमंत्री और मुख्यमंत्री आते रहे हैं। लेकिन ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि विपक्षी पार्टियों



के नेताओं को गिरफ्तार या नजरबंद किया गया हो। सीएम खट्टर आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं को नजरबंद करने पर जवाब दें। उन्होंने कहा कि पांच लेयर सुरक्षा व्यवस्था होने के बावजूद भी आम आदमी पार्टी के कार्यकताओं को गिरफ्तार किया गया। खट्टर सरकार को ऐसा कौन सा डर सता रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में विरोध प्रदर्शन करना देश की जनता का अधिकार है। खट्टर सरकार सरेआम कानून की धज्जियां उड़ाने में लगी हुई है। विपक्षी पार्टियों को लाठी डंडों के डर से दबाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सिरसा दौरे को लेकर भाजपा और देश के गृह मंत्री अमित शाह को आम आदमी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से इतना खतरा महसूस हो रहा है।

## सड़क नहीं बनी तो मुख्यमंत्री रैली का होगा बहिष्कार

**फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**। ग्रामीण क्षेत्र की जर्जर सड़कों को लेकर गांव भनकपुर के मंदिर हाल में कृपाल सिंह रावत की अध्यक्षता में पंचायत हुई। जिसमें आसपास के 20 गांव से लोगों ने भाग लिया। इस दौरान पंचायत में सर्व समिति से सड़क बनाने का काम शुरू न होने पर 25 जून को होने वाली मुख्यमंत्री की रैली का बहिष्कार करने का फैसला लिया गया। गौरतलब है कि राष्ट्रीय राजमार्ग को गांव सीकरी से भनकपुर, सिकरोना, फतेहपुर तगा, धौज को जोडने वाली सड़क की जर्जर हालत बनी हुई है।

## अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर ही बढ़ते प्रदूषा को रोका जा सकता है



**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव)**। बडखल विधानसभा क्षेत्र के जजपा नेता अजय भड़ाना, दयालबाग चौकी इंचार्ज तरुण चौहान तथा रेजिडेंट वेलफेयर एसो. दयालबाग के पदाधिकारियों ने रविवार को दयालबाग कालोनी तथा सेक्टर-39 में सड़क किनारे पौधारोपण किया। इस दौरान बड़, नीम, पापड़ी, पीपल आदि विभिन्न प्रकार के अनेकों पौधे रोपे गए और इन पौधों की पेड़ बनने तक देखभाल करने का भी संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जजपा नेता अजय भड़ाना ने कहा कि मौजूदा समय में बढ़ते प्रदूषण से कई प्रकार की बीमारियां पनपने लगी है, ऐसे में इस प्रदूषण को अधिक से अधिक पेड़-पौधे लगाकर ही रोका जा सकता है, इसलिए शहर के हर नागरिक का दायित्व बनता है कि वह शहर को हरा-भरा बनाने में अपना योगदान दें और अधिक से अधिक पौधारोपण करें। श्री भड़ाना ने इस कार्यक्रम में पहुंचने पर चौकी इंचार्ज तरुण चौहान का आभार जताते हुए कहा कि जन-जागरूकता के माध्यम से ही हम बढ़ते प्रदूषण की रोकथाम कर सकते है और यह सभी का दायित्व भी बनता है। वहीं दयालबाग चौकी इंचार्ज तरुण चौहान ने भी पौधरोपण करते हुए इस कार्य की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा कि पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने के लिए हमें पेड़-पौधे लगाते रहने चाहिए और अब जब मानसून का मौसम आने वाला है, ऐसे में जितने अधिक पौधे रोपे जा सकते है, वह लगाए ताकि बरसात के मौसम में वह अच्छी तरह पनप सके। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन भी समय-समय पर इस प्रकार के जनहित के कार्यो में बढ़चढकर हिस्सा लेता रहता है और अपने स्तर पर भी थाने-चौकियों में पौधारोपण किया जाता रहता है। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने कहा कि वह समय-समय पर पौधरोपण अभियान के तहत पौधे लगाते है और उनकी देखरेख करते है।

## जया शर्मा बनी महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष

### नवनियुक्त महिला जिलाध्यक्ष का हुआ जगह-जगह स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया /फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव )**। कांग्रेस की वरिष्ठ महिला नेत्री जया शर्मा को फरीदाबाद महिला कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति हरियाणा महिला कांग्रेस की अध्यक्ष श्रीमती सुधा भारद्वाज द्वारा की गई है। अपनी नियुक्ति पर जया शर्मा ने कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीता डिसूजा, हरियाणा प्रभारी ओनिका मल्होत्रा, प्रदेशाध्यक्ष सुधा भारद्वाज सहित कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी उन्हें सौंपीं गई है, उसे वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाएंगी और जिले में महिला संगठन को



मजबूत करते हुए मेहनतकश कार्यकताओं को पार्टी से जोड़ का काम करेगी। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद की छह विधानसभा क्षेत्रों में वह जल्द ही दौरा करके नया महिला कांग्रेस संगठन खड़ा करेगी, जिसमें मेहनतकश और कर्मठ महिला कांग्रेस कार्यकताओं को शामिल किया जाएगा वहीं जल्द ही जिले की नई महिला कार्यकारिणी भी गठित की जाएगी। वहीं जया शर्मा की नियुक्ति से जिले की महिला कांग्रेस कार्यकताओं में हर्ष का माहौल है और कांग्रेस महिला कार्यकताओं ने नवनियुक्त महिला जिलाध्यक्ष जया शर्मा का आज जगह-जगह फूल मालाओं से स्वागत किया और उन्हें आगे बढने के लिए प्रोत्साहन देने का भरोसा दिलाया।

महिला कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए जया शर्मा ने कहा कि आज केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता त्रस्त आ चुकी है, खासकर महंगाई और भ्रष्टाचार ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है, महिला कांग्रेस जल्द ही सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करके भाजपा सरकार का असली चेहरा जनता के समक्ष उजागर करने का काम करेगी।

## संसार में रक्तदान होता है सबसे महादान : नगेंद्र भड़ाना

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव** भारती चैरिटेबल ट्रस्ट व नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के तत्वाधान में आज प्याली चौक स्थित जाट संस्था धर्मशाला में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लगभग 38 रक्तवीरों ने रक्तदान किया। शिविर में डिवाईन चैरिटेबल ट्रस्ट की टीम द्वारा सहयोग दिया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक नीरज शर्मा द्वारा किया गया। वहीं समापन पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना ने किया। इस अवसर पर डा. धर्मेन्द्र सिंह नांदल, यशपाल शर्मा, एडवोकेट संदीप सेठी, मनीष शर्मा ने आए हुए अतिथियों का फूल-माला पहनाकर व बुक्के देकर तथा स्मृति



चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उपस्थित रक्तवीरों को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता नगेंद्र भड़ाना ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष में कम से कम तीन बार अवश्य रक्तदान करना चाहिए। आपके द्वारा दिए गए खून का एक-एक कतरा जरूरतमंद व्यक्ति के काम आता है। पूर्व विधायक नगेन्द्र भड़ाना ने कहा कि उन्हें बहुत खुशी है कि हरियाणा में फरीदाबाद जिले के वासी रक्तदान करने में सबसे आगे है। एनआईटी विधानसभा क्षेत्र में सबसे अधिक रक्तदान शिविर लगाए जाते है। इस अवसर पर रक्तवीरों की हौंसला अफजाई करने वालों में जिला रैडक्रास सोसायटी के सचिव बिजेन्द्र सौरोत, सदस्य विमल खण्डेलवाल, जाट संस्था के प्रधान आजाद सांगवान, दुर्गेश शर्मा, पूर्व डिप्टी मेयर राजेन्द्र भामला, डा. आजाद कौशिक, वरिष्ठ समाजसेवी अमरीक सिंह कश्यप, पूनम सिनसिनवार, जगजीत कौर पन्नू, एडवोकेट राजेश गुप्ता, डा. विंध्या गुप्ता, चौ. सोनू अहलावत, हरीश चौधरी, एडवोकेट मनमीत कौर, हरजिन्दर मेंहदीरत्ता, कुलदीप लाम्बा, प्रधान मामचंद भड़ाना, शिक्षाविद् आदेश यादव, लाखन सिंह लोधी, प्रदीप गुप्ता, दशरथ चौरसिया, सचिन तंवर, संजीव कुशवाहा, वीरभद्र, एडवोकेट दीपक गेरा, एडवोकेट विजय शर्मा, एडवोकेट डी.के. चौबे, एडवोकेट अमित कुमार, सुनील यादव, अजय वर्मा, जयकुमार गोला, सुरेश सिंह, डालचंद सारन, महावीर खण्डेलवाल, सरदार मनजीत सिंह, तरूण गौर, मिथलेश मिश्रा, हन्नी बक्शी, सूरज कौशिक, अवधेश ओझा, कुलदीप सिंह, प्रशांत मेहता, साहिल अली, प्रवीण बाकुंरा, ऊषा बाकुंरा, नैन्सी मिश्रा, सुदामा, संतोष बृजवासी, विजय दहिया, जितेन्द्र यादव, डा. मदनपाल रावत, चमनलाल, नरेश शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, डालचंद भोले, विनोद भाटी, गोपाल शर्मा, डा. सुदेश मोर, डा. जितेन्द्र, किशन बांगा शामिल थे।

## खुले सीवर मेन हॉल में गिरने से हुई पांच वर्षीय बच्चे की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद(हरपाल सिंह यादव)**। सेक्टर- 59 औद्योगिक क्षेत्र स्थित खुले सीवर के मैनहोल में गिरकर पांच साल के बच्चे की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि मासूम बच्चा खेलते-खेलते सीवर के मेन हॉल में गिर गया, जब बच्चे की चप्पलें मेनहॉल में तैरती हुई नजर आई, जब बच्चे को मेनहॉल से बाहर निकाला गया, परंतु तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इस घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है और उन्होंने यहां स्थित एक कंपनी पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है, फिलहाल बच्चे के शव



को पोस्टमार्टम के लिए जिला सिविल अस्पताल भिजवा दिया गया है। जानकारी के अनुसार सेक्टर-59 औद्योगिक क्षेत्र में सविता नामक महिला के पति की चाय का खोखा है। शनिवार सायं सविता अपने पति की मदद करने के लिए अपने घर से अपने बच्चे पांच वर्षीय आनंद के साथ खोखे पर आई थी। यहां प्रशासन द्वारा रोड पर खुदाई का काम चल रहा है, जिसके चलते एक तरफ की सड़क बंद है, जबकि दूसरी तरफ से आवाजाही जारी है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Fro- t Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ करनाल ▸ 19 जून 2023 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# 'पब्लिक का नेताओं से विश्वास उठ रहा'

## लखनऊ में रक्षामंत्री ने कहा- नेता 'न' और ब्यूरोक्रेट्स 'हां' कहना सीख जाए तो देश का कल्याण हो जाएगा

### रैलियां होंगी जोरदार

जिस दिन इस देश का नेता 'न' कहना और ब्यूरोक्रेसी 'हां' कहना सीख जाएगी, उस दिन देश का कल्याण हो जाएगा





**टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ**
**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह लखनऊ दौरे पर हैं। रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक कार्यक्रम को संबोधित किया। राजनाथ सिंह ने कहा, "आम तौर पर जनता में यह धारणा है कि ब्यूरोक्रेट्स उस तरह से जनता के साथ पेश नहीं आते, जिस तरह से उन्हें पेश आना चाहिए। जिस दिन इस देश का नेता 'न' कहना और ब्यूरोक्रेसी 'हां' कहना सीख जाएगी, उस दिन देश का कल्याण हो जाएगा। आईएएस होने का अहंकार मन में नहीं आना चाहिए। अहंकार से वह अपने कद को छोटा करता है।" रक्षामंत्री ने कहा, "नेता हर बात के लिए हां कह रहे हैं, यहां तक कि उन चीजों के लिए भी जो वे नहीं कर सकते हैं। इससे जनता का राजनेताओं पर से विश्वास उठ रहा है और भारत की राजनीति में विश्वसनीयता का संकट पैदा हो रहा है। मैंने राजनीतिक जीवन में कभी अहंकार नहीं पाला, जिस दिन व्यक्ति के अंदर अहंकार आ जाता है। उसी दिन से उसका पतन शुरू हो जाता है। इसलिए कभी मन में अहंकार नहीं आना चाहिए।" रविवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में ध्येय फाउंडेशन के कार्यक्रम रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पहुंचे और सिविल सेवा में सिलेक्ट कैंडिडेट को सम्मानित किया।

### "डिफेंस कॉरिडोर में सिर्फ 'नट-बोल्ट' नहीं, ब्रह्मोस-ड्रोन भी बनेंगे": राजनाथ

**"डिफेंस कॉरिडोर में सिर्फ 'नट-बोल्ट' नहीं, ब्रह्मोस-ड्रोन भी बनेंगे": राजनाथ**
लखनऊ में राजनाथ सिंह ने कहा कि यूपी के डिफेंस कॉरिडोर में सिर्फ नट और बोल्ट नहीं, बल्कि ब्रह्मोस-ड्रोन भी बनाया जाएगा। यहां केवल नट-बोल्ट या कलपुर्जों का विनिर्माण नहीं किया जाएगा, बल्कि ड्रोन/ यूएवी, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं, विमान और ब्रह्मोस मिसाइलों के भी विनिर्माण और उन्हें तैयार करने का काम किया जाएगा।"

**ब्यूरोक्रेट्स जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्य करें:** रक्षामंत्री ने कहा, "छात्र जीवन से ही राजनीति का कीड़ा कुरेदता था। 23 साल की उम्र में जेल गया, वह इमरजेंसी का दौर था। ब्यूरोक्रेट्स को पद पर रहते हुए इस बात का भी ध्यान रखना है कि आप किसी जनप्रतिनिधि द्वारा सुझाए गए किसी भी अच्छी बात को ध्यान से सुने और यदि उचित हो तो उसे अमल में भी लाएं। अपनी जनता से संबंधित मुद्दों को तो जनप्रतिनिधि आपके सामने उठाएगा ही। इसलिए ब्यूरोक्रेट्स को अपने क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर कार्य करना होगा।"

# बलिया: गर्मी के कहर के बीच 54 मौतों से स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप



**टीम एक्शन इंडिया/बलिया**
**भीषण ग**र्मी व लू के प्रकोप से जिले में लोग बेहाल हैं। इस बीच लोगों की मौतों का आंकड़ा बढ़कर पचास से अधिक जा पहुंचा है। जिला अस्पताल समेत सभी सीएचसी व पीएचसी को अलर्ट कर दिया गया है। जबकि हीट वेव से मौत होने को लेकर दिए बयान पर सीएमएस को उनके पद से हटा दिया गया है। जिले में गर्मी का पारा सातवें आसमान पर है। गर्म हवाओं के थपेड़ों से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सुबह ग्यारह बजे से ही सड़कों पर कर्फ्यू सा माहौल बन जा रहा है। रविवार को भी जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों में से कई लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में अधिकांश वृद्ध हैं। सांस लेने में तकलीफ के बाद लोग अस्पताल पहुंच रहे हैं। बीते तीन दिनों में मरने वालों की संख्या डरावनी है। नए सीएमएस डा. एसके यादव के मुताबिक 15 जून को 154 मरीज भर्ती हुए थे। जिसमें विभिन्न कारणों से 23 की मौत हो गई थी। 16 जून को 137 मरीज भर्ती हुए थे। जिनमें से 20 की मौत हुई थी। जबकि 17 जून को 11 मौतें हुई थीं। सीएमएस के अनुसार इन मौतों की वजह अलग-अलग कारण हैं। जिसमें ज्यातर वयोवृद्ध हैं। बुखार, डायबिटीज, ब्लड प्रेशर व सांस फूलने के भी मरीज हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी में जब तापमान 45-46 डिग्री रहता है तो लू लगने की संभावना बढ़ जाती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। ताकि हर मरीज को सेवा प्राप्त हो सके। उधर, हीट वेव के मद्देनजर जिले में 18 जून तक येलो अलर्ट जारी किया गया है। जबकि अचानक जिले में हो रही मौतों की वजह लू है या कुछ और, इसकी जांच के लिए शासन के निर्देश पर निदेशक स्तर के दो अधिकारी रविवार को जिले में पहुंच कर जांच शुरू कर दिए हैं।

# 'आज भारतीय सेना गोली का जवाब गोले से देती है'



**टीम एक्शन इंडिया/मऊ**
**भारतीय** जनता पार्टी की सरकार के केंद्र में 9 वर्ष पूर्ण होने पर जनपद मऊ में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और बसपा का तो पता ही नहीं और सपा को साधते हुए कहा कि यह किसी के चाचा की सरकार नहीं बल्कि दलित, शोषित, वंचित और गरीब जनता की सरकार है। उन्होंने कहा कि जब भी केंद्र के बारे में बात होती है तो उत्तर प्रदेश की जनता के मन में विकास और सुशासन को लेकर एक ही नाम आता है और वह नाम देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आता है। उन्होंने कहा कि आज यह जनता के सही चुनाव और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की देन है कि भारत आज विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा

### विपक्ष निशाने पर..

यह किसी के चाचा की सरकार नहीं बल्कि दलित, शोषित, वंचित और गरीब जनता की सरकार है

कि, इसके पहले जब हमारे संसद पर हमला हुआ तो देश के पूर्व प्रधानमंत्री उसकी निंदा करते थे, फिर जब सेना पर हमला हुआ तो उन्होंने इसकी कड़ी निंदा की। इसके विपरीत आज मोदी सरकार में भारतीय सेना दुश्मनों को गोली का मुंहतोड़ जवाब गोले से देती है। उन्होंने कहा कि हमारी सेना पहले तो किसी को छेड़ती नहीं लेकिन अगर दुश्मन मुल्क आँख उठाता है तो फिर छोड़ती भी नहीं।

**पीएम मोदी के नेतृत्व में तेजी से आगे बढ़ रहा देश : एके शर्मा:** सभा में मौजूद सूबे के कैबिनेट मंत्री एके शर्मा ने कहा कि पूर्वांचल आज इसलिए पीछे है क्योंकि यहां की जनता अपने सही नेता का चयन नहीं करती।

# उत्तराखंड में 10 सप्ताह चला 'सोल ऑफ स्टील अभियान'



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**केंद्र** सरकार की वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत सैन्य कौशल सिखाकर सीमावर्ती गांवों से पलायन रोकने के मकसद से शुरू किये गए 10 सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया। अपनी तरह का यह पहला अनूठा अभियान उत्तराखंड के गढ़वाल के हिमालयी सीमावर्ती क्षेत्रों में हुआ, जिसमें बचाव कौशल, पर्वतारोहण और अत्यधिक ठंड में स्वयं को बचाये रखने का प्रशिक्षण दिया गया। कॉन्कर लैंड एयर वाटर (सीएलएडब्ल्यू) ग्लोबल के सहयोग और भारतीय सेना के समर्थन से 'सोल ऑफ स्टील अभियान' का उद्घाटन रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने 14 जनवरी को देहरादून में किया था। अपनी तरह का यह पहला अनूठा अभियान गढ़वाल हिमालयी सीमावर्ती क्षेत्रों के इलाके में आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य केंद्र सरकार की वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत सीमावर्ती गांवों से पलायन को रोकने के साथ ही पर्यटन क्षमता को बढ़ाकर लोगों के लिए आय का सृजन करना है। सोल ऑफ स्टील अभियान में उच्च इलाकों में पर्वतारोहण, अत्यधिक ठंड में सरवाईव, मानसिक और शारीरिक कुशलता का अद्वितीय मिश्रण रहा। यह चुनौती एक औसत युवा के लिए सैन्य कौशल सिखाने के रास्ते खोलती है, जो अपनी शारीरिक और मानसिक क्षमताओं को परखना चाहते हैं। अभियान से जुड़ने के लिए 1401 साहसिक खेलों के प्रति उत्साही कुशल एथलीट और सशस्त्र बलों के उम्मीदवार आगे आए, जिसमें 94 महिलाएं भी थीं।

### अनूठा

अपनी तरह का यह पहला अनूठा अभियान उत्तराखंड के गढ़वाल के हिमालयी सीमावर्ती क्षेत्रों में हुआ

# 'बच्चों के लिए क्षेत्रीय भाषा में अच्छे साहित्य की जरूरत है'


**टीम एक्शन इंडिया/देहरादून**
**विधानसभा** अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने रविवार को यमुना कॉलोनी स्थित आवास पर गढ़वाली बाल कहानी संग्रह "दाना सयाणों का किस्सा" और "पिंकी बनी जासूस "का विमोचन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए क्षेत्रीय भाषा में अच्छे साहित्य की जरूरत है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष ऋतु ने "दाना सयाणों का किस्सा" और "पिंकी बनी जासूस "पुस्तक के प्रकाशन पर डॉ. नैथानी को बधाई और शुभकामनाएं दीं। गढ़वाली भाषा में लिखी गई पुस्तक "दाना सयाणों का किस्सा" की तारीफ करते हुए उन्होंने कहा कि भविष्य में भी वे बच्चों के लिए अपनी बोली भाषा में उत्कृष्ट साहित्य का प्रकाशन करती रहेंगी। इस पुस्तक में उत्तराखंड की तैंतीस लोक कथाएं शामिल हैं। "पिंकी बनी जासूस" बाल कहानी संग्रह में बच्चों के लिए विभिन्न विषयों

### जरूरत

'दाना सयाणों का किस्सा" और "पिंकी बनी जासूस "पुस्तक के प्रकाशन पर डॉ. नैथानी को बधाई और शुभकामनाएं दीं

# कंटेनर पलटा, रिसाव हो रहे तेल लूटने की मची होड़

**टीम एक्शन इंडिया/अररिया:** फारबिसगंज-रानीगंज मुख्य मार्ग में हरिपुर के पास रविवार को तेज रफ्तार कंटेनर अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर कर पलट गई। जिसमे गाड़ी चालक को चोट आई, लेकिन कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ लेकिन कंटेनर पलटने के बाद उससे हो रहे तेल के रिसाव को लूटने की ग्रामीणों में होड़ मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण जमा होकर कंटेनर से हो रहे तेल को लूटने लगे। हालांकि तेल किस तरह का है,स्पष्ट पता नहीं चल पाया। सूचना पर परवाहा पुलिस कैंप प्रभारी विश्वमोहन पासवान पुलिस बलों के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को खदेड़कर मौके से भगाया।पुलिस ने कंटेनर चालक को गंभीर अवस्था में चोटिल देख इलाज के लिए उसे फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल भिजवाया।जहां उसका इलाज किया जा रहा है। जानकारी अनुसार रानीगंज की ओर से ट्रक तेल के लेकर जोगबनी की ओर जा रहा था। तभी लुटिया पुल के पास कंटेनर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया।



MARUTi nandan printers

8 COLOUR WEB OFFSET MACHINE

Capacity : 36000 Copies per Hour

16 Broad Sheet Pages in One Go

THE PRINTING HUB COMPLETE CTP UNIT BASYS PRINT




Corporate Office : A-15, G. T. Karnal Road, Industrial Area, Delhi-110033

Phone : +91-9999889104, +91-9250706656, +91-11-47502546

# एक पत्नी को लेकर दो पतियों में हुआ ड्रामा

**झांसी:** मऊरानीपुर कोतवाली क्षेत्र की रानीपुर पुलिस चौकी में एक पत्नी को लेकर दो पतियों का विवाद रविवार को पुलिस के पास पहुंच गया। पुलिस ने महिला को दूसरे पति के साथ भेज कर मामले को शांत कराया। मऊरानीपुर निवासी पिंकी कुशवाहा की शादी करीब पांच वर्ष पूर्व एक विवाह सम्मेलन से जालौन निवासी युवक से हुई थी। पिंकी का आरोप है कि उसका पति नशेबाज और उससे मारपीट करता है। उसे घर से निकाल देता था। एक साल तक वह पति की हरकतों को बर्दाश्त करती रही।

# ज्वैलर हत्याकांड व लूट का खुलासा, चार काबू



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
**पंजाब** पुलिस की गैंगस्टर विरोधी टास्क फोर्स (एजीटीएफ) और मोगा पुलिस ने बिहार पुलिस और केंद्रीय एजेंसियों के सहयोग के साथ चलाए साझे ऑपरेशन में मोगा के ज्वैलर हत्याकांड की गुत्थी सुलझा ली है। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। दरअसल, मोगा में 12 जून, 2023 को पांच लोगों ने एक ज्वैलरी की दुकान के मालिक परमिन्दर सिंह को गोलियों से मौत के घाट उतार दिया था। उसकी दुकान एशिया ज्वैलरज से हथियारों के दम पर सोने के गहने लूट लिए थे। घटनास्थल से फरार होने से पहले आरोपित मृतक परमिन्दर सिंह का लाइसेंसी रिवॉल्वर भी ले गए थे। डीजीपी पंजाब गौरव यादव ने रविवार को यहां बताया कि कत्ल को अंजाम देने वालों में शामिल तीन आरोपितों को बिहार के पटना से और एक अन्य को नांदेड़, महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया है।

### सावधानी बरतें

इसके साथ ही खान पान और दिनचर्या में भी बदलाव लायें

# 'भीषण लू में घर से निकलने से परहेज करें'



**टीम एक्शन इंडिया/कानपुर**
**मानसून का** इंतजार कर रहे लोगों को बिजरपॉय तूफान ने निराश कर दिया और एक सप्ताह बाद बारिश की संभावना बन रही है। इस बीच भीषण गर्मी के साथ लू, हीटवेव में तब्दील हो रही है और लोग मौत के काल में समा रहे हैं। इसको लेकर मौसम विभाग ने एडवाइजरी जारी की है कि धूप में निकलने से परहेज करें। इसके साथ ही खान पान और दिनचर्या में भी बदलाव लायें। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने रविवार को बताया कि कानपुर समेत कई राज्यों में भीषण गर्मी का कहर जारी है। इस गर्मी के चलते लोगों का बुरा हाल है। हर दिन पारा एक नई ऊंचाई पर पहुंच रहा है। इसी के साथ गर्मी में होने वाली बीमारियों ने भी दस्तक दे दी है। गर्मी में धूप और लू के अलावा गंदगी और गलत खान-पान से भी कई लोग बीमार होते हैं। लू लगना या हीट स्ट्रोक ऐसी स्थिति है, जिसका तुरंत इलाज ना कराया जाए तो व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। ऐसे में इस मौसम की मार से बचने के लिए कुछ सावधानियां भी बरतनी पड़ेगी।

**इस तरह करें बचाव:** पहले तो धूप में निकलने से बचें, लेकिन अगर दिन में निकलना जरूरी है तो सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। कोशिश करें कि दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच में घर से बाहर ना निकलें। साथ ही सनबर्न से बचने के लिए छतरी, टोपी और ठंडा पानी साथ लेकर निकलें। जितना ज्यादा हो सके उतना लिक्विड डायट का प्रयोग करें।